


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मौलिक चिंतन का ह्रास करती छाया शिक्षा प्रणाली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 260, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 28 अप्रैल 2024



**आज का मौसम** — 41.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 33 | सूर्यास्त 18 : 39

अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज...18









मनाली : ताजा बर्फबारी के बाद अटल टनल रोहतांग साउथ पोर्टल से होकर गुजरते वाहन। बर्फबारी से रास्ते दुर्गम हो गए हैं। ● एजेंसी

## एक मई को राष्ट्रपति करेंगी रामलला के दर्शन

**अयोध्याः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर आएंगी। वह यहां रामलला का दर्शन-पूजन करेंगी। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई। हालांकि उनके दौरे को लेकर अब तक विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के राष्ट्रपति का यह पहला दौरा होगा। चर्चा यह भी है कि वह हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के साथ मां सरयू की आरती में शामिल हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति के दौरे के आसपास उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी अयोध्या आ सकते हैं। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति एक मई को अयोध्या आएंगी। अभी विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है।

## सैफनी के इमाम की अजमेर की मस्जिद में पीटकर हत्या

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कारी मोहम्मद माहिर की अजमेर की एक मस्जिद में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बताया कि माहिर दो दिन पहले ही अजमेर गया था।

सैफनी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 25 वर्षीय कारी मोहम्मद माहिर पुत्र असलम करीब सात वर्ष से अजमेर के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में रहकर इमामत करते थे। इसके साथ ही वह बच्चों को भी पढ़ाते थे। पिता असलम ने बताया कि



● सात वर्ष से मोहम्मदी मस्जिद में इमामत कर रहा था

शनिवार तड़के तीन बजे अजमेर से फोन आया कि उनके पुत्र माहिर की अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। बताया कि इमाम छात्रों के साथ अपने कमरे में सोए थे। रात को बदमाश लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस गए और साथ में सो रहे बच्चों को डरा-धमका कर कमरे से बाहर निकाल दिया और उनपर हमला कर दिया।

## लैंडिंग गियर में खराबी, दिल्ली वापस लौटा विमान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद जा रहा इंडिगो का एक विमान शनिवार दोपहर को लैंडिंग गियर में खराबी पाए जाने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या 6ई 129 का विमान में लगभग 170 लोग सवार थे।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि विमान का जरूरी निरीक्षण किया जा रहा है, और यात्रियों को एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है। उड़ान भरने के बाद अचानक गियर में खराबी आने से विमान को लौटना पड़ा और उड़ान के लिए आपातकाल घोषित कर दिया गया था।

# पिछड़ी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने जा रही है कांग्रेस : योगी

### अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी की छूट की बात कर रहा विपक्ष

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है। सरकार बनने पर कांग्रेस पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है। पहले आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, अब अगर कहीं सुतली बम भी फटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि मेरा हाथ नहीं है।

वह शनिवार को औरैया में अजीतमल जनता महाविद्यालय में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी करने की भी छूट देने की तैयारी कर रही है। विपक्षियों के मंसूबे अप संस्कृति को हमारी



● आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के नाम पर 6 प्रतिशत हिस्सेदारी दे देगी कांग्रेस

संस्कृति पर जबरदस्ती थोपने का प्रयास करने की तैयारी है। हमे उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देने हैं। एक देश दो विधान नही चलेगे।

योगी ने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालिबानीकरण करना चाहती है? कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए।

### गोमांस पर क्यों चुप हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोमांस मुद्दे पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूछा गोमांस पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी चुप क्यों हैं। क्या उनकी भी सहमति है। वह अपने घोषणा पत्र में लिख रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है, जो शेष समुदाय से अलग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो कभी बैलेट लूटा करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी? 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

**बिजनौर।** क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास शनिवार सुबह वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। बढ़ापुर के मोहल्ला नौमीवाला निवासी गौरव (19) पुत्र अमर सिंह, प्रिंस (18) पुत्र महेन्द्र सिंह और वंश (19) पुत्र नरपाल सिंह गांव नेकपुर में शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। शनिवार सुबह 4 :30 बजे जब बाइक पर सवार होकर तीनों नगीना क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास पहुंचे तो यहां वाहन (छोटा हाथी) से टक्कर हो गई। इस कारण गौरव और प्रिंस की मौके पर मौत हो गई।

### सलमान के घर के बाहर गोलीबारी मामले में मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है।

## जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। गत 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मामले में पूर्व सांसद के खिलाफ जौनपुर के लाइन बाजार थाने में 10 मई 2020 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें 6 मार्च 2024 को 7 साल की सजा सुनाई थी, जिसे रद करने और जमानत की मांग करते हुए सांसद ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।



बहस के दौरान पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। शनिवार को अचानक जब धनंजय सिंह को जौनपुर से हाई सिक्योरिटी बरेली जेल शिफ्ट किया जा रहा था, तभी दोपहर 12 बजे उन्हें जमानत मिलने की सूचना आई।

## सांड का सींग स्कूटी सवार युवक के सीने में आरपार, मौत

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर जा रहे धारचूला निवासी स्कूटी सवार युवक को हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मारी जिसमें उसका सींग युवक के सीने के आरपार हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी वाहन से तुरंत ही डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में स्कूटी पर बैठा उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल है और सरकारी अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार योगेश सिंह (25 वर्ष) पुत्र जगत सिंह निवासी धारचूला अपनी बहन के घर इंद्रानगर प्रथम बिंदुखता आया था। उसके साथ में बैठा युवक पुष्कर सिंह पुत्र जमन सिंह भी योगेश की बहन के पड़ोस में ही रहता है। शुक्रवार देर सायं लगभग साढ़े नौ बजे दोनों युवक स्कूटी से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हल्दूचौड़ में भारतीय स्टेट बैंक के

● हल्दूचौड़ में शुक्रवार की देर रात हुई घटना



● सांड की टक्कर से स्कूटी बेकाबू होकर रपटी दूसरा सवार युवक भी हुआ घायल

सामने पहुंचे तभी सड़क के बीचों-बीच खड़े सांड ने स्कूटी पर बैठे योगेश को टक्कर मारी जिसमें सांड का सींग योगेश के सीने में घुस गया जबकि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व विधायक के पुत्र मुकेश दुम्का ने आनन-फानन में घायल योगेश को निजी वाहन से हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। योगेश की मौत से उसकी बहन के घर और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि स्कूटी सवार सांड की चपेट में आ गए थे। स्कूटी चला रहे युवक की सीने में सांड का सींग घुस गया।

## उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत, 2 घायल

इंफाल, एजेंसी

● मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही।

इस दौरान उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने कहा दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश जारी है।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' वाले गुरुचरण सिंह का अपहरण

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह के लापता होने पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया है। सिंह धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाते थे।



अधिकारियों ने कहा कि यहां पालम क्षेत्र के निवासी 50 वर्षीय अभिनेता की तलाश के लिए कई टीम का गठन किया गया है। वह पांच दिन से लापता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि सिंह को आखिरी बार 22 अप्रैल को दिल्ली हवाई अड्डे के निकट देखा गया था और वह सामान लिए हुए थे।

उनके घर से दिल्ली हवाई अड्डे तक के मार्ग के बारे में और जानकारी एकत्र करने के लिए उनके आवास के नजदीक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## मोदी सुपरमैन नहीं, महंगाई मैन बन गये हैं : प्रियंका

नई दिल्ली/लातूर, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें सुपरमैनकी तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि महंगाई मैन है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस



● बोलीं- केंद्र सरकार के विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े

देश की धरती को सींचा है। वहीं, लातूर जिले के उदगीर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) प्रत्येक कृषि उपकरण पर लगा दिया गया है।

## कसाब को सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार को भाजपा की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की गई जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन को इस बार टिकट नहीं दी । निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।



## अवैध इकाइयों में बन रहा था मादक पदार्थ, सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को राजस्थान और गुजरात में मादक पदार्थ बनाने की तीन अवैध इकाइयों का भंडाफोड़ कर 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। स्वापक नियंत्रण ब्यरो (एनसीबी) के उप महानिदेशक (संचालन) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ बनाने वाली इन अवैध इकाइयों में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए दोनों एजेंसियों द्वारा लगभग तीन महीने की गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी के बाद प्रयोगशालाओं का पता लगाया गया।

## सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने पर फैसला करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएमए,




● प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा

आईएनए और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता का प्रतिवेदन अब भी अधिकारियों के पास लंबित होने के मद्देनजर, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के निर्देश के साथ रिट याचिका का निस्तारण किया जाता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है।

# बच्चों को छोटे कमरों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसते थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### खुलासा : यतीम बता लोगों से जकात की मोटी रकम हड़प रहे थे मदरसा संचालक

**अमृत विचारः** बिहार अररिया जिले से यूपी के सहारनपुर के मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को यतीम बताकर मदरसा संचालक जकात की मोटी रकम हजम कर रह रहे थे। बच्चों को खाने के नाम पर गुणवत्ता विहीन दाल-चावल परोसा जा रहा था।

छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को भेड़ बकारियों की तरह ठूंसा जाता था। इन बातों का खुलासा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी व पूर्व सदस्य संगीता शर्मा के सामने बच्चों ने रो-रोकर कर किया। शनिवार को



लखनऊ में मोहन रोड स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक से बच्चों के संबंध में बात करतीं डॉक्टर शुचिता चतुर्वेदी।



● डबल डेकर बस से बरामद किए थे 97 बच्चे

डॉ. शुचिता व संगीता शर्मा ने मोहन रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रखे गये बच्चों से मुलाकात कर उनकी आपबीती जानी।

डॉ. शुचिता शर्मा के मुताबिक अयोध्या से बालगृह भेजे गये कुल 95 बच्चे हैं। सभी बच्चे बिहार के अररिया जिले के कई गांवों के हैं। सहारनपुर में तौसीख नामक युवक ने मदारूल उलूम रफीकिया और रिजवान ने मदरसा दारे अरकम नाम से नये मदरसे खोले हैं। यह बच्चे इन्हीं दोनों मदरसों में ले जाए जा रहे थे। सभी के परिवार में 8 से दस भाई हैं। इन सभी के अपने-अपने गांवों के सरकारी स्कूलों में भी नाम लिखा है। इस बीच नये खुले मदरसों को चलाने के लिए इनके संचालक वहां पहुंचे। बच्चों के परिजन को झांसे में लेकर धार्मिक पढ़ाई कराने के नाम पर ले आए हैं। बच्चों ने बताया कि मदरसा संचालक उन्हें यतीम बताकर लोगों को जकात के नाम पर रकम हड़पते हैं। बच्चों ने बताया कि उनसे तीन मंजिला मकान पर ईंटें चढ़वाई जातीं थी। छोटे-छोटे कमरों में 15-15 बच्चों को रखा जाता है। गर्मी के दिनों में इन कमरों में पंखे नहीं लगे होते हैं। डा. शुचिता से बच्चों ने कहा कि वह लोग मदरसा में नहीं पढ़ना चाहते हैं, अपने घर जाना चाहते हैं। अयोध्या पुलिस मामले में जांच कर रही है। वह यह भी पता कर रही कि जिन मदरसों में बच्चों को ले जाया जा रहा था, वह मान्यता प्राप्त हैं या नहीं। संचालक भी असली हैं या नकली। डा. शुचिता ने बताया कि आयोग की तरफ से जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सामान्य तो बिल्कुल भी नहीं लग रहा है।

हमारे फर्स्ट वोटर

## मतदान का है रोमांच, गिन रहा हूं दिन



इस बार मैं पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। वोट देने का इतना रोमांच है अब कि मतदान का दिन गिन रहा हूं। मेरी अपने सभी साथियों से अपील है कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान करे। राष्ट्र हित का मुद्दा सबसे ऊपर होना चाहिए। युवाओं को बिना कसी की परवाह किये बिना अपना वोट जरूर डालना चाहिए।
**– अनमोल पांडेय, स्नातक छात्र, सुचित्तागंज बाजार।**

## पहली बार मिला वोट देने का अधिकार



मुझे इस बार पहली बार वोट देने का अधिकार मिला है। इससे गौरव की अनुभूति हो रही है। 20 मई को सबसे पहले जाकर वोट करूंगी और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगी। सभी साथियों से भी अपील है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। एक मजबूत राष्ट्र के लिए एक-एक वोट कीमती है। इससे हम अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुन सकते हैं।
**– शिवानी मिश्रा, स्नातक छात्रा, तहसीनपुर।**

# छुट्टा पशुओं ने निकाली 'पकड़ टीम' की अकड़

## 11 ब्लॉकों में पांच-पांच कर्मचारियों की गठित की गईं थी टीमें, तीन माह में एक भी पशु नहीं पकड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** फसलों और सड़कों पर लोगों के लिए काल बने छुट्टा पशुओं ने धरपकड़ के लिए गठित की गई 'पकड़ टीम' की अकड़ छुट्टा पशुओं ने ही निकाल दी है। सभी 11 ब्लॉकों में पांच-पांच कर्मचारियों की गठित पकड़ टीमें तीन माह में एक भी पशु नहीं पकड़ पाई हैं। हाल यह है कि लगभग रोज छुट्टा पशुओं की वजह से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। वाहन चालकों के लिए ये पशु काल बन रहे हैं तो वहीं किसान संकट झेल रहे हैं। खुद पशुपालन विभाग स्वीकार कर रहा है पशुओं की धरपकड़ धीमी हुई है।



छुट्टा पशुओं की चारागाह बने खेत। अमृत विचार



प्रयागराज हाईवे पर घूमते छुट्टा पशु। अमृत विचार

तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव के कार्यकाल में जिले के सभी 11 ब्लॉकों और आठ निकायों में छुट्टा पशुओं की धरपकड़ के लिए अभियान शुरु किया गया था। शुरुआती दौर में सोहावल, मवई और रुदौली ब्लॉक में खुद सीडीओ ने कमान संभाल 570 से अधिक छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोशालाओं में भेजा

- **शहरी क्षेत्र में 10 और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं 41 गोशालाएं**
- **कितने पशु संरक्षित, विभाग के पास नहीं है आंकड़ा**

था। इसके लिए जिलाधिकारी नीतिश कुमार के निर्देश पर सभी 11 ब्लॉकों में पांच - पांच कर्मचारियों की पकड़ टीम का गठन किया गया था। इसके अलावा सभी आठ निकायों में अधिशासी अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। दिसम्बर तक तो अभियान चला उसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों के चलते थम गया। जनवरी के बाद भी फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में कुल तीन महीने में किसी भी ब्लॉक में एक भी छुट्टा पशु की धरपकड़ नहीं हुई। हैरान कर देने वाली बात यह है कि विभाग को खुद नहीं पता कि नगर क्षेत्र की 10 व ग्रामीण क्षेत्रों की 41 कुल 51 गोशालाओं में कितने छुट्टा पशु वर्तमान में संरक्षित किए गए हैं। गोसाईगंज, बीकापुर, भदरसा, कुमारगंज, कामाख्या धाम, खिरौनी सुच्चितागंज, रुदौली नगर और नगर निगम अयोध्या में भी धरपकड़ ठप है।

### हर दूसरी सड़क दुर्घटना छुट्टा पशुओं के कारण

एक माह में हुईं सड़क दुर्घटनाओं पर ही नजर डाली जाए तो हर दूसरी घटना छुट्टा पशुओं के कारण हुई है। मिल्कीपुर में हाईवे पर बीते सप्ताह छुट्टा पशु से टकराकर एक बाइक सवार की मौत हो गई थी। लखनऊ हाईवे पर हुए दो हादसों में एक की जान गई। 23 दिन पहले रानीबाजार के निकट रेलवे स्टेशन से लौट रहे युवक की मौत का कारण भी छुट्टा पशु रहा। हर दूसरे-तीसरे दिन छुट्टा पशुओं के सामने आ जाने से दुर्घटनाएं सामने आती रहतीं हैं।

> छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए पकड़ टीम बनी हुई है। अभी तक कितने पशु पकड़े गए यह तो रिपोर्ट मंगा कर ही बताया जा सकता है। धरपकड़ अभियान एक सतत कार्य है चलता रहता है। **–डॉ. जगदीश सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।**

## मोदी के आने के बाद कोई भूख से नहीं मरता

**अयोध्या, अमृत विचार:** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा एक मिशन है। वह बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में हाईवे पर स्थित एक होटल प्रागंण में आयोजित बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रह थे। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि सन 2014 के पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और उत्तर प्रदेश में सपा की। देश के अंदर बम फटते थे, कभी श्रीनगर में बम फटता था तो कभी अयोध्या में बम फटता था। ताज होटल में बम फटते थे, काशी में बम फूटते थए। जब बुंदेलखंड में सूखा पड़ता था तो लाखों लोग भूख से मरते थे, आत्महत्या करते थे। मोदी के आने के बाद न तो बम फूटता है और न ही कोई भूख से मरता है। 80 करोड़ लोगों को फ्री में अनाज मिलता है। कहा कि 2014 के पहले प्रदेश में बेटियां घर से नहीं निकल पाती थी। गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार था। अब अयोध्या से हरिद्वार रात में भी जाया जा सकता है।

# देश में हिंदू जागरण का कार्य करेगी विहिप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और विहिप की केंद्रीय समिति एक दिवसीय बैठक शनिवार को ट्रस्ट भवन पर संपन्न हुई। वर्तमान में चल रहे चुनाव और समान नागरिक संहिता सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भवन से बैठक कर निकलते विहिप के पदाधिकारी।

विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि विहिप की दृष्टि से तत्कालीन दो विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। देशभर में लागू सीएए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से अल्पसंख्यक हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख जो भारत में आए हैं उन्हें नागरिकता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए विहिप काम कर रही है। देश भर में हमारे कैंप अनेकों जगह प्रारंभ किए गए हैं, जिसमें हिंदू, जैन, बौद्ध और सिखों का पंजीकरण, नागरिकता प्रदान करने के प्रक्रिया में कार्य किया जा रहा है। देश में चल रहे लोकतंत्र के महापर्व

- **सीएए लागू होने के बाद दूसरे देशों से आए नागरिकों की सुरक्षा का काम कर रही है विहिप**
- **लोस चुनाव व सीएए के मुद्दे पर विहिप की केंद्रीय समिति की बैठक में चर्चा**

चुनाव में विहिप की प्राथमिकता है कि देश की गद्दी पर वही आसीन हो जो हिंदू हितों का निर्धारण करे। हिंदू हित में देश और राष्ट्र का हित है। बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए कहा कि विहिप इसके लिए पूरे देश भर में हिंदू जागरण का कार्य करेगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव और विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपतराय ने कहा कि विहिप के लोग हर महीने में एक बार बैठक के लिए एकत्र होते हैं। विहिप के पदाधिकारीयों की शुक्रवार को दिल्ली में बैठक हुई थी। विहिप राम मंदिर के लिए पिछले 60 वर्षों से कार्य कर रहा है। इससे पूर्व सभी पदाधिकारी ने रामलला का दर्शन किया। बैठक के दौरान विहिप के संरक्षक मंडल सदस्य दिनेश चंद्र, सह महामंत्री बजरंग बांगड़ा, विनायक राव देश पांडे, कोटेश्वर शर्मा, सोलंकी शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चौथे पड़ाव पर 84 कोसी यात्रा का हुआ स्वागत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पौराणिक 84 कोसी परिक्रमा शनिवार सुबह अपने चौथे पड़ाव स्थल गोसाईगंज कस्बे के तमसा तट स्थित महादेवा घाट पर पहुंची। यहां भक्तों का स्वागत रामगंज में चेयरमैन डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल व महादेवा जीर्णोद्धार समिति की अगुवाई में किया गया। हनुमान मंडल का जत्था शुक्रवार शाम को ही यंहा पहुंच गया था और शनिवार की सुबह अगले पड़ाव को रवाना हो गया। महंत गयादास की अगुवाई वाला जत्था शनिवार सुबह पहुंचा। महंत गयादास ने बताया कि परिक्रमा यात्रा अवधपुरी की पूरी परिक्रमा है। इसके करने से 84लाख योनियों में भटकने से मुक्ति मिल जाती है। यहां रात्रि विश्राम के बाद यात्रा अगले पड़ाव स्थल आगागंज टिकरी के लिए रविवार सुबह रवाना होगा। व्यवस्था में जलकल प्रभारी शिवशंकर वर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ. इंद्रजीत वर्मा, विनीत,पवन आदि ने सहयोग किया।

# उत्तर प्रदेश में कानून का राज : स्वतंत्र देव

मिल्कीपुर, अयोध्या

- **जलशक्ति मंत्री बोले- महिलाएं अब रात 12 बजे सारे जेवर पहनकर कहीं आ-जा सकती हैं**
- **मिल्कीपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को करें जागरूक**



बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में कानून का राज है, आज किसी भी मनचले की इतनी हिमाकत नहीं कि बहन-बेटी की तरफ आंख उठाकर देख सके। कोई महिला अगर रात को 12 बजे सोचे कि हमको हरिद्वार जाना है, तो वह अपना सारा जेवर पहन कर जा सकती हैं। ये बातें प्रदेश के जलशक्ति मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहीं। वो दरबारी लाल इंटर कॉलेज कलुआमऊ में मिल्कीपुर के पार्टी कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। उन्हें चुनावी टिप्स दिए।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करे। सरकार की योजनाओं के बारे में बताए। कहा कि जिस लाल चौक पर वंदे मातरम की जय बोलने पर गोलियां चलती थीं। वहां आज देश और दुनिया भर के लोग भय मुक्त होकर घूमने पहुंच रहे हैं।

श्रीनगर में वंदे मातरम बोलने पर सीने पर गोलियां चलाई जाती थीं और मंदिरों में बम फटते थे, लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद एक भी बम नहीं फटा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश ही नहीं विदेशों की भी निगाहें अयोध्या की सीट पर है। प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव अन्य चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह चुनाव राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है। अयोध्या में अभी 10 प्रतिशत विकास हुआ है, 90 प्रतिशत शेष है। यह विकास तभी सम्भव है जब आप लोग मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी कृष्ण शास्त्री, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा सहित सभी बूथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## दीदी पानी पिए तो हम क्यों न खाएं आइसक्रीम

जिले में शनिवार को पारा 42 .5 पहुंच गया। स्कूल से लौट रहीं आर्य कन्या इंटर कॉलेज की एक छात्रा को इतनी प्यास लगी कि कड़ी धूप में एक बोतल पानी गटक गई, फिर बच्चियां कहाँ पीछे रहने वाली थीं, आटो पर बैठे-बैठे बर्फ गोला खरीदा और एक-एक सिप का मजा ले राहत हासिल की। बच्चियों की मुस्कान ने बता दिया कि तपिश के बाद भी स्कूल आने-जाने पीछे हटने वालीं नहीं। ● प्रशांत शेखर

# पहुंचा बच्चों का परिवारीजन, तैयार हो रहे कागजात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मानव तस्करी की आशंका में अरुणाचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों के मामले में बिहार प्रान्त से बच्चों के अभिभावक शनिवार की शाम अयोध्या पहुंच गए। अभिभावक अपने बच्चों की सुपुर्दगी के लिए स्थानीय लोगों की मदद से कागजात तैयार करवाने में जुटे हैं। कागजात तैयार होने के बाद इसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों को जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के बाद शुक्रवार की देर शाम सीडब्ल्यूसी ने लखनऊ भेजवाया था और सभी बच्चों को लखनऊ के राजकीय बाल गृह बालक में देखभाल और संरक्षण के लिए रखवाया है।

शुक्रवार को दिल्ली के एक एनजीओ की ओर से मानव तस्करी की शिकायत पर राज्य बाल आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के पत्र पर बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व पुलिस की संयुक्त टीम ने अरुणांचल प्रदेश में पंजीकृत बस एआर 16 बी 1551 से बिहार प्रान्त के अररिया जिले से सहारनपुर जा रहे 97 बच्चों को पकड़ा था। अभिभावकों का

**फॉलोअप**

- **देर रात राजकीय बाल गृह के हवाले हुए थे बच्चे, मामला डबल डेकर बस से 95 बच्चों के मिलने का**

> अभी बच्चों का कोई अभिभावक नहीं आया है और न ही कोई कागजात प्रस्तुत किया गया है। काउंसलिंग व पुलिस रिपोर्ट तथा कागजात का परीक्षण करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **– सर्वेश अवस्थी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति**

सहमति पत्र न होने के चलते सीडब्लूसी ने 95 बच्चों को अपने संरक्षण में लिया था। शनिवार को दूसरी पहर बच्चों के अभिभावक जनपद पहुंचे और निर्धारित क़ानूनी प्रक्रिया को पूरा कराने में जुट गए हैं, जिससे बच्चों को हासिल किया जा सके। इसके पूर्व स्थानीय मददगारों ने पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात की है। स्थानीय मददगार कारी इरफ़ान और अधिवक्ता खालिद का कहना है कि शपथ पत्र आदि तैयार करवाया जा रहा है। सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अभिभावकों ने बच्चों को अपनी मर्जी से पढ़ने के लिए भेजा था।

### चालक हो गया था फरार सवारियों को छोड़ा गया

संयुक्त टीम की कार्रवाई के दौरान बस का चालक मौके से फरार हो गया था, जबकि बच्चों और मदरसे के मौलवियों समेत बस पर सवार लोगों को पुलिस लाइन लाई थी। प्राथमिक पड़ताल और सत्यापन के बाद पुलिस ने आठ सवारियों और उनके दो बच्चों को अपने गंतव्य जाने की अनुमति दे दी, जिसके बाद वह लोग अन्य साधनों से रवाना हो गए। वहीं सहारनपुर स्थित मदरसे के प्रबंधक और शिक्षकों का पुलिस ने सत्यापन कराया है तथा पूछताछ की है। अभी बच्चों को लखनऊ छोड़कर आने के बाद बस और उसके खलासी को नहीं छोड़ा गया है। इस बीच हुई पड़ताल और सत्यापन में अभी कोई आपत्तिजनक बात सामने नहीं आई है। पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सीडब्लूसी के रूख का इंतजार है। एएचटी थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर का कहना है कि बच्चों के अभिभावक आ गए हैं, सीडब्लूसी के निर्देश का इंतजार है।

## सार-संक्षेप



सम्मेलन स्थल का निरीक्षण करते रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव।

### बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आएंगे

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन रविवार को श्रीराम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में होगा। इसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आएंगे। विधायक रामचंद्र यादव ने शनिवार को स्थल का निरीक्षण कर तैयारी की समीक्षा की। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कमला शंकर पांडे, मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष किशोरीलाल भारती, सांसद प्रतिनिधि शिव गोविंद पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को बहुमुखी प्रतिभा का धनी होना चाहिए : डॉ. मिश्रा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध इण्टरनेशनल स्कूल आशापुर में शनिवार को कक्षा 11 व 12 के मानविकी एवं वाणिज्य वर्ग के छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसिलिंग डॉ. रत्नम मिश्रा-असिस्टेंट प्रोफेसर, दिल्ली टेक्नोलाजिकल यूनिवर्सिटी के द्वारा की गई। उन्होंने बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जागरुक करते हुए अनेक मंत्र दिया। उन्होने विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम और पीएचडी के बारे में बताते हुए पाठ्यक्रमों के लिए देश के बेहतरीन संस्थानों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा की छात्रों को बहुमुखी प्रतिभा का धनी होना चाहिए। जिससे एक क्षेत्र में असफल होने पर दूसरे क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सके। इस अवसर पर सभी शिक्षक और छात्र – छात्राएं मौजूद रहे।

### रोडवेज में फैमिली पास का अकाल, कर्मचारी परेशान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सहालग के मौसम में परिवहन निगम में रोडवेज कर्मचारियों के लिए फैमिली पास का अकाल पड़ गया है। कर्मचारी पास के लिए भटक रहे हैं, लेकिन विभाग उनको पास नहीं दे पा रहा है। इससे कर्मचारियों के परिवारीजन यात्रा की सुविधा नहीं ले पा रहे हैं। रोडवेज अपने कर्मचारियों को फैमिली पास जारी करता है। विभाग के लोगों की माने तो एक कर्मचारी के लिए साल भर में पांच निशुल्क फैमिली पास जारी किए जा सकते हैं। यह पास एक माह के लिए अधिकृत होते हैं। इसके बाद यदि कर्मचारी फैमिली पास के लिए आवेदन करता है तो उसे इसके एवज में भुगतान देना पड़ता है। रोडवेज का फैमिली पास नियमित के साथ संविदा कर्मचारियों को भी जारी किया जाता है। यहां इनकी कुल संख्या लगभग 500 है। इन दिनों सहालग का मौसम है। कर्मचारियों के परिजनों को आना-जाना पड़ता है। इसके अलावा भी गर्मी के मौसम में कर्मचारी के परिवारीजन भ्रमण के लिए जाते हैं लेकिन करीब 20 दिन से यहां फैमिली पास नहीं है। पास प्रदेश मुख्यालय से प्रिंट कराकर क्षेत्रीय कार्यालय से होते हुए यहां तक पहुंचता है। एआरएंम आदित्य प्रकाश ने स्वीकार किया कि यहां फैमिली पास नहीं है। इसीलिए कर्मचारियों को पास जारी नहीं हो पा रहे हैं। इसके लिए वरिष्ठ अफसरों को लिखा गया है। आते ही जरूरत क मुताबिक पास जारी किए जाएंगे।

### वेबसाइट डेवलपमेंट से परिचित हुए विद्यार्थी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के बीटेक व एमसीए के छात्रों के लिए फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट व एडवांस 3-डी मॉडलिंग पर विषय पर गत दिवस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। लखनऊ की कंपनी कैड डेस्क के मुख्य विशेषज्ञ अमित श्रीवास्तव ने पायथन फुल स्टैक व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीकी पक्षों से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को वेबसाइट डेवलपमेंट की भी उपयोगी जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ एसपी प्रसाद ने 3-डी मॉडलिंग सॉफ्टवेयर पर चर्चा करते हुए एनीमेशन व डिजाइनिंग के विभिन्न टूल्स के बारे बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ व विशेषज्ञों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्णण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में डॉ.बृजेश भारद्वाज, डॉ. लोकेन्द्र सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, डॉ. दिनेश राव सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

**लोकसभा चुनाव** राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने वालों का बहिष्कार जरूरी, बोले लोग-

# राष्ट्रीय मुद्दों पर बननी चाहिए देश की सरकार

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तापमान की तरह बढ़ रही है। गांव की नुक्कड़ बैठकें हो या चाय पान की दुकानें लोग इसे लेकर चर्चा करते मिल जायेंगे।

'अमृत विचार' ने शनिवार को इसे लेकर लोगों के बीच जानने का प्रयास किया तो मुद्दे और दलगत वोट बैंक की सियासत भले अलग- अलग दिखाई पड़े हों, लेकिन एक बात पर सभी की सहमति रही। चौपाल में मौजूद सभी मतदाताओं का कहना था कि देश की सरकार के चुनाव में मुद्दे राष्ट्रीय स्तर के ही होने चाहिए। चुनाव चर्चा में युवा आदित्य सिंह खमहरिया ने कहा धर्म और कर्म दोनों को जो दल सम्मान दे उसे मत दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हितों की अनदेखी



सोहावल में शनिवार को अमृत विचार की चुनावी चर्चा में मौजूद मतदाता।

**अमृत विचार चुनावी चर्चा**

करने वालों का बहिष्कार होना जरूरी है। रामू यादव मंगलसी ने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। इस पर काबू कर गरीब के दरवाजे तक मदद देने वाले दल के साथ हैं। उसी को वोट करेंगे। राधेश्याम वर्मा खानपुर मसौधा ने कहा कि देश के चुनाव में राष्ट्र हित और विकास का मुद्दा सबसे बड़ा है। जिसने विकास किया है राष्ट्र के मान सम्मान को बढ़ाया है। उसे ही मत पाने का अधिकार है। सुशील कुमार सिंह मीरपुर कांटा ने कहा राष्ट्र हित और हर समाज की बेहतरी के लिए सोचने वाले दल को वोट देना चाहिए। यही सबसे बड़ा मुद्दा है। नंद कुमार फतेहपुर सरैया बोले कि मंहगाई और बेरोजगारी ने हर वर्ग को परेशान कर रखा है। भ्रष्टाचार पर निचले स्तर से रोक लगाने के साथ राष्ट्रीय हित सोचने वाले दल को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आदित्य सिंह ड्योढ़ीबाजार ने कहा कि जिस दल की प्रतिबद्धता देश की सुरक्षा, सम्मान और गरीब के दरवाजे तक विकास की हो। उसे ही वोट मिलना चाहिए। अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्र ने कहा राष्ट्रीय सम्मान और गौरव को बढ़ावा देने वाले दल को हमारा समर्थन होगा। तुष्टिकरण और जातिवाद की सियासत देश हित में ठीक नही होती। मनीष यादव बाघाकोर और घनश्याम यादव कैल केशवपुर ने कहा कि राष्ट्र हित का मुद्दा सबसे ऊपर है। खोखले वादों पर वोट नही करेंगे। श्रीनाथ वर्मा खानपुर मसौधा ने कहा भ्रष्टाचार और किसानों की खेती की समस्या हमारी निगाहों में सबसे बड़ा मुद्दा है। इस पर जो खरा दिखेगा।वो ही मत पाने का अधिकारी होगा। कुल मिलाकर करीब एक घंटे चाय की चुस्कियों के बीच चली चर्चा में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा।

# झांसी के तीन खातों से निकल गई रकम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** ऑनलाइन ठगी गिरोह का शिकार हुए मेला ड्यूटी में आए यातायात शाखा के मुख्य आरक्षी रामबक्श से ठगी गई लगभग डेढ़ लाख रूपये की रकम झाँसी स्थित खाते से निकल गई। प्रकरण में बागपत में यातायात पुलिस में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात मुख्य आरक्षी ने पांच अप्रैल को अयोध्या कोतवाली में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

- **मेला ड्यूटी में आए ट्रैफिक दीवान के साथ हुई थी डेढ़ लाख की ठगी**

पीड़ित का कहना था कि जरूरत के चलते उन्होंने विभाग के ही एक उपनिरीक्षक को उन्होंने अपने फोनपे से रकम ट्रांसफर की थी, लेकिन किसी कारण रकम उनके खाते में नहीं पहुंची तो उन्होंने गूगल से फोनपे का कस्टमर केयर नंबर खोज रकम ट्रांसफर न होने के कारण जानने के लिए सुबह सात से आठ बजे के बीच कई बार फोन किया। कुछ देर बाद उसी नंबर से फ़ोन आया और फोन करने वाले ने फोनपे व बैंक खातों तथा क्रेडिट कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर को पर काल फारवर्ड करवा बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 42 हजार व 14,463 रूपये तथा भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड से किश्तों में एक लाख दो हजार 919 रूपये 47 पैसे अन्य खातों में स्थानांतरित कर लिया। जिसकी शिकायत साइबर हेल्प नंबर 1930 पर भी की गई थी।

अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि मामले की जाँच साइबर सेल को सौंपी गई थी। छानबीन में यह बात प्रकाश में आई है ठगों की ओर से 14 व 18 मार्च को झाँसी में बैंक की एक शाखा में दो और दूसरी में एक खाता खुलवाया और तीनों खातों से वारदात के दो दिन बाद ठगी गई रकम निकाल ली।

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्रा – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्रा– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

Mahindra Rise.
TAKE THE HIGHROAD TO SUCCESS WITH MAHINDRA



SUN RISE TRUCK & BUS
(A UNIT OF SUN INFRAENGINEERING PVT.LTD.)
Authorised Dealer: Mahindra & Mahindra Ltd. Truck & Bus Division

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales - Lucknow / Ayodhya
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE - Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE - Ayodhya Territory - Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry .
Share your CV/Resume at mtbt.sales@suninfra.org Mob: 9335946049

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज आएंगी अयोध्या

अयोध्या। अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को अयोध्या के दौरे पर होंगी। वह यहां राम लला का दर्शन पूजन करेंगी। अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए जा सकती हैं। वह अमेठी से लगभग नौ बजे अयोध्या के लिए निकलेंगी। सड़क मार्ग से लगभग साढ़े दस बजे अयोध्या पहुंचेंगी। यहां राम लला का दर्शन-पूजन करेंगी। अयोध्या धाम में वह लगभग एक घंटे रहेंगी। इसके बाद अमेठी के लिए रवाना हो जाएंगी। हालांकि जिला प्रशासन के पास अभी कोई कार्यक्रम नहीं आया है।

### आज दाखिल नहीं होगा नामांकन

अयोध्या। लोकसभा चुनाव में शनिवार को नामांकन का दूसरा दिन रहा। बैंक बंदी के चलते नामांकन नहीं हुआ। रविवार को भी अवकाश के चलते नामांकन नहीं होगा। नामांकन प्रक्रिया शनिवार को शुरू हुई थी। पहले दिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन दाखिल किया था। 21 लोगों ने 29 नामांकन पत्र प्राप्त किया था। शनिवार को भी कई लोग नामांकन पत्र लेने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, लेकिन बैंक बंदी के चलते नामांकन प्रक्रिया नहीं हुई।

### सी-विजिल एप पर करें चुनाव संबंधी शिकायत

अयोध्या, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन सहित अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायतें सी-विजिल एप पर की जा सकती हैं। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इस एप पर घोषणा की तिथि से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत कर सकते हैं।

### फंदे से लटकी मिली युवती रेफर

अयोध्या। जिला अस्पताल प्रशासन ने एक युवती को हालत गंभीर होने के चलते दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर किया है। अब युवती की हालत ठीक बताई गई है। बताया गया कि शनिवार को दोपहर बाद 2.35 बजे एक युवती महक (19) पुत्री रामचन्दर निवासी परशुरामपुर थाना रौनाही को उसका भाई अमन लेकर जिला अस्पताल आया था। ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर वेद प्रकाश ने हालत गंभीर होने के चलते उसे दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। युवती अपने घर में फंदे से लटकी मिली थी।

# मेडिकल कॉलेज में मृत्यु दर कम करने में जुटे वैज्ञानिक

## पहली बार शुरू हुआ इस तरह का अध्ययन, 2026 है डेडलाइन

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान होने वाली मौतों को कम करने के लिए एक बड़ा अध्ययन शुरू हुआ है। एम्स नई दिल्ली से मिले प्रोजेक्ट के बाद मेडिकल कॉलेज में वैज्ञानिकों की टीम दिन-रात जुटी हुई है। सबसे अधिक फोकस ट्रॉमा सेंटर में आने वाले मरीजों के इलाज पर है। इसी के साथ इस तरह का अध्ययन करने वाला अयोध्या मेडिकल कॉलेज देश के बड़े मेडिकल कॉलेज में शामिल हो गया है।

दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में नया भवन संचालित होने के बाद बेडों की संख्या 500 के करीब हो गई है। 300 बेड वाला नया भवन संचालित होते ही इमरजेंसी/ट्रॉमा सेंटर भी यहां शिफ्ट हो गया है। सेंटर को रेड और येलो जोन में विभाजित किया गया है। मृत्यु दर को काम करने के लिए लगी हुई टीम ट्रॉमा के अलावा ओपीडी व आईपीडी के मरीजों के लिए भी काम कर रही है।

**07** लाख मरीजों का इलाज हुआ है 2023 में

**.15** प्रतिशत है 2023 में मृत्यु दर



ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

### एक साल में 1080 मरीजों की गई जान

मेडिकल कॉलेज में एक वर्ष के जो आंकड़े सामने आए हैं उससे यह प्रतीत होता है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम चिकित्सालय में मरीजों को बचाने में जी-जान लगा रही है। जानकारी के अनुसार जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक सात लाख के करीब लोगों ने अपना इलाज कराया है। जिसमें 2.5 लाख मरीजों का इलाज ट्रॉमा सेंटर में, चार लाख का ओपीडी में व 50 हजार मरीजों का इलाज आईपीडी में हुआ है। इनमें इलाज के दौरान 1080 मरीजों की मौत हो गई, जिसका मृत्यु दर .15 प्रतिशत आंका गया है।



**03** वैज्ञानिकों की टीम कर रही है अध्ययन

**04** लाख मरीज इलाज कराने पहुंच थे ओपीडी में

### ट्रॉमा सेंटर में 2.5 लाख में 180 मरीजों की गई जान

मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में वर्ष 2023 के दौरान 2.5 लाख मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान 180 की मौत हो गई। इसका मृत्यु दर 0.072 प्रतिशत बताया जा रहा है। इसके अलावा साल भर में ट्रॉमा से गंभीर हालत में रेफर वाले मरीजों की संख्या 612 है, जिसका रेफरल रेट .24 प्रतिशत है।

### 25 किमी. में 30 लाख लोग होते कवर

अयोध्या मेडिकल कॉलेज में दूर-दूर से मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। अध्ययन में यह निकलकर सामने आया है कि कॉलेज आसपास के 25 से 30 किलोमीटर के 30 लाख लोगों को कवर करता है।

### सीएचसी-पीएचसी तक दिखेगा इसका असर

वैज्ञानिकों की टीम का नेतृत्व कर रहे मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल व सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की मृत्यु दर बहुत कम है। टीम का प्रयास है इस दर को और कम किया जाए। हमारा अध्ययन जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी-पीएचसी पर आने वाले मरीजों के लिए भी कारगर होगा।

### गर्मी में हीट स्ट्रोक, ठंड में श्वांस रोगी

अध्ययन में सामने आया है कि ट्रामा सेंटर में गर्मी में हीट स्ट्रोक के मरीज अधिक पहुंचते हैं। बरसात में स्नैक बाइट और ठंड में चेस्ट पेन व श्वांस संबंधी मरीज बहुतायत आते हैं।

### 2026 है डेडलाइन

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि ये प्रोजेक्ट पर गत दिनों कार्य शुरू हुआ है। 2026 इसकी डेडलाइन है। अध्ययन में जुटे तीन वैज्ञानिकों की टीम से लगातार संपर्क में हूं। हर हफ्ते दिल्ली एम्स से इसकी निगरानी भी होती है।

### ऐसे करेंगे मृत्यु दर कम

- चेस्ट-पेन व श्वांस रोगी मरीजों को तत्काल इलाज देने के लिए जांच मशीनें बढ़ाने पर होगा काम।
- ट्रॉमा सेंटर में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का तत्काल इलाज। स्थिति बिगड़े तो एंबुलेंस रिजर्व में रहे।
- ईसीजी जांच मशीनों की संख्या बढ़ाने पर भी रहेगा जोर।
- इमरजेंसी की सेवाओं को और कारगर बनाने पर भी होगा काम।
- ट्रॉमा में दवाओं की उपलब्धता और अधिक होने पर जोर।

# भक्तों को मिलेगा रामलला का विशेष प्रसाद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन करने के बाद परिसर से बाहर निकलने पर दर्शनार्थी रामलला का विशेष प्रसाद अपने घर ले जा सकेंगे। प्रसाद राम मंदिर के निकास मार्ग के पास श्रीराम अस्पताल के गेट पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की ढाई करोड़ मातृशक्ति को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उसी लक्ष्य के तहत स्वास्थ्य विभाग व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोग से जिला प्रशासन ने यह पहल की है। इसके तहत श्रीराम अस्पताल में प्रेरणा कैंटीन खोली जाएगी। इसका संचालन पूरा बाजार के ग्राम पंचायत सरायरासी की रानी लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। इसका एक डेमो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने डीएम नीतीश कुमार के सामने प्रस्तुत किया। उद्घाटन श्रमिक दिवस के दिन एक मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक सरिता वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से भी प्रसाद प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रसाद में लगभग 11 तरह की सामग्रियों को एकत्र किया गया है।





दिव्य मंदिर में विराजमान रामलाला।

प्रसाद का डेमो देखते जिलाधिकारी नितीश कुमार व प्रसाद की किट।

- श्रीराम अस्पताल के गेट पर खोली जाएगी प्रेरणा कैंटीन
- स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की पहल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी तैयार

### क्या मिलेगा प्रसाद में

श्रीराम प्रसादम के इस विशेष खूबसूरत पैकेट में आराध्य की मनोहारी छवि वाली तस्वीर के साथ रामलला का प्रसाद, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, अमावा मंदिर का प्रसाद भी मिलेगा, जिसमे रघुपति प्रसादम, खुरचन पेड़ा, इलाइची दाना, गुड़, अयोध्या रज, हनुमानगढ़ी का लड्डू, चरण पादुका, लेमिनेटेड भगवान राम लला की फोटो, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, चंदन व सरयू जल रखा रहेगा।

> यह एक अच्छी पहल है, जिसमें प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इस कार्य को शुरू करने के लिए अलग-अलग प्रकार से फंड को उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रसाद का मार्केट वैल्यू क्या होगा। इसका निर्णय समूह के द्वारा ही तय किया जाएगा। इस योजना से बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़कर कार्य करेंगी। – **नीतीश कुमार, जिलाधिकारी**

## पुराने स्थान पर पहुंचा टीबी क्लीनिक, कल से ओपीडी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महिला चिकित्सालय में दो वर्षों से संचालित टीबी क्लीनिक अब खिड़की अली बेग स्थित अपने पुराने स्थान पर शिफ्ट हो गया है। टीबी क्लीनिक के पुरानी जगह पर पहुंचने से न सिर्फ मरीजों की राह आसान हो जाएगी बल्कि जांच की सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। दरअसल पुराने टीबी क्लीनिक का भवन काफी जर्जर हो चुका था। इसके सौंदर्यीकरण के लिए कई बार पत्राचार हुआ। इसके बाद टीबी क्लीनिक महिला अस्पताल स्थित ऑक्सीजन प्लांट के सामने वाले भवन में शिफ्ट हो गया। जिला टीबी अधिकारी संदीप शुक्ला ने बताया कि क्लीनिक की मेंटेनेंस का काम पूरा हो गया है। विभाग को भवन हैंडओवर हो चुका है। महिला चिकित्सालय स्थित भवन से काफी सामान पुराने क्लीनिक पर पहुंच गया है। सोमवार से ओपीडी में मरीजों का इलाज शुरू हो जाएगा। वहीं, महिला चिकित्सालय में टीबी क्लीनिक के संचालन से बलगम के परीक्षण के लिए मरीजों को दोनों जगहों पर जाना पड़ता था। एक सैंपल महिला चिकित्सालय स्थित भवन में तो दूसरा खिड़की अली बेग स्थित भवन में देना पड़ता था।

# 26 किसानों ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका, सुनवाई 29 को

पूराबाजार, अयोध्या

- राजस्व सचिव, कमिश्नर, उपाध्यक्ष प्राधिकरण समेत छह अधिकारी प्रतिवादी

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण की एयरो सिटी आवासीय योजना का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। योजना के तहत प्रभावित होने वाले दो हजार किसानों में से 26 ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। इसमें याचिकाकर्ताओं ने सचिव राजस्व, कमिश्नर अयोध्या, कलेक्टर अयोध्या, सचिव व उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण को प्रतिवादी बनाया है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण की महात्वाकांक्षी एयरो सिटी आवासीय योजना के विरोध में दो महीने से मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले पांच गांवों रामदत्तपुर अटरावां, बैसिंह, कुशमाहा, ददेरा और सरेठी के किसान आन्दोलित हैं। प्राधिकरण द्वारा 15 मार्च को समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर स्पष्ट किया जा चुका है योजना प्रस्तावित क्षेत्र से कहीं और स्थान्तरित नहीं होगी। जिसके बाद अब पूरा मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। 26 किसानों द्वारा 22 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा ने बताया कि पहली सुनवाई 29 अप्रैल को डिविजन बेंच में न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और बिज राज सिंह की अदालत में होनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा मनमाने तरीके से एयरोसिटी बनाने की बात की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर बड़े आंदोलन के लिए भी हम लोग तैयार हैं।

# अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 30 को

अयोध्या कार्यालय

- 28 विषयों में 1498 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को होगी। पांच केन्द्रों पर होने वाली इस परीक्षा में 28 विषयों के लिए 1498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी शनिवार को पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल ने दी। वो प्रशासनिक भवन में कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र के साथ केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में हुई बैठक में प्रो. जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के लिए आठ पर्यवेक्षक तैनात किए गए है। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को केन्द्र पर नौ बजे तक पहुंचना होगा। केन्द्र पर मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षार्थियों को पीएचडी प्रवेश-पत्र के साथ एक आईडी प्रूफ व पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

विवि के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों से कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन करना होगा। बैठक में प्रो. गंगाराम मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, डॉ. पीके द्विवेदी, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ.अवध नरायण, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. मनीष सिंह, इंजीनियर शोभित श्रीवास्तव, इंजीनियर नवीन पटेल, डॉ. मोहन चन्द्र त्रिपाठी, रवि मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

# तीन माह बाद भी बंदिशें झेल रहे अयोध्यावासी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के तीन माह बीत जाने के बाद भी अयोध्या बंदिशों में जकड़ी हुई है। धाम में प्रवेश के लिए बैरियर पर लगे सुरक्षा कर्मी पास या फिर किसी अधिकारी के द्वारा मैजेस मिलने के बाद ही प्रवेश देते हैं। इसको लेकर अक्सर बैरियर पर स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी हो रही है।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देखते हुए धर्म पथ और रामपथ सहित सभी गलियों में लगे बैरियर स्थानीय लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। धर्म पथ और रामपथ के रास्ते से आने के लिए लगभग पांच स्थानों पर बैरियर लगे हैं। स्थानीय निवासी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए वर्षों से संघर्ष कर रही अयोध्या अब खुद बंदिशों में जकड़ी हुई है। अयोध्या में रहने वाले लोगों को भी अपने वाहन को लेकर घर तक पहुंचना दूभर हो गया है। पहचान पत्र दिखाए जाने के बाद रास्ते से न जाने का हवाला दिया जाता है। यहां के रहने वाले लोगों को पास भी जारी किया जाए।



पुराने डाकखाने के पास लगे बैरियर पर वाहनों को रोककर पूछताछ करती पुलिस।

### सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाएं लागू : सीओ

सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाएं लागू हैं। यलो जोन के तहत अयोध्या में पहले से ही सुरक्षा की दृष्टि से बैरियर लगाए गए थे। यह व्यवस्था नई नहीं है। गलियों में भी लगे बैरियर पुरानी व्यवस्था का ही पार्ट हैं। अयोध्या में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को आने जाने के लिए आसुविधा न हो इसके लिए एसपी सिटी कार्यालय में जांच के उपरांत पास दिया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा की पूर्व पार्षद ने दर्ज कराई रिपोर्ट





अयोध्या,अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रामघाट निवासी भाजपा की पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह ने क्षेत्र के ही लवकुश नगर निवासी विकास चंद्र श्रीवास्तव समेत 10-15 अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी पर बैनामा शुदा जमीन पर कब्जे के प्रयास के तहत गाली-गलौच, बलवा ,मोटर चोरी तथा गेट तोड़ने का आरोप लगाया है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### लू से बचाव के लिए फ्लैक्स लगवाएगा निगम

अयोध्या। अमृत विचार : नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने प्रमुख स्थानों पर फ्लैक्स लगाए जाने व निगम द्वारा स्थापित वीएमडी पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। वो जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अपर नगर आयुक्त व विभागीय अधिकारियों के साथ शनिवार को बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अनुभागाध्यक्षों को प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण व गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में लू के बचाव के लिए पार्कों आदि में छाया के प्रबन्ध व शुद्ध पेयजलापूर्ति हेतु नियमति क्लोरिनेशन कराए जाने, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थलों पर छाया/पेयजल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं हेतु छाया एवं पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये।

### भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने जारी किया चुनाव घोषणा पत्र



पत्रकारों से बातचीत करते राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य सूर्यकांत पांडेय।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने शनिवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। इसमें किसानों को लाभकारी कीमतों के लिए कानूनी गारंटी दिए जाने. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने सहित कई अन्य वादे किए हैं। सिविल लाइंस स्थित एक होटल में राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य सूर्यकांत पांडेय, जिला सचिव अशोक तिवारी, महानगर सचिव कप्तान सिंह एडवोकेट, शडीद शोध संस्थान के अध्यक्ष जफर इकबाल, रामजीराम यादव ने घोषणा पत्र जारी किया। पत्रकारों से बातचीत सभी ने कहा कि भाकपा के घोषणा पत्र में समाज के सभी वर्गो के हित के कार्यों को प्रमुखता दी गई है। दक्षिण पंथ की गंगोत्री अयोध्या में भाकपा ही भाजपा को चुनौती दे सकती है। यहां विचारों की जंग भी होगी

### आग से आठ घर और सामान राख

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलाफरपुर के मजरे बलबल का पुरवा में शुक्रवार देर रात आग लग गई। जिसमें आठ लोगों के छप्पर के घर और सामान जलकर राख हो गया। बलबल गांव निवासी रामबरन यादव की लड़की का शुक्रवार देर रात शादी समारोह था। इसी बीच राम सुधार यादव के घर आग लग गई। लपटों ने मुलायम यादव, रामकुमार यादव, रामकरन यादव, राजू,रामविलास, कन्हैया, प्यारे व गिरधारी के घर को भी चपेट में ले लिया। देखते-देखते घर व सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना मिश्रा ने बताया कि आठ लोगों के घर जले हैं। दो भैंस झुलसी, रिश्तेदारी में आए दो लोगों की मोटरसाइकिल जली है। लेखपाल दीपक गुप्ता ने शनिवार को बताया आगजनी की रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।


**हालात** ईवीएम व चुनाव ड्यूटी प्रबंधन सहित अन्य डाटा लीक होने की आशंका

# लोकसभा निर्वाचन डेटा पर साइबर हमले का खतरा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** लोकसभा निर्वाचन से जुड़े डेटा पर साइबर हमले का खतरा है। चुनाव ड्यूटी प्रबंधन व ईवीएम-2 सहित चुनाव से जुड़े अन्य डेटा के लीक होने की संभावना है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को तुरंत पासवर्ड बदल जाने का निर्देश दिया। इसके बाद हलचल मच गई। कार्रवाई शुरू कर दी गई।

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी है। तीसरे चरण के लिए 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो गया है। संबंधित जिलों में चुनाव में लगने वाले कर्मचारियों का डेटा तैयार है। मतदान कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का पहला ऑनलाइन रेंडमाइजेशन (चयन) कर नंबर के हिसाब से स्ट्रांग रूम में सुरक्षित कर लिया गया है। साथ ही अन्य चुनाव संबंधी चुनाव प्रबंधन पोर्टल है। इन सब का अलग पासवर्ड होता है।



- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिया पासवर्ड बदलने का निर्देश

उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर साइबर सुरक्षा को परखा गया। इसके बाद आशंका जताई गई कि चुनाव ड्यूटी प्रबंधन पोर्टल और ईवीएम-2 से संबंधित डेटा लीक होना संभव है। बता दें कि जिलों के चुनाव प्रबंधन पोर्टल पर लाखों कर्मचारियों का डेटा फीड है। इसमें उनके नाम, पते जैसी व्यक्तिगत जानकारी के साथ ही बैंक का अकाउंट नंबर तक है। इसके लीक होने से परेशानी बढ़ सकती है। साथ ही ईवीएम से जुड़े डेटा के लीक होने और उसमें उलट-फेर से सरकारी मशीनरी के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। साइबर सुरक्षा को परखे जाने के बाद ही प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से गत दिवस जिला निर्वाचन अधिकारियों को ई-मेल भेजा गया है। निर्देश में कहा गया कि ऐसी किसी भी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तुरंत पासवर्ड बदला जाए।

इसके बाद यहां जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने चुनाव ड्यूटी प्रबंधन पोर्टल, ईवीएम-2 सहित अन्य चुनाव प्रबंधन पोर्टल के पासवर्ड को बदलने का निर्देश जारी किया। संबंधित अधिकारियों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे पोर्टल के पासवर्ड को बदलकर अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखें। साथ ही इसको बदले जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। जिससे साइबर सुरक्षा संबंधी घटनाओं को रोका जा सके। साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जानकारी दी जा सके।

# हादसों में दो युवकों की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को हुए हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। तीन युवक शनिवार सुबह ऑटो रिक्शा पर सवार होकर सोहावल की ओर जा रहे थे। लखनऊ हाईवे पर कैंट थाना के कोटसराय क्षेत्र में संदिग्ध हालात में एक युवक चलते ऑटो से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के ही सचीन्द्र सिंह ने बेहोश युवक को जिला अस्पताल।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अपराध निरीक्षक संजीव सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक पूराकलंदर थाना क्षेत्र के शांतीपुर मजरे दीनू पांडेय का पुरवा गांव निवासी प्रवीण कुमार पांडेय (28) पुत्र राम बहादुर पांडेय की तारुन थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात 12:30 बजे गौराघाट बाजार में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के समय वो बाइक से विद्यापुर गांव से लौट रहा था। तारुन थाने के प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।



प्रवीण (फ़ाइल फोटो)

# एक लाख लोगों को शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं

## 28 लाख की लागत से नगर में लगे दो वाटर एटीएम तीन साल से खराब, तहसील में लगे दो वाटर कूलर भी बेकार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रुदौली नगर की एक लाख आबादी दो बूंद शुद्ध पेयजल के लिए भी तरस रही है। भीषण गर्मी में लोग 30 रुपये का आरओ और 20 रुपये की बोतल का पानी पीने को मजबूर हैं।

तहसील परिसर में वादकारियों व अधिवक्ताओं के पानी पीने के लिए लगे दोनों वाटर कूलर खराब पड़े है। इन्हें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में बंद हैं। वहीं एसडीएम न्यायिक के न्यायालय के सामने लगा वाटर एटीएम एक वर्ष पहले मरमत के लिए गया अभी तक वापस नही आया। नगर पालिका परिषद रुदौली में लगभग 28 लाख की लागत से दो वाटर एटीएम एक रुपये में एक बोतल ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए लगाये गये थे। जो लगाए जाने के एक साल बाद से ही आज तक खराब पड़े हैं। इतना ही नहीं नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन के सामने लगा वाटर एटीएम साइकिल स्टैंड का काम कर रहा। आसपास के दुकानकार मो. अतीक खान, जगदम्बा गुप्ता, मो. अली आदि ने कहा वाटर एटीएम के खराब होने से पीने का पानी 30 रुपये बल्क में खरीद रहे है। इसी तरह पशु चिकित्सालय के सामने लगे वाटर एटीएम के सामने फल का ठेला लगने लगा है। इन दोनों वाटर एटीएम से साधारण पानी तक नहीं मिल पा रहा है। सभासद आशीष वैश्य ने बताया कि खराब पड़े वाटर एटीएम को सही करा गर्मी के आम जनमानस को पीने का शुद्ध और ठंडा पानी एक रुपये में उपलब्ध कराने के लिए अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा। व्यापार मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता ने कहा कि एक लाख आबादी को नगर पालिका प्रशासन शुद्ध पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। गर्मी में नगर पालिका से लगने वाला निशुल्क प्याऊ भी संचालित नही किया गया गया है।



तहसील परिसर में निष्प्रयोज्य वाटर कूलर।



नगर के बाजार में खराब पड़ा वाटर एटीएम। अमृत विचार

### अध्यक्ष और तहसीलदार बोले-

नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली का कहना है कि वाटर एटीएम के खराब होने की जानकारी है। जल्द ही सही कराए जायेगा। तहसीलदार तहसीलदार राजेश वर्मा ने कहा कि परिसर में इंडिया मार्का हैंड पंप लगा है।खराब वाटर कूलर सही कराए जायेगा।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी करेगा नालों के शोधित जल की जांच



नाले के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

▶▶ मई में संचालित होगा 33 एमएलडी का एसटीपी, नगर आयुक्त ने नालों के अंतिम छोर के स्थलों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम सीमा के अंतर्गत गिरने वाले नालों के अंतिम छोर के स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान बायोरेमेडिएशन की कार्रवाई को देखा गया। प्रक्रिया संतोषजनक पाई गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था को गहरे रूटेड प्लांट को लगाने, जल धारण क्षमता में वृद्धि किए जाने व नालों के शोधित जल की जांच संस्था के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी कराने के निर्देश दिये गए हैं, जिससे दूषित जल का शोधन सुचारू रूप से हो सके। इसके साथ-साथ उप्र जल निगम को निर्देशित किया गया कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 15 नालों की टैपिंग व 33 एमएलडी एसटीपी का निर्माण पूर्ण होने तक बायोरेमेडिएशन तकनीक से शोधन का कार्य नियमित रूप से कराया जाए। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत अयोध्या कैंट क्षेत्र के शेष 15 नालों की टैपिंग व 33 एमएलडी एसटीपी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर प्रगति पर है, जो माह मई में पूर्ण हो जाएगा, जिसके पश्चात नगर निगम अयोध्या के शेष 15 नाले भी पूर्णतया टैप हो जाएंगे। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, परियोजना प्रबंधक नागर कार्य इकाई, अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

### सरयू में नहीं जमथरा में एकत्रित होता है दूषित जल

वर्तमान में नगर निगम अयोध्या में कुल छोटे-बड़े 20 नाले हैं, जिसमें अयोध्या धाम क्षेत्र में पांच नाले टैप हैं, जिनका श्राव राजघाट स्थित सीवेज पंपिंग स्टेशन के माध्यम से रामघाट स्थित 12 एमएलडी एसटीपी पर जाता है। इसके अतिरिक्त अयोध्या कैंट क्षेत्र में 15 नालों का दूषित जल सीधे सरयू नदी में न जाकर माझा जमथरा क्षेत्र में एकत्रित होता है। एक स्थल पर बंधे को पारकर नदी में जाता है। इन 15 अनटैप्ड नालों के दूषित जल का शोधन बायोरेमेडिएशन तकनीक से शोधन किया जा रहा है। शोधित जल का परीक्षण प्रतिमाह में संस्था आईआईटीआर से कराया जाता है।

## सार-संक्षेप



खण्ड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने फ़ीता काटकर किया मेले का उद्घाटन।

### खादी ग्रामोद्योग मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : ब्लॉक मुख्यालय के सामने शनिवार से शुरू हुई खादी ग्रामोद्योग मेला प्रदर्शनी का बीडीओ सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में स्टालों पर बिक्री के सामानों का अवलोकन किया। आयोजक भागवत प्रसाद गोस्वामी ने बताया खादी ग्रामोद्योग मेला प्रदर्शनी में खादी के आधुनिक कपड़े, सस्ते बर्तन आदि उपलब्ध हैं। इस मौके पर ज्वॉइंट बीडीओ उमेश कौशल, एडीओ समाज कल्याण मनीष वर्मा, आईएसवी सुरेश कुमार, एडीओ सहकारिता अमित कुमार, मयाराम वर्मा मौजूद रहे।

### सनातन ब्राह्मण समाज की बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : सनातन ब्राह्मण समाज की बैठक 28 अप्रैल रविवार को श्री राम सत्संग सेवा आश्रम में साढ़े तीन बजे होगी। संगठन के पं. उपेंद्र शर्मा ने बताया कि इसमें जिला, वार्ड के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी।

### अधिवक्ता के बेटे ने रोशन किया नाम



अर्पित यादव।

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : राष्ट्रीय योग्यता एवं आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा पास कर तारुन ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बेलगरा बनघुसरा निवासी अधिवक्ता अखंड प्रताप यादव के बेटे अर्पित यादव ने भी अपना परचम लहराया हैं। अर्पित रामपुर भगन के सरदार भगत सिंह एजूकेशनल इंस्टीट्यूट मीतनपुर कक्षा नौ का छात्र है। उसने 104 अंक पाकर 32 वीं रैंक हासिल की है। पूर्व प्रधान बाबूराम यादव, अखिल यादव, राम धारी यादव, किसान नेता मयाराम वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### जल सेवा के तहत वितरित हुआ शरबत

अयोध्या, अमृत विचार : विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में विभीषण कुण्ड स्थित गीता भवन पर चल रही जल सेवा के तहत शनिवार को मातृशक्ति प्रकोष्ठ की महानगर इकाई ने शरबत वितरण किया। प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बताया कि 15 अप्रैल से शुरू जल सेवा 30 अप्रैल तक चलेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रेनु जायसवाल, महामंत्री रोली श्रीवास्तव, मंत्री सुमन गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनीता प्रजापति व नीलम रस्तोगी मौजूद रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र की सीमांकन भूमि पर पिलर लगना शुरू



कंधईपुर में सीमांकन पर लगता पिलर।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के सनौली और कंधईपुर में औद्योगिक निवेश के लिये सरकारी और काश्तकारों की जमीनों की एक सप्ताह से हो रही नपाई के साथ ही काश्तकारों को जमीन के बदले जमीन देकर राजस्व विभाग और यूपीसीडा द्वारा सीमांकन की जमीन पर पिलर लगने शुरु हो गए हैं। शनिवार को कंधईपुर में पिलर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया हैं। जबकि औद्योगिक क्षेत्र मं आने वाले गांव के अलावा अगल बगल के दर्जनों गांवों के किसान उत्साहित दिख रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं कि क्षेत्र के विकास में परियोजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। जब बड़ी बड़ी फैक्ट्री बनेंगी तो फायर ब्रिगेड, पुलिस स्टेशन, सड़कें आदि भी बनेगी। व्यापारी हुकुम सिंह वर्मा, सुधाकर मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा, प्रमोद गुप्ता मुन्ना ने बताया कि निवेश की योजना का कार्य जल्द शुरू हो जाए।

# सुशासन व कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संजय राय।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए भाजपा बूथ मैनेजमेंट पर खासा जोर दे रही है। शनिवार को भाजपा ने रामनगर और बाराबंकी सदर विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित कर कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो -चुनाव जीतो का मूल मंत्र दिया। महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर खाली प्लाट हमारा है। जिस गाड़ी में सपा का झंडा होता था उसमे उतना बड़ा गुंडा बैठा होता था। सपा के शासन में प्रदेश के लोगों ने बहुत दुश्वारियां झेली हैं। 2017 से पहले यूपी कैसा था और अब कैसा है, फर्क साफ है। आज सुशासन और कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है।

संजय राय ने कहा कि देश में विगत दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रदेश के लाखों लोगों को पक्की छत मिली है। रोजगार के साधन बने हैं। देश के 52 करोड़ लोगों के बैंक के खाते खुले हैं। विभिन्न योजनाओं के 34 लाख करोड़ रूपये सीधे लोगों के खाते में पहुंचे हैं। उन्होंने तंज कसा यदि भ्रष्टाचारियों और माफिया गुंडों को संरक्षण देने वालों की सरकार होती तो ये सब मिलकर 29 लाख करोड़ रूपये लूट लिए होते और देश की गरीब जनता को केवल 5 लाख करोड़ रुपए ही पहुंचते।

सभी बूथ अध्यक्ष को वितरित की गई किट के बारे में जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने विस्तार से बताया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेना है।

# बच्चों को संगीत में दक्ष बनायेगी संगीत नाटक अकादमी

अयोध्या कार्यालय

▶▶ कुशल कलाकारों द्वारा दिया जाएगा दो घंटे का संगीत प्रशिक्षण, पहले चरण में सरकारी फिर निजी स्कूल

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी सांस्कृतिक साधना जारी रहे इसके लिए संगीत नाटक अकादमी परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को संगीत में दक्ष बनायेगा। इसके लिए सभी 1792 परिषदीय और 444 माध्यमिक विद्यालयों में दो घंटे संगीत की अतिरिक्त कक्षाएं चलेंगी।

अकादमी के पंजीकृत कलाकार बच्चों को भाषण, रचना और अंग संचालन के माध्यम से कई विधाएं सिखाएंगे। भारतीय संगीत व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस योजना को जल्द अमली जामा पहनाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों व कॉलेजों की सूची मांगी गई है। संगीत नाटक अकादमी के निदेशक शोभित नाहर द्वारा जारी पत्र के अनुसार बताया कि इस योजना को वृहद स्तर पर शुरू करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए डीआईओएस और बीएसए से सरकारी स्कूलों की सूची मांगी गई है। पहले चरण में सरकारी स्कूलों के बच्चों को सिखाया जाएगा और इसके बाद अर्धसरकारी स्कूलों के बच्चों को और उसके बाद गैरसरकारी स्कूलों के बच्चों को संगीत की शिक्षा दी जाएगी। बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान संगीत अकादमी की ओर से लगातार 20 जनवरी से 25 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी के बाद अयोध्या जिले को लेकर यह पहल शुरू की जा रही है।

### दो घंटे चलेगी संगीत की क्लास

प्रदेश के कुशल कलाकार इन स्कूलों के बच्चों को दो घंटे की कक्षा में विभिन्न माध्यमों से संगीत के गुर सिखाएंगे। अभी प्रयास रहेगा कि एक साल में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को संगीत सिखाया जा सके। जिन बच्चों में रुचि दिखेगी उन्हें आगे भी ले जाया जाएगा। इसके तहत सुरों की शिक्षा के साथ ही बच्चों को वाद्ययंत्रों के बारे में भी बताया जाएगा।

> संगीत नाटक अकादमी से उन छात्रों का ब्योरा मांगा गया है जो संगीत में रुचि रखते हैं। इसके लिए सभी स्कूलों को पत्र जारी किया गया है। ब्योरा आते ही भेज दिया जाएगा। यथासंभव विभाग की ओर से सहयोग किया जाएगा। - डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक

# सीबीएसई स्कूलों में बेहतर होगा शैक्षणिक माहौल



अतिथियों का स्वागत करते सरयू इंटरनेशनल के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित स्कूलों का शैक्षणिक माहौल और बेहतर होगा। इसके लिए शनिवार को सरयू इंटरनेशनल स्कूल में ओरियंटेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में शैक्षिक उन्नयन के साथ बच्चों को सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए गहन मंथन चिंतन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज लखनऊ की काउंसलर सोनी सिन्हा और एजुकेटर तबस्सुम अंसारी ने किया। कनक किड्स और सरयू इंटरनेशनल की डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी सरयू इंटरनेशनल और कनक किड्स के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन करते हुए दिशा प्रदान की। सभी ने उच्चतर शैक्षणिक एवं रुचिकर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विचार रखें। विशेषज्ञों की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए टीएलएम द्वारा मस्तिष्क मंथन किया गया। इस मौके पर अर्पिता मुखर्जी, प्रीति सिंह, सोनल शुक्ला, एएन तिवारी, आकांक्षा, साहिबा रामजी, प्रीतिका शार्प, समीना सिद्दीकी, दीप्ति चंद्रा आदि मौजूद रहे।

▶▶ सरयू इंटरनेशनल में ओरियंटेशन कार्यक्रम में हुआ मंथन

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्या:** उप0मु0 इ0-नि0-पुल-गो0-01-2024 (सिंगल पैकेट सिस्टम) निविदा की अन्तिम तिथि 21.05.2024, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज खण्ड के आमान परिवर्तन के मध्य स्टेशन नानपारा-नेपालगंजमें पुल सं0 1A(2x45.7 मी0) स्पान, आर0डी0एस0ओ ड्राइंग सं0 बी-17181/आर.सीरीज नवीनतम परिवर्तन के अनुसार 25-टन लोडिंग वेल्डेड टाइप ओपेन वेब गर्डर के विनिर्माण, आपूर्ति, एसेम्बलिंग/इरेक्शन एवं लॉचिंग का कार्य साथ में एच-बीम स्लीपर तथा राकर एवं रोलर बियरिंग के विनिर्माण, आपूर्ति एवं फिक्सिंग कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 6,84,31,745.78, **बयाना राशि:** ₹ 4,92,200.00, निविदा **प्रपत्र का मूल्य (₹ ):** ₹ 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** छ (06) माह,

**नोट:** • बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 07.05.2024, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 21.05.2024, 15 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 21.05.2024, 15.30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है जो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

श्री एस.एस. राम, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/पुल/गोरखपुर-9794844274
उप मुख्य इंजी0/निर्माण/पुल गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-39

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

### लोस चुनाव को लेकर सक्रिय हुईं टीमें

अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शुचिता को लेकर जांच व तलाशी के लिए लगाई गई विभिन्न टीमों ने अभियान तेज कर दिया है। गांव से शहर तक विभिन्न बैरियरों पर सघन जांच व तलाशी कराई जा रही है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया की चुनाव आयोग के निर्देश पर जनपद पुलिस की ओर से गठित एसएसटी/एफएसटी टीमों को जांच व तलाशी में लगाया गया है। जनपद में विभिन्न मार्गों स्थित बैरियर और का चौराहों आदि पर आने-जाने वाले चार पहिया वाहनों की तलाशी का सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### तीन को जल पुलिस ने डूबने से बचाया

अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या दर्शन को आए परिवार के तीन बच्चे शनिवार को स्नान के दौरान लापरवाही के चलते हादसे का शिकार हो गए। घाट पर मौजूद जल पुलिस के जवानों ने तीनों को सकुशल बाहर निकाला है और उनके परिवार के हवाले किया है। सरयू में स्नान के दौरान सरयू घाट पर कुसार गौर (10) पुत्र अमित गौर, समृद्धि गौर (16) पुत्र भीम सिंह गौर निवासीगण आवास विकास कालोनी कानपुर नगर तथा रूपा सोनी (7) पुत्री मनीराम सोनी निवासी मीरगंज जिला सिवान राज्य बिहार जल बैरिकेडिंग को पार कर स्नान करने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस के जवानों और स्थानीय गोताखोर ने तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला और उनके परिवार को सुपुर्द किया है।

# भाजपा चंदा लेकर धंधा देने वाली पार्टी: तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



तनुज पुनिया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को झूठा और लोकतंत्र के लिए घातक बताते हुए आरोप लगाया कि यह लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। इन आरोपों पर शनिवार को बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जनहित के मुद्दों पर कोई बात नहीं की। जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र समाज हित से जुड़े मुद्दों पर तैयार किया गया है। तनुज पुनिया ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बीफ एक्सपोर्ट हो रहा है।

तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं, किसानों और महिलाओं समेत सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर वादे किये गये हैं। इसीलिये भाजपा हमारे घोषणापत्र से डर गई है और इस तरह के आरोप लगा रही है। समाज के विभाजन का एडेंजा कांग्रेस का नहीं बल्कि भाजपा का है। बंटवारे की राजनीति कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा करती है। उन्होंने कहा कि सत्ता में भाजपा है इसलिये सवाल उनसे पूछा जाना चाहिये। उन्हें इस बात का जवाब देना चाहिये कि पिछले 10 सालों में उन्होंने क्या किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र को जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बीफ एक्सपोर्ट हो रहा है। कई राज्यों में भाजपा के लोग ही बीफ एक्सपोर्ट के काम में लगे हैं। बल्कि भाजपा के कार्यकाल में ही बीफ का एक्सपोर्ट बढ़ा है। इस मुद्दे पर भाजपा को खुद ही जवाब देना चाहिये। उनका कांग्रेस पर आरोप लगाना एकदम गलत है। तनुज ने आरोप लगाया कि भाजपा सबसे ज्यादा भ्रष्ट पार्टी है। उसने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा दो और धंधा लो वाला काम किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं0–
याँ/246/1/15/24–25/ओटी–02

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं,

**क्रम सं0 1:–कार्य का संक्षिप्त विवरण:** 54 नगों का अनुसूची रखरखाव अनुबंध, केम्पी मेक–फास्ट एमआईजी एक्स 450, फास्ट एमआईजी केएमएस 500 और प्रो 5200 ईवीओ इन्वर्टर आधारित वेल्डिंग उपकरण को 01 वर्ष की अवधि के लिए मैकेनिकल वर्कशाप इज्जतनगर में कराये जाने हेतु (कार्य के दायरे के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (रु0 में):** ₹ 3701720.64 (रुपये सैंतीस लाख एक हजार सात सौ बीस एवं चौसठ पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रू0मे):** ₹ 74,000.00 (रूपये चौहत्तर हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य अवधि: एक वर्ष/12 माह, निविदा खुलने की तिथि: 20.05.2024 को 15.30 बजे,

**नोट:–1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 25.04.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर खुलने की तिथि 20.05.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3.निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/प्लांट, यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर
मुजाधि/यांत्रिक–10

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक: बेसिक / 500–01 / 2024–25 दिनांक: 25 अप्रैल, 2024

**विज्ञप्ति**

कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक / प्रशा0/ 8336–39 / 2022–23 दिनांक 09.12.2022 द्वारा आपको निलम्बित कर उसी विद्यालय प्रा0वि0 ससना, विकास खण्ड – नौगढ़, पर सम्बद्ध करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा को विभागीय जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा ने दिनांक 24.04.2023 को आरोप पत्र की छायाप्रति आपके विद्यालय प्रा0वि0 ससना विकास खण्ड– नौगढ़ पर आपको प्राप्त कराया। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 31.01.2024 के माध्यम से अवगत कराया कि जाँच अधिकारी /खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा द्वारा प्राप्त कराये गये आरोप को समर्थित करने वाले संगत साक्ष्यों की प्रतियाँ अभिकथन / प्रतिउत्तर तैयार किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जाने की आप द्वारा मांग की गयी। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या– बेसिक/प्रशा0/ 13970/2023–24 दिनांक 16 जनवरी, 2024 को आपके निवास के पते पर उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया, जो आप द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। पुन: अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक/शिकायत/14448–49 / 2023–24 दिनांक 05 फरवरी, 2024 के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 को समय अपराह्न 03: 30 साक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त सुनवाई में आप अनुपस्थित रहीं। पुन: अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य आपको प्राप्त कराने हेतु आपके विद्यालय पर दिनांक 18.04.2024 एवं 22.04.2024 को भेजा गया, परन्तु आप द्वारा साक्ष्य प्राप्त करने से मना कर दिया गया। आप भली भाँति अवगत हैं कि यह प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या: रिट–A– 723 / 2023 से आच्छादित है, परन्तु आपके असहयोग के कारण अनुशासनिक कार्यवाही में अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

अत: इस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि आप अपना उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर 10: 00 AM से 05: 00 PM तक दिनांक 30.04.2024 तक प्राप्त कर लें। अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि आरोपों को समर्पित करने वाले साक्ष्य की आपको कोई आवश्यकता नहीं है साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगी। क्योंकि प्रकरण माननीय न्यायालय से आच्छादित होने के कारण शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सिद्धार्थनगर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (SAMAR SINGH) था जिसे मैने बदलकर (SAMAR SINGH YADAV) रख लिया है। भविष्य में मुझे (SAMAR SINGH YADAV) नाम से जाना व पहचाना जाय। S/O-JASWANT SINGH Add -B,641,ELDECO CITY NEAR IIM CHAURAHA LUCKNOW-226013

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा एनटीपीसी अभिलेखों में पूरा नाम SHEETAL PRASAD SHARMA अंकित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज है। अत: एनटीपीसी अखिलेखों में भी मेरा शुद्ध नाम SHEETAL PRASHAD SHARMAदर्ज किया जाए। –शीतल प्रशाद शर्मा पुत्र तिलकराज शर्मा कर्मचारी संख्या – 080154, निवासी – A E –104, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार–रायबरेली

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दुफाना पुत्री भजन पत्नी झब्बूलाल, निवासी– ग्राम–नसीपुर मजरे मंसारा, थाना– असंद्रा, जनपद बाराबंकी** सशपथ बयान करती हूं कि मेरे भाई नकछेद पुत्र भजन निवासी पूरे लोधे सिंह मजरे बम्हरौली कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी करीब 20 वर्षो से लापता हैं। इस दौरान इन्हें न देखा गया और न ही कोई सूचना है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (ARSUMA) था जिसे मैने बदलकर (ARSHUMA JAMEEL) D/o Mohammad Muzammil jameel, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। Add 424/381 gari peer khan Near farooq tehki Chowk Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी– सूर्ज बक्शखेडा, लोदीपुर, परगना खीरों, तह0 लालगंज, जनपद–रायबरेली,** यहकि मेरे अलग–अलग दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सूरजपाल व सूर्यपाल अंकित है जबकि सूरजपाल उर्फ सूर्यपाल एक ही व्यक्ति है और मेरे पिता के रूप में जाने जाते है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम पुराना नाम (MOHAMMAD TAHQEER) था जिसे बदलकर मैने अपना नाम (MOHD TAHQEEQ) रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। MOHD TAHQEEQ S/o MOHD HAFEEZ, ADDRESS - 117/47 JAMBOOR KHANA LUCKNOW - 226001

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शेर बहादुर पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी– मान खेड़ा मजरा कनकहा थाना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरे 02 पुत्र लवकुश यादव व आशू यादव हैं। मेरा छोटा पुत्र आशू शराबी व्यक्ति है इन लतों के कारण काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है मेरे व परिवार जनों द्वारा बार–बार समझाने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र आशू यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में उसके द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आशू यादव की होगी मेरे व अन्य पारिवारिकजनों की नहीं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती परवीन पत्नी मो0 अहमद, निवासिनी–542 पीएन 28एन, निकट–मायावती होटल, असियामऊ, थाना–ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरे पुत्र मो0 आसिफ पुत्र मो0 अहमद व बहू श्रीमती कहकशां पत्नी मो0 आसिफ परिवार व अन्य लोगों के साथ लगातार गलत–व्यवहार व आचरण करते है, उक्त दोनों लोग (पुत्र व बहू) लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से अलग हो चुके हैं, आसिफ शराब के नशे में बहू कहकशां व मायके वालों के साथ आकर मार–पीट व गाली गलौज करते हैं उनसे क्षुब्ध होकर पुत्र व बहू उपरोक्त को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है व उनसे अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

## एक नजर

### मजलिस का आयोजन आज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। नगर स्थित जाफराबाद अखाड़ा परिसर में कनीज सुगरा मरहूमा के ईसाल-ए-सवाब के लिए आयोजित मजलिस-ए-चेहल्लुम को मौलाना सैयद शारिब अब्बास खिताब करेंगे। 28 अप्रैल को सुबह 9 बजे आयोजित होने वाली मजलिस से पूर्व कुरान ख्वानी का सिलसिला सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाएगा। यह जानकारी बाकर मेंहदी ने दी है।

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना जैतपुर पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों और पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना जैतपुर पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों और पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त गुफरान पुत्र अतीकुर्रहमान निवासी ग्राम वागा थाना अजीमाबाद जनपद भोजपुर बिहार को मालीपुर रेलवे स्टेशन से 100 मीटर पहले से गिरफ्तार किया है।

### मारपीट के मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि दरवाजे पर मेरी पत्नी सुशीला बहु खुशबू व बेटा प्रशांत को गांव के कुछ लोग बिना कसूर के धारदार हथियार, लाठी-डंडे व लात घूसों से बुरी तरह मारा पीटा। जिसमें खुशबू, सुशीला, अशोक, राजन का सर फट गया। मारपीट करने वाले में दीनदयाल, मिथुन, सौरभ, संजू व लल्लू शामिल थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

# आम जनता भी कर सकती है सी विजिल एप से उम्मीदवार की शिकायत

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आशा व आशा संगिनियों के साथ की गई बैठक

**सुविधा**

▸▸ जनपद में लोकससभ चुनाव को कराने के लिए 521 बसें, 868 हल्के वाहन और 50 मिनी ट्रक की है आवश्यकता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज सभागार में आशा और आशा संगनियों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित जानकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चन्द्र द्विवेदी, इडिस्ट्रिक्ट मैनेजर एजाज रसूल द्वारा विस्तार पूर्वक दिया गया। साथ ही साथ सी विजिल एप के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। अगर कोई लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानन्द, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष सिंह व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को किया गया जारूक रू वहीं मिश्री लाल इण्टर कॉलेज टांडा और राजकीय विद्युत परिषद इंटर कालेज टांडा के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिससे मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जाए।



लोकसभा चुनाव जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद सीडीओ अनुराज जैन



कार्यक्रम में मौजूद आशा और आशा संगिनी। अमृत विचार

## बाल विज्ञान प्रतियोगिता में अनामिका रहीं अव्वल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद के आरजेएस पब्लिक स्कूल कसेरुवा में बाल विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक बलवंत बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में जनपद से सैकड़ों बच्चे शामिल हुए थे। विद्यालय के प्रबंधक बलवंत बहादुर सिंह ने बताया कि स्कूल की शिक्षा के दौरान रचनात्मक उम्र में ही बच्चों को वैज्ञानिक विचारों से अवगत कराया जाए तो वह भविष्य में एक विज्ञानी के रूप में विकसित हो सकते हैं। बाल विज्ञान प्रतियोगिता में अनामिका का पहला स्थान रहा और दूसरे स्थान पर आदर्श, सृष्टि शर्मा, आरुष, श्रेया गुप्ता और तीसरे स्थान पर रितिका पांडेय, सृष्टि यादव, संदीप कुमार रहे।



अव्वल छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक बलवंत बहादुर सिंह

# बाढ़ से पूर्व निर्माण कार्य हों पूर्ण :डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से निपटने के लिए गठित स्टेयरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कटान स्थलों का निरीक्षण और कराए जा रहे कार्यों का ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तटबंधों का 10 मई से पूर्व निरीक्षण कर लें और इसमें रेनकट व रैटहोल वाले स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत कार्य कराएं।

बाढ़ बचाव के लिए बोल्डर्स, बालू भरी बोरियां, जीओ बैग्स, अन्य सामग्री व स्टाफ, मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। अति संवेदनशील तटबन्धों पर किए गए कार्यों का सत्यापन और निरीक्षण कार्य किया जाए। वर्षा अवधि में बाढ़ क्षेत्रों में सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें। तटबन्धों, बंधों के कटान और दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाएं और जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं या कराए जाने हैं उनमें गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाए। तहसील टांडा के ग्राम केवटला, मझाकला में नदी में बाढ़ आने पर कटान होती है। जिसका स्थलीय निरीक्षण कराकर अग्रिम रोकथाम के प्रबन्ध किए जाएं। तहसीलदार, एसडीएम कंट्रोल रूम की स्थापना करके उसमें शिफ्टवार ड्यूटी की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

### खराब हैंडपम्प की कराएं अधिकारी

बाढ़ के दौरान सबसे ज्यादा बाढ पीड़ितों को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न होती है। पंचायत राज अधिकारी गांवों में खराब हैंडपम्प की मरम्मत कराने के साथ ही उन्हें उच्चीकृत करा दें। गांवों के आंतरिक्त सम्पर्क मार्गों, स्ट्रीट लाइट मरम्मत का कार्य और पंचायत घर, प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी आदि का मरम्मत कार्य बाढ़ से पूर्व करा लिया जाए।

# डीएम ने वाहन मालिकों की मांगी रिपोर्ट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए स्कूली वाहन, प्राइवेट बसों, हल्के वाहन, मिनी ट्रक की शत प्रतिशत उपलब्धता के चलते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

निर्वाचन संबंधी अभी तक की तैयारियों के बारे में एआरटीओ ने बताया कि 521 बसें, 868 हल्के वाहन, 50 मिनी ट्रक की निर्वाचन के दौरान आवश्यकता है। इसके लिए वाहन स्वामियों को अधिग्रहण आदेश जारी कर दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि वाहन स्वामियों की शत प्रतिशत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र में भी वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं जाने को लेकर बैठक करें।



लोकसभा चुनाव में वाहनों की उपलब्धता को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मालीपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। बता दें कि जनपद पुलिस टीम द्वारा अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम ने शनिवार को थाना मालीपुर मे पंजीकृत विभिन्न मुकदमों और पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सूरज वर्मा पुत्र त्रिवेणी वर्मा निवासी ग्राम चिलबिली थाना सरपतहा जनपद जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर सुरहुरपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी यहां रहता था जो थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को कुछ दिन पूर्व भगा ले गया था। जिसके ऊपर किशोरी को भगाने समेत विभिनन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन किशोरी के बयान और जांच पड़ताल में दुष्कर्म का भी मामला सामने आया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल मनोज यादव शामिल रहे।

### पुलिस ने युवक से बीस हजार वसूले

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कुछ दिन पहले सम्मनपुर के ही एक युवक को पुलिस ने छेड़खानी के आरोप मे थाने मे बैठा रखा था। पुलिस की जांच में मामला गलत पाया गया। लेकिन युवक को छोड़ने के बदले में एक दीवान द्वारा 20 हजार रुपए की बात की गई। युवक के पास नगद पैसा न होने पर उसे हवालात से बाहर ले जाकर जन सेवा केंद्र पर पैसा निकलवाया गया। इसका ऑडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस के इस कारनामे पर लोग आश्चर्यचकित हैं। (अमृत विचार वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है)। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि वायरल आडियो की जांच कराई जाएगी।

# दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** बसखारी थाना क्षेत्र के परड़िया फौलादपुर में स्थित एक किराना-जनरल स्टोर की दुकान में आग लग गई। जिसमें किराना-जनरल स्टोर से संबंधित सामानों के साथ गृह उपयोग में आने वाली टीवी, फ्रीज आदि कई कीमती वस्तुएं जलकर रख हो गई। जले हुए सामानों की कीमत करीब 6 लाख रुपए की बताई जा रही है।

बता दें कि परड़िया फौलादपुर निवासी मंसाराम यादव अपने मकान में किराने-जनरल स्टोर से संबंधित दुकान किए हुए थे। जिसमें शुक्रवार की देर रात अचानक आग लग गई और देखते ही देखते मकान और दुकान में रखा हुआ सारा सामान धू-धू कर जलने लगा। हल्ला गुहार सुनकर जुटे ग्रामीणों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए आग को बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक दुकान और घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।



आग लगने से धू-धू कर जलती किराने की दुकान। अमृत विचार

# चुनाव ड्यूटी में जाएंगी सात और बसें

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कानपुर, लखनऊ और दिल्ली जाने वाले यात्रियों की मुश्किले बढ़ने वाली हैं। दरअसल सात मई से कानपुर जाने वाली चार और दिल्ली जाने वाली तीन बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। सात मई को चुनाव के लिए सात बसें सीतापुर रवाना होंगी। ऐसे में आने वाले समय में बस यात्रियों की मुश्किलें और भी बढ़ जाएंगी। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा बस यात्रियों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। क्योंकि चुनाव के लिए अकबरपुर बस स्टेशन के बेड़े से एक-एक कर बसें दूसरे जनपद के लिए जा रही हैं। अकबरपुर बस स्टेशन के बेड़े में कुल 65 बसें हैं। इनमें से अब तक कुल 22 बसें चुनाव के लिए जनपद से बाहर जा चुकी हैं। अब सात मई को सात और बसें चुनाव के लिए सीतापुर चली जाएंगी। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। एआरएम कार्यालय के अनुसार सात मई से कानपुर के लिए संचालित चार जबकि दिल्ली के लिए संचालित तीन बसें चुनाव ड्यूटी में चली जाएंगी। इन सात बसों को ही सीतापुर भेजा जाएगा। इन सात बसों के चुनाव में चले जाने से बेड़े में 36 बसें ही शेष रह जाएंगी।



अकबरपुर डिपो। अमृत विचार

### गेहूं खरीद को बढ़ाए गए छह क्रय केंद्र

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए छह नए क्रय केंद्रों की स्थापना की गई है। जिससे जनपद में अब सात एजेंसियों के 87 क्रय केंद्रों से बढ़कर यह संख्या 93हो गई है। जनपद में जिन छह क्रय केंद्रों को बढ़ाया गया है वह सभी खाद्य विभाग के हैं। जनपद में गेहूं की खरीद की गति बहुत ही धीमी है। किसान आढ़तियों के हाथ अपनी फसल को बेच रहे हैं। जिससे क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी बीच गेहूं की खरीद में तेजी लाने के लिए क्रय केंद्र की संख्या में वृद्धि की गई है। खाद्य एवं विपणन कार्यालय के अनुसार छह नए क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वह सभी क्रय केंद्र खाद्य विभाग के हैं।

# जमीनी विवाद में धारदार हथियार से हमला

▸▸ चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली टांडा क्षेत्र के मोहल्ला मीरानपुरा रौजा में जमीनी विवाद में धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने अस्पताल जाकर घायल युवक के बारे में जानकारी हासिल किया।। मोहल्ला रौजा मीरानपुरा में दो पक्षों में जमीन का विवाद काफी दिन से चला आ रहा है। जिसपर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी पारित है। घायल हयात मो. पुत्र स्व. जमील अहमद निवासी मोहल्ला हयातगंज ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को लाल देव, राम जीत पुत्र खननु यादव, बवाली पुत्र अज्ञात व विकास यादव पुत्र राम जीत यादव निवासी घसियारी टोला ने घेरकर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हल्ला गोहार पर बचाने आए मो. अरशद का मोबाइल भी छीन लिया। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रकरण में चार लोगों के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### स्टेशनरी की उपलब्धता और पैकेटिंग का कार्य जल्द करें पूर्ण



कलेक्ट्रेट सभागार में स्टेशनरी को लेकर बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी ।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले स्टेशनरी की उपलब्धता और पैकेटिंग के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बंदोबस्त अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अब तक के किए गए तैयारियों के बारे में बताया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि अब तक यह कार्य पूरा कर लेना चाहिए था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि तीन से चार दिन के अंदर स्टेशनरी की उपलब्धता और पैकेटिंग का कार्य पूरा कराया जाए।

### उपजिलाधिकारी ने जिम्मेदारों के साथ की बैठक, दिया निर्देश



टांडा तहसील सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते उप जिलाधिकारी।

टांडा, अंबेडकरगनर, अमृत विचार। तहसील परिसर स्थित सभाकक्ष में समस्त जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और मास्टर ट्रेनर की संयुक्त समीक्षा बैठक उपजिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन के समस्त महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस पर मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया और शीतल पेय जल उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है। उपजिलाधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है। आदर्श मतदेय स्थल और युवा, महिला, दिव्यांग प्रबंधित बूथ इस चुनाव के महापर्व पर विशेष आकर्षण के केंद्र रहेंगे।

### मिला युवक का शव, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव नहर में उतराता हुआ दिखाई पडा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि शनिवार सुबह कटका थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के निकट नहर में एक करीब 35 वर्षीय युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। गांव के बृजमोहन सिंह ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। दलबल के साथ पहुंची कटका पुलिस ने युवक के शव को नहर से बाहर निकाला और पहचान के लिए रखा। मृतक पैंट और शर्ट पहना हुआ है, उसके जेब में कोई कागजात नहीं मिला है। शव को देखने से पता चलता है कि दो तीन दिन पहले इसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से जानकारी हासिल किया।



घटना स्थल पर मौजूद सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य।

### नगर पालिका कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कोतवाली टांडा पुलिस ने बीते 15 दिन पूर्व हुए विवाद में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला सद्दोपुर मुबारकपुर निवासिनी एकता गुप्ता पुत्री प्रेम प्रकाश ने आरोप लगाया कि बीते 12 अप्रैल को जब वह अपनी जमीन पर निर्माण करा रही थी उसी समय नगरपालिका कर्मी अनूप यादव पुत्र धर्मराज ने गाली-धमकी देते हुए बाल पकड़ कर मारा पीटा। बचाने के लिए आए उसके भाई को भी गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पीटा।

**आपदा** | मजबूरी में घर से बाहर निकल रहे हैं लोग, बढ़ रही हैं बीमारियां, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

# चिलचिलाती धूप ने लोगों को सताया, पारा 42 पर पहुंचा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** धूप की तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों के बीच शनिवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से दिन में प्रमुख बाजारों में चहल-पहल कम रही। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है।

गर्मी अपना कहर बपरा रही है। हाल कुछ यूं है कि सुबह से शाम तक कड़ी धूप लोगों को झुलसा रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है। दोपहर के समय अब चिलचिला देने वाली धूप लोगों को सताने लगी है। सुबह का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है । लोग दोपहर में घरों में ही दुबके नजर आ रहें हैं। मजबूरी की वजह से निकलना भी पड़ रहा है तो वह धूप से बचने के लिए गमछा-तौलिया तो रख ही रहें हैं। लोगों ने बताया कि फिलहाल वह मजबूरी में ही घरों के बाहर निकल रहे हैं। अगर निकल भी रहें हैं तो गमछा और पानी साथ में लेकर चल रहे हैं। आसमान से बरसती आग व गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बढ़ते तापमान का आलम यह है कि शनिवार को दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।



अकबरपुर-टांडा मार्ग पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### बाजारों में पसरा सन्नाटा

सुबह से ही हो रही भीषण गर्मी से लोगों का घर से निकलना मुश्किल रहा। अकबरपुर के शहजादपुर, नई सड़क, अकबरपुर-अयोध्या मार्ग, बस स्टेशन क्षेत्र के साथ ही बसखारी, जहांगीरगंज, टांडा, भीटी समेत अन्य बाजारों में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। सबसे अधिक समस्या छात्र-छात्राओं को हो रही है। दोपहर के समय छुट्टी होने के बाद छात्र-छात्राओं को स्कूल से घर जाने में काफी परेशानी होती है। अभिभावक मोहित पांडेय, शनि, आनंद तिवारी रोहित ने कहा कि छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी कर देना चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी को देखते हुए अलर्ट पर मोड है। जिला अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी पर कोल्ड वार्ड की स्थापना कर दी गई है। इसके साथ ही हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अपील की जा रही कि घर से बाहर निकलने के दौरान सिर और चेहरे को ढककर रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। समय-समय पर पानी पीते रहें। सीएमओ बोले रू मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जनपद के सभी अस्पतालों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## एक नजर

### राशनकार्ड बनवाने के लिए चक्कर लगा रहे लोग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** राशनकार्ड के लिए पूर्ति कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ा है। राशनकार्ड में पात्र की जगह अपात्र का चयन हो गया है। जिससे लोग परेशान हैं। राशनकार्ड बनवाने आए रमेश, उमेश, श्याम, राजरानी, कलावती ने बताया कि एक महीने से राशनकार्ड बनवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं अधिकारी बार-बार दौड़ा रहे हैं। इन सभी लोगों ने प्रशासन से राशनकार्ड जारी करने की मांग की है।

### कटहा घाट टेढ़ी नदी की लाखों की मिट्टी बेची

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गोंडा से परसपुर मार्ग पर कटहा घाट के पास टेढ़ी नदी की कछार की मिट्टी निकाल कर माफियों ने लाखों रुपए में बेच दी। दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर, जेसीबी से मिट्टी का खनन कर लोगों ने बेच दी। इसकी शिकायत नेचर क्लब के अभिषेक दूबे ने जिलाधिकारी को उनके एक्स एकाउंट पर फोटो पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की है।

### पीने के पानी की व्यवस्था करने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** फल व सब्जी मंडी में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है। गर्मी प्रचंड रूप में पड़ रही है। पानी टंकी से सप्लाई न होने से किसानों व्यापारियों को समस्या हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि प्रत्येक माह हम लोग टैक्स देते हैं लेकिन मंडी प्रशासन की ओर से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। काफी समय से पानी की टंकी से पानी नहीं आ पा रहा है। मंडी प्रशासन से कई बार पानी की व्यवस्था करने की मांग की गई । लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए कुछ व्यापारियों ने व्यक्तिगत रूप से नल भी लगवा लिया है। व्यापारियों में हामिद, फिरोज आदि ने पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### सड़क पर बह रहे नाली के पानी से लोगों में रोष

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की जल निकासी व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। आने जाने वाले लोगों को समस्या हो रही है। मोहल्ला वासी से बार-बार नगर पालिका के कर्मचारियों को समस्या से अवगत करा रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पा रहा है। स्टेशन रोड स्थित लोहिया धर्मशाला के सामने डॉक्टर ओझा की गली पर मुख्य मार्ग पर ही सड़क पर नाली का पानी बह रहा है । यहां पर रहने वाले लोगों ने समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। लेकिन कोई ठोस निदान समस्या का नहीं हो पाया है। मोहल्ले के रहने वाले मोनू, रमेश, पंकज, आशीष, मयंक, गोली ,उमेश, महेश ,शिवा शास्त्री, मनोज, गायत्री आदि लोगों ने जल भरा उसे मुक्ति की मांग की है।

# गैस सिलेंडर पर स्टीकर लगा वोटरों को कर रहे जागरूक

## जिलापूर्ति विभाग की अगुवाई में गैस एजेंसी के माध्यम से चलाया जा रहा व्यापक अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी हो इसको लेकर शासन प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। मतदान बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

जिले में 20 मई को पांचवें चरण का चुनाव होना है। नामांकन 26 अप्रैल से शुरू हो चुका है अब तक करीब दो दर्जन नामांकन पर पत्र भी बिक चुके हैं। जिला प्रशासन मतदान के दिन मतदाता घर से निकलकर मतदान करें। इसको लेकर जागरुक कर रहा है। जिला पूर्ति विभाग के अफसर गैस एजेंसी के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं। जिले में करीब 72 गैस एजेंसी हैं जो 5 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह घरेलू गैस उपलब्ध करा रही हैं। प्रशासन की कोशिश है कि जो घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर पर जा रहा है। उस पर मतदान जागरूकता के स्लोगन का स्टीकर हर हाल में लगे और जब उपभोक्ता के घर पहुंचे तो लोग उसे स्लोगन को पढ़कर मतदान के लिए प्रेरित हो। फिलहाल पूरे जिले में गैस एजेंसी संचालक पूर्ति विभाग के देखरेख में जागरूकता अभियान चला रहे हैं जो वाहन गैस सिलेंडर को लेकर जा रहे हैं उन पर भी बैनर लगाया गया है। जिसमें लिखा गया है पहले मतदान फिर जलपान इन स्लोगन को देखकर मतदाता अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित होगा। पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सभी गैस एजेंसी के माध्यम मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है लोकतंत्र के महाकुंभ में अधिक से अधिक लोग मतदान करें इसको लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की सभी लोग अपने आसपास के मतदाताओं को आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह शिवम गैस एजेंसी के संचालक सुरेंद्र मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


सिलेंडरों पर मतदाता जागरूकता का स्टीकर लगाते आपूर्ति विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

# मारपीट में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल, एक दर्जन से अधिक पर केस

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** मारपीट की घटनाओं में दो महिलाओं सहित चार घायल हो गए। पुलिस ने एक दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया है।

परसपुर के ग्राम पदारथ पुरवा सेमरी निवासी राजन पाण्डेय ने बताया उनके गांव के शिवशंकर पाण्डेय, महीप पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय आदि ने नाली विवाद को लेकर गाली दी और मारपीट की। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के चौहान पुरवा परेटा की है। वहां की लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर विनय सिंह चौहान व पूनम सिंह, सौरभ सिंह उनके घर चढ़ आये। गाली देते हुए मारपीट की।

तीसरी घटना पसका टेढ़ई मांझा की है। वहां के संदीप पासवान ने बताया कि ग्राम फेरा थाना उमरी बेगम गज से वापस अपने घर आ रहा था कि रास्ते में बसुटियन पसका के पास समय लगभग रात दो बजे गहू पासवान तथा धोधे पासवान निवासी ग्राम चन्दापुर किटौली उन्हें अनायास भद्दी-भद्दी गाली देते हुए मुक्का डन्डा मारने लगे। चौथी घटना ग्राम चौहान पुरवा परेटा निवासी पूनम सिह ने बताया कि उनके गांव निवासी जगजीवन सिह, सुरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह तथा गोलू सिंह ने उन्हे एक राय होकर लाठी डन्डा लेकर घर पर चढ आये और भद्दी भद्दी-भद्दी गलियां देने लगे जब प गाली देने से मना किया तो मारने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों ने गंवाई जान

## दो थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजा

संवाददाता, करनैलगंज/इटियाथोक

**अमृत विचार :** शुक्रवार की रात दो थाना क्षेत्रों में बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


टिंकू शुक्ला।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात रात बारात से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिसमें उसकी मौत हो गई।

करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम देवी तिलमहा के मजरा पंडापुरवा निवासी टिंकू शुक्ला (30) पुत्र माधव राज बाइक से शुक्रवार की रात परसपुर क्षेत्र में एक बारात में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय करनैलगंज-परसपुर मार्ग पर मेंहदीहाता नचनी के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना इटियाथोक में घटी। कहीं से आ रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, जिससे अज्ञात बाइक चालक युवक की मौत हो गई। गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी जानकी नगर क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की देर रात बलरामपुर से गोंडा की ओर आ रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के गड्ढे में जा गिरी। 25 वर्षीय अज्ञात बाइक सवार युवक की मौत हो गई।


इटियाथोक में जानकीनगर के पास खाई में गिरी बाइक व युवक। अमृत विचार

सूचना पर जानकीनगर चौकी प्रभारी चंद्रसेन वर्मा ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। दुर्घटनाग्रस्त बाइक का नंबर यूपी 42 क्यू 6348 बताया जाता है। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मृतक युवक की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान विशाल सिंह(25) पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम अमदही थाना उमरी बेगमगंज गोंडा के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना देकर पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है। इधर, शुक्रवार की रात हुए दोनों सड़क हादसों के बाद सुबह घटनास्थल पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बढ़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। काफी देर तक शवों के पहचान की कवायद चलती रही।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार :** एक युवक की ट्रेन से गिर कर मौत हो गयी। रेलवे के मेमो पर स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। शनिवार की सुबह झिलाही मोतीगंज रेलवे ट्रैक के बगल युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव के शिनाख्त के लिए प्रयासरत रही व मृतक के पैंट में तलाशी के दौरान कोई ऐसा प्रपत्र नहीं मिला जिससे मृतक युवक की पहचान हो सके। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि 30 वर्षीय युवक का शव झिलाही मोतीगंज स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे से बरामद किया गया है। शव की पहचान करने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं हो सका। प्रथम दृष्टया ऐसे लगता था कि यात्रा करने के दौरान युवक ट्रेन से गिर गया है। उसके सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है। देखने में ऐसा लगता है कि उसका हाथ टूट गया है। युवक के दाहिने हाथ में अंग्रेजी में राजू डॉट के लिखा हुआ है और पीएम के लिए मुख्यालय भेजा गया है।

### आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक का स्थानांतरण

**मनकापुर, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक उदय राज का जिला सीआईबी अपराध शाखा में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक मनकापुर अभिषेक त्रिवेदी की अध्यक्षता में आरपीएफ पोस्ट मनकापुर स्टाफ द्वारा विदाई समारोह मनकापुर स्टेशन पर आयोजित किया गया। विदाई समारोह में स्टेशन के अन्य विभागों के पर्यवेक्षक व स्टाफ तथा मनकापुर बाजार के दुकानदार, स्थानीय ग्रामीण व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। निरीक्षक का दो वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा। इनके द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व माघ मेला के दौरान रेलवे व यात्री सुरक्षा बंदोबस्त करने में अहम भूमिका निभाई गई व अपराधों पर रोकथाम किया गया। जिसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा इन्हें स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार से पिछले महीने लखनऊ में सम्मानित किया गया था।

# आग से बचाव के संसाधन देखे

## पुलिस अधीक्षक ने अग्निशमन केंद्र का किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** एसपी विनीत जायसवाल ने शनिवार को अग्निशमन केंद्र का निरीक्षण किया। इसमें भवन, कार्यालय, परिसर, बैरक व भोजनालय कक्ष का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आग से बचाव के लिए उपलब्ध संसाधनों, कटर, फायर टैंकर आदि का जायजा लिया। सायरन को चेक किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने मुख्य शमन अधिकारी को पेट्रोलपंपों, गैस एजेंसियों, होटलों व मॉलों में मानक के अनुरूप अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने को कहा। मुख्य शमन अधिकारी ने अग्निशमन वाहनों के बारे में बताया गया कि सदर क्षेत्र में तीन अग्निशमन वाहन उपलब्ध है जो प्राप्त इवेन्ट पर क्षेत्रों में गयी हुई है।उन्होंने बताया कि अक्सर देखा गया है कि जनपद में गेहूँ के फसल की कटाई किसानों द्वारा कम्पाइन एवं अन्य मशीनों से कटवाकर अवशेषों को खेतों में जला दिया जा रहा है। जिससे अन्य किसानों के खेतों में आग लग जा रही है। अग्निकाण्ड की घटना अधिक होने के कारण सभी घटनाओं में पहुंचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। किसानों को फसल अवशेष न जलाने हेतु जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले गांवों के प्रधानों व किसानों के साथ गोष्ठी कर फसल अवशेष को न जलाने के सम्बन्ध में तथा फसल अवशेषों को ग्राम प्रधान के जरिए निकटवर्ती गो आश्रय स्थल भिजवाए जाने के निर्देश दिए। किसानों के मध्य व्यापक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत कराने हेतु पत्राचार करने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी को कहा गया। जिससे गर्मी के मौसम में खेतों में आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके।

# आग से मवेशी की मौत, तीन घर जले

**नवाबगंज, अमृत विचार:** चूल्हे की चिंगारी से लगी आग से तीन घरों की गृहस्थी राख हो गई। आग में तीन मवेशी भी झुलस गए जिसमें एक की मौत हो गई।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा के पूरे राम प्रसाद गांव निवासी दिनेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को खाना बनाने के बाद चूल्हे में बची राख से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। आग की लपटों ने पूरे घर को जला दिया। देखते ही देखते आग से जितेन्द्र यादव और अनिल यादव के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। अचानक लगी आग से गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड तथा गांव वालों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया लेकिन तब तक घर में खड़ी बाइक और बीस हजार रूपया नगद, लगभग 37 बोरा गेहूं, बर्तन, कपड़ा, चारपाई जल कर राख हो गई। आग की चपेट में आने से दो गाय व एक बछड़ा भी झुलस गये जिसमें एक गाय की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पशु डाक्टर प्रदीप यादव तथा हल्का लेखपाल विनीत कुमार ने मौके पर पहुंच कर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट बनाकर सहायता के लिए शासन को भेज दिया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि लालजी यादव ने बताया कि पीड़ित परिवार को तहसील से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पीड़ित परिवारों ने बताया कि गांव वालों ने पहुंच पर राशन मुहैया कराया।


अगलगी की घटना में जला खेत। अमृत विचार

### आग से पेड़ और खेत में रखा भूसा जला

**खरगूपुर, अमृत विचार :** आग से सैकड़ों पेड़ व फसल तथा रखा भूषा जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन दल व डायल 112 पुलिस ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुटी। शनिवार दोपहर में लगी भीषण आग से सैकड़ों पेड़ व खेतों में मड़ाई के लिए रखा गेहूं व भूसा जलकर राख हो गया। बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत मेझरिया गांव के पूरब खेतों में लगी आग से खरगूपुर थाना क्षेत्र के असिधा, राम तलाव, गोहन्ना, लहदोवा व ऐलहवा परसपुर में राम सेवक, प्रयागदत्त का भूषा तथा इब्राहिम, गंगा प्रसाद पाण्डेय, प्रेमनाथ पाण्डेय व ननके का लगभग 20 बीघा गेहूं का फ़सल जल गया।

# एसपी ने बैरियर पर की चेकिंग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बार्डर पर लगे बैरियरों को चेक कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की। एफएसटी टीम को चेक कर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि एफएसटी टीम ने अब तक संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों को चेक कर 5 लाख 90 हजार रुपये नगद व 01 किलो 870 ग्राम चांदी की बरामदगी की है। उन्होंने बताया कि जनपदीय पुलिस ने अब तक कुल 27,396 व्यक्तियों को धारा 107/116 अंतर्गत पाबन्द किया है। शस्त्र अधिनियम में 20 अवैध शस्त्र व 25 अवैध कारतूसों को बरामद किया गया तथा अब तक कुल 45 लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट भेजी गई है, जिसमें से 14 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कराया गया है। एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए 11 मामले में कुल 12 किलो 78 ग्राम अवैध गांजा, 1913 नशीली गोलियां व 50 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया गया है। आबकारी अधिकारी ने 1373 लीटर अवैध कच्ची शराब, 35.64 लीटर देशी शराब व 72.54 लीटर विदेशी मदिरा सहित 43.5 लीटर बीयर बरामद किया गया है । कुल 40 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई है तथा कुल 23 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।


चेकिंग के दौरान पूछताछ करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार


घटना के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### सीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही के घर लाखों की चोरी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात सिपाही के घर लाखों चोरी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। डॉग स्क्वायड टीम ने भी पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर अंतर्गत नाथनगर बड़गांव के रहने वाले यशवंत सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तैनात हैं। वह पुलिस महकमे में आरक्षी के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार की रात उनके रिश्तेदारी में शादी थी। पूरे परिवार के साथ वह बाराबंकी गए हुए थे। एक व्यक्ति उनके बगल का घर में सो रहा था। जिसको बता कर गए थे। उसने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है और चोरी हो गई है। पीड़ित सिपाही के मुताबिक 15 -16 लाख रुपये का गहना व दो लाख नगद की चोरी हुई है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर, नगर कोतवाल व चौकी इंचार्ज ने पहुंच कर जांच शुरू कर दी। डॉग स्क्वायड की टीम ने भी जांच की है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है जल्दी खुलासा किया जाएगा।

# कल से नामांकन दाखिले में आएगी तेजी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन 23 ने प्रपत्र लिए। लेकिन दाखिल किसी ने नहीं किया। पुरोहितों से मुहूर्त निकलवा रहे दावेदारों के सोमवार से नामांकन पत्र दाखिल करने में तेजी आएगी। वहीं कैसरगंज से आधा दर्जन लोगों ने पर्चे खरीदे हैं लेकिन अखाड़ा अभी पार्टियों के पहलवानों से सूना है।

तीन मई तक चलने वाले नामांकन दाखिले में दो दिन निकल गया। रविवार को अवकाश रहेगा। इसलिए चौथे दिन यानि सोमवार से नामांकन दाखिले में तेजी आने की संभावना है। वैसे तीन मई को शाम तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। पांच दिनों में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सभी लड़ाके सामने आ जाएंगे। 59-गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह तथा समाजवादी पार्टी से श्रेया सिंह ने नामांकन पत्र दो व चार सेटों में ले लिए हैं। बताया जा रहा है कि एक से तीन मई के बीच सपा की श्रेया वर्मा नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसी तरह शुभ मुहूर्त देखकर भाजपा के उम्मीदवार भी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। कैसरगंज से सपा, भाजपा, बसपा से अभी किसी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं हुई है। निर्दल के रूप में छह लोगों ने नामांकन पत्र लिया है। इसमें तीन लोग बाहर जिलों के हैं जबकि तीन गोंडा व बहराइच जिले के लोग शामिल हैं।


नामांकन पत्र दाखिला स्थल पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**परेशानी** सुबह दस बजे के बाद सड़कों पर पसर जा रहा सन्नाटा, शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग, शाम को बाजार हो रहे गुलजार

# लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल, धूप से बढ़ रही आंखों की बीमारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी तेवर दिखा रही है। लोग परेशान हैं। लू के थपेड़ों के बीच किसी तरीके से अपना काम निपटा रहे हैं। लगातार पड़ रही गर्मी लोगों को रुलाने लगी है अस्पताल में भी डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतरने लगे हैं। प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण शनिवार को लोग बेहाल नजर आए। तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकत तापमान 41 व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। मौसम के तल्ख मिजाज को देखते हुए अधिकांश लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं, लेकिन कामकाजी लोगों का धूप में निकलना विवशता है। दिनभर वातावरण में धुंध छाए रहा जिससे उमस और बढ़ गई। फील्ड में कार्य करने वाले लोग तीखे धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सुबह होते ही तापमान बढ़ने लगता है जिसके चलते मजदूर खेतों में काम करना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से किसानों के खेतों की कटाई और मड़ाई प्रभावित हो रही है। जिले के रगड़गंज इटियाथोक, अलावल देवरिया, मोतीगंज, बेलसर, तरबगंज, कटरा बाजार, खरगूपुर, परसपुर, सुभागपुर, वजीरगंज, डुमरियाडीह आदि क्षेत्रों में किसानों की फसलें अभी खेतों में हैं। गर्मी का आलम यह है कि घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरा शरीर ढंककर चल रहे हैं। तेज धूप और गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। वहीं लू के थपेड़े लोगों को झुलासने का कार्य कर रहे हैं। लोगों को मानना है कि अप्रैल माह में जो गर्मी पड़ रही है इस गर्मी की शुरुआत मई जून में होती थी। इस समय सहालग का भी दौर चल रहा है। लोगों के रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम जोर शोर से हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी के चलते लोग बीमार भी पढ़ने लगे हैं। अस्पताल में भी डायरिया, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं।


धूप के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा।

### धूप व लू से बढ़ रही आंखों की बीमारी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने से आंख की बीमारियां भी बढ़ रही हैं। लोगों के आंख में जलन व दर्द हो रहा है। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है । चिलचिलाती धूप केवल त्वचा को ही नुकसान नहीं पहुंचा रही है, बल्कि आंखों को भी प्रभावित कर रही है। धूप की वजह से लोग ड्राई आई के शिकार हो रहे हैं। आंखों में नमी कम हो रही है। धूल भरी हवा से आंखों में लालिमा और एलर्जी की समस्या बढ़ी हैं। मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग में आंखें लाल, जलन, आंखों का सूखना व पानी आने की समस्या के प्रतिदिन 70 से 80 मरीज आ रहे हैं।



# ठगी की गई धनराशि पुलिस ने वापस कराई

**रुपईडीह, अमृत विचार:** एक सप्ताह पहले कौड़िया के भैरमपुर गांव निवासी सबन के खाते से बजाज फाइनेंस की ओर से रिडीम करने के नाम पर सात हजार नौ सौ तीस रुपए की खाते से आहरित की गई धनराशि में से साइबर पुलिस की टीम ने चार हजार चार सौ 65 रुपए की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पहले पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जिसमें उसने कहा कि बजाज फाइनेंस की ओर से रिडीम करने के नाम पर सात हजार नौ सौ तीस रुपए की धनराशि उसके खाते से ठगी कर ली गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल गोंडा के सहयोग से थाने के पोर्टल संचालक आरक्षी विशाल सिंह व संगम द्विवेदी तथा साइबर हेल्प डेक्स प्रभारी महिला आरक्षी आरती रावत द्वारा कार्रवाई करते हुए बजाज फाइनेंस के द्वारा ठगी की गई धनराशि में से चार हजार चार सौ 65 रुपए की धनराशि पीड़ित की खाते में वापस करा दिया गया है। धनराशि की वापसी होने पर आवेदक ने पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल व थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### लोकसभा नामांकन के लिए कक्ष निर्धारित

**बलरामपुर।** आगामी 29 अप्रैल से जिले में श्रावस्ती लोकसभा तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए डीएम अरविंद सिंह ने कलेक्ट्रेट में नामांकन कक्षों का निर्धारण कर दिया है ।डीएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एडीएम वित्त एवं राजस्व कक्ष संख्या 30 में श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं एडीएम न्यायिक कक्ष संख्या 35 में गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

### गन्ना सर्वे के दौरान खेत पर मौजूद रहे किसान

**उतरौला।** बजाज चीनी मिल इटई मैदा के सभागार में चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के संयुक्त गन्ना सर्वेक्षण नीति के तहत चीनी मिल और गन्ना विभाग के कर्मचारियों को गन्ना सर्वे से संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा ने किसानों से अपील किया गया कि किसान गन्ना सर्वे के दौरान अपने खेतों पर उपस्थित रह कर अपने खेतों का सही-सही गन्ना सर्वे अवश्य करा लें जिससे आगामी पेराई सत्र में किसानों को गन्ना आपूर्ति करने कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस अवसर आर एस मिश्रा एजीएम केन, नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला आदि लोग मौजूद रहे।

### लछुआपुर के पास मिला नहर मे डूबे युवक का शव

**बलरामपुर।** शुक्रवार को मोतीपुर टिटहरिया निवासी भगवानदीन (20) अपने दोस्तों के पास साथ सरयू नहर में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। दोस्तों ने गांव जाकर मामले की जानकारी दी। ग्रामीण, परिजन तथा पुलिस शव की तलाश में जुटे थे। शव की तलाश के लिए गोताखोर भी बुलाए गए थे ।शनिवार सुबह युवक का शो लछुआपुर गांव के पास नदी में उतरता हुआ पाया गया है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### एसपी ने भारत-नेपाल सीमा के बूथों पर लिया जायजा

**बलरामपुर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा चुनाव को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना पचपेड़वा क्षेत्र अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय बेलभरिया व उच्च प्राथमिक विद्यालय परसरामपुर के समस्त बूथों भौतिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना पचपेड़वा के गिद्धहवा बार्डर पर पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, बैरियर आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### श्रावस्ती में कल से प्रारम्भ होगी नामांकन प्रक्रिया

**श्रावस्ती।** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार 16 मार्च, 2024 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा की जा चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार जनपद में 29 अप्रैल को रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जायेगी। दिनांक 29 अप्रैल, 2024 से नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। रिटर्निंग आफिसर द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 58-श्रावस्ती हेतु न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कक्ष संख्या-30, कलेक्ट्रेट बलरामपुर में नामांकन पत्र प्राप्त किये जायेंगे।

# पर्यावरण की चुनौतियों का मिलकर करें सामना

**अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन**

- एमएलके पीजी कॉलेज में शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने रखी अपनी राय

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कालेज सभागार में शनिवार को जीवविज्ञान संकाय और एशियन बायोलॉजिकल रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन नेपाल, बांग्लादेश व भारत के अलग-अलग राज्यों से तमाम शिक्षाविद व शोधार्थी शामिल हुए। शिक्षाविदों ने पर्यावरणीय चुनौतियों पर चर्चा करते हुए सतत विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. अशोक कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि बांग्लादेश विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. विनय चक्रवर्ती, नेपाल विश्वविद्यालय के कीनोट स्पीकर प्रो. दिलीप झा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी मिश्र, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आरके मोहंता एवं प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव अपने हित एवं विकास के लिए लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है।

# कल से शुरू होगा नामांकन, तैयारी अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**नियम**

- प्रत्याशी के अलावा चार समर्थकों को ही नामांकन कक्ष में मिलेगा प्रवेश



बलरामपुर कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्ष के पास की जा रही बैरिकेडिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रावस्ती लोकसभा के लिए छठे चरण में मतदान होना है।बलरामपुर कलेक्ट्रेट परिसर में लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है। चुनाव मैदान में अपनी दावेदारी ठोकने के लिए प्रत्याशी सोमवार 29 अप्रैल से कलेक्ट्रेट परिसर में बने एडीएम कोर्ट में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए पूरे परिसर व प्रत्याशियों के आने वाले मार्ग की बैरीकेडिंग कराई जाएगी। नामांकन के दौरान परिसर में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल के साथ ही चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं।प्रत्याशी अपने वाहनों से बहराइच रोड स्थित कलेक्ट्रेट मोड़ से पहुचेंगे । उन्हें अपने वाहन यही पर छोड़कर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चार समर्थकों के साथ पैदल ही नामांकन कक्ष तक जाना होगा। इस दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को आदर्श चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करना होगा। बताया कि प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया के संबंध में पहले भी पूरी जानकारी दी जा चुकी है। नामांकन की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी इसलिए समर्थक ऐसा कोई कार्य न करें जो आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता हो।

# मतदान केंद्रों पर हों बेहतरीन सुविधाएं : डीएम

## कई मतदान केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, अधिकारियों की लगाई क्लास



बलरामपुर में नाव में सवार होकर मतदान केंद्र भरवलिया का निरीक्षण करने जाते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** चुनाव के त्योहार में एक एक वोट की अहम महत्व है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान बूथ पर मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी चाहे मतदान बूथ कितनी भी दुर्गम इलाके में क्यों न हो ।

जनपद दुर्गम इलाकों में स्थित मतदान बूथ जहां पर नदी पार करके जाना पड़ता है तथा घने जंगलों से होकर जाना पड़ता है ऐसे मतदान बूथ का डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। डीएम द्वारा तहसील उतरौला में दुर्गम क्षेत्र में स्थित मतदान बूथ भारवलिया पर नाव से नदी पार कर पहुंचा गये। इस दौरान उन्होंने बूथ पर मूलभूत सुविधाएं विद्युत की पहुंच, स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, साफ सुथरे शौचालय, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, रसोई आदि जायजा लिया। उन्होंने स्वयं नल एवं हैंडपंप चलाकर पानी की उपलब्धता को देखा, निरीक्षण में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु पूर्व में की गई बैठकों में दिए गए निर्देशों में क्रम में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं।

डीएम ने मतदान के दिन पर्याप्त मात्रा में सुराहियों एवं घड़ों में ठंडा पेयजल उपलब्ध कराए जाने, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था रखे जाने का निर्देश दिया। इससे दौरान उन्होंने प्राथमिक पाठशाला नंदौरी एवं प्राथमिक पाठशाला मझारीतप्पाबांक मतदान बूथ का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय मझारी में नलों की टोटी ना होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कराए जाने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत डीएम द्वारा विकासखंड पचपेड़वा में कठिन क्षेत्र में घने जंगलों से होकर गुजरते हुए शैडो एरिया के मतदान बूथ प्राथमिक विद्यालय चंदनपुर, प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर कोडर, प्राथमिक विद्यालय सेमरहवा, प्राथमिक विद्यालय भूसहर पूरई का निरीक्षण किया गया। यह मतदान बूथ मोबाइल नेटवर्क की पहुंच से बाहर है , जिसके लिए इन मतदान बूथों पर अस्थाई मोबाइल टावर की व्यवस्था का निर्देश दिया । इस दौरान डीएम ने इन मतदान बूथों पर मूलभूत सुविधाएं विद्युत की पहुंच, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई की व्यवस्था, रसोई आदि का जायजा लिया। मतदान बूथ में अलग से स्टैंड फैन की व्यवस्था किए जाने, मतदाताओं के लिए सुराहियों एवं घड़ों में ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, टेंट लगाकर पर्याप्त छाया की व्यवस्था, बुजुर्ग, महिलाओं के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने मतदान के दिन मतदान बूथ पर शौचालयों की छह बार साफ सफाई कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को बूथ पर मतदान से एक दिन पहले रात्रि एवं मतदान के दिन स्वच्छ एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराए जाने एवं समय से चाय एवं नाश्ता उपलब्ध कराए जाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को दिया। डीएम ने कहा कि जनपद के सभी मतदान बूथ पर मतदाताओं को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने को दृढ़ संकल्पित है ।चाहे कितने भी दुर्गम व कठिन स्थान पर मतदान बूथ क्यों ना हो, मतदाताओं को मतदान बूथ पर अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह पूरी कवायद के पीछे यह सोच है कि एक भी वोटर अपने मताधिकार से वंचित ना होने पाए। इस अवसर पर एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, एसडीएम तुलसीपुर अभय सिंह, क्षेत्राधिकार उतरौला, तुलसीपुर, संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ के मद्देनजर बैठक में बनी रणनीति

- डीएम ने विभागीय अधिकारियों को लू एवं सूखा प्रबंधन के लिए पहले से तैयारी एवं प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ के मद्देनजर जनपद स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने सभी संबन्धित विभागीय अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बन्धित तैयारियों को बाढ़ से पहले पूर्ण कर लेने के साथ ही लू एवं संभावित सूखे से बचाव के लिए तैयारियां एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड जेके लाल द्वारा बताया गया कि बाढ़ खण्ड द्वारा वर्तमान में 05 बाढ़ निरोधक कार्य कराये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने एक्सईएन बाढ़ खण्ड को निर्देशित किया कि वे एमएलटीडी तटबंध के निर्माण कार्य कटान के संवेदनशीलता के आधार पर स्थानों का चिन्हांकन करते हुए जून से पहले हर हाल में पूरा करायें तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं को आगामी 20 मई तक पूर्ण कराकर रिपोर्ट दें। अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड को निर्देश दिए कि वे बाढ़ क्षेत्रों की सूची उनके बाढ़ खण्ड के अनुसार तैयार करा लें जिससे बाढ़ के दौरान राहत कार्य पहुंचाने में दिक्कत न हो। निर्देश दिए कि बाढ़ खण्ड के अधिकारी ऐसे नालों का सर्वे करा लें जो कि जनपद में बाढ़ के कारक हैं। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर बाढ़, लू एवं सूखा प्रबंधन सम्बन्धी बैठक आयोजित कर अपने स्तर पर तैयारियों की समीक्षा कर लें।

# आग से 50 परिवारों की गृहस्थी हुई राख



बलरामपुर के लंबी कोहल गांव में आग में जली घर गृहस्थी। अमृत विचार

**बलरामपुर/उतरौला, अमृत विचार।** हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र के लंबी कोहल गांव में हिदायतुल्लाह के घर से अज्ञात कारणों से लगी आग में नईम, मोहर्रम अली, मुबारक, कमरू निशा, रुस्तम, हामिद, वाहिद, हकीम, हनीफ, हासिम, तैय्यब, सोहेल, उबेद, फिरोज, इस्लाम, मुजीम, नसीम, जुबैद, जमील, जलील, शकील, वकील, इरफान, रईस, सुभान, इकबाल ननकऊ, रोशन जहां, आदिल, इरशाद, कलीम, रफीउल्लाह, समीउल्लाह, समेत 50 घर जलकर राख हो गया जिसमें मोहर्रम अली की 11 बकरी मुबारक की दो बकरी तथा कमरू निशा की 25 बकरी जलकर मर गई। जबकि अकरम की एक भैंस झुलस गई है। प्रधान प्रतिनिधि विजयपाल यादव की सूचना पर फायर ब्रिगेड तथा स्थानीय थाने की पुलिस के मदद से आग पर काबू पाया गया। हल्का लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। तहसील उतरौला के ग्राम पंचायत बारम के मजरा कोहेनिया में संतोष कुमार, राजेश कुमार, लवकुश पुत्र सतगुरू का पांच बीघा गेहूं का फसल व विंदु कुमार पुत्र जगदीश का चार बीघा गन्ना का फसल जलकर राख हो गया।ग्रामीणों के अथक प्रयास व पंपिंग सेट के जरिये घंटों मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तेज पछुवा हवा के चलने से आग बुझाने में लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ा।

सोहेल्वा वन्य जीव प्रभाग रेंज तुलसीपुर के भगवानपुर जलाशय के निकट के जंगलों के लगभग 10 बीघे में लगी भीषण आग, आग बढ़ते बढ़ते भगवानपुर बांध में भी आ गई जिसमें लगे घास-फूस तथा झाड़ियां जलकर राख हो गए।

तुलसीपुर रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि सूचना पर जंगल में फौरन पहुंचकर वन कर्मियों तथा ग्रामीणों के साथ आग पर काबू पा लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी योजनाओं पर की चर्चा



बलरामपुर जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी के साथ बैठक करते भाजपा जिला प्रभारी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को भाजपा कार्यालय अटल भवन पर संयुक्त मोर्चा जिला पदाधिकारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मोर्चाओं के आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल रावत रस्तोगी ने कहा कि सभी मोर्चा के पदाधिकारी की जिम्मेदारी काफी अहम है। चुनाव का समय चल रहा है। मोदी की गारंटी पर देश की जनता को विश्वास है। विपक्ष देश में सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है जबकि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार जनता का विश्वास जीतने का कार्य कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 के पार सीटें मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं को बताने का कार्य करें। सभी मोर्चा के पदाधिकारी लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र व प्रदेश की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें जिससे अधिक से अधिक संख्या में जनता को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश त्रिपाठी तरुण, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललित तिवारी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शशांक सिंह गौरव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवकुमार वाल्मीकि व पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौधरी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण से नदारद सात कर्मियों पर दर्ज होगी एफआईआर

**श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाये गये कार्मिकों का प्रशिक्षण अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा में शुक्रवार से कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कुल सात कार्मिक क्रमशः सहायक अध्यापक रचना देवी प्रा .वि . अख्तर नगर, सहायक अध्यापक राजेश कुमार कम्पोजिट विद्यालय दामोदरा, सहायक अध्यापक सुभावती जूनियर हाईस्कूल बलनपुर, सहायक अध्यापक पीयूष मिश्रा कम्पोजिट विद्यालय कोकल, सहायक अध्यापक प्रशान्त मिश्रा प्राथमिक विद्यालय भिठौरा, सहायक अध्यापक अनुजा परासर कम्पोजिट विद्यालय जयचन्द्रपुर कटघरा एवं आयुष विभाग के औषधि निरीक्षक प्रीति सिंह नदारद पाये जाने पर उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है, और जो भी अधिकारी/कर्मचारी निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतते पाये जायेंगे, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### एनएमएमएस परीक्षा में तीन छात्रों का चयन



संजय आर्य।



आंचल।



निधि सोनी।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय सिरसिया के तीन छात्रों का एनएमएमएस परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय के गुरुजनों ने उज्वल भविष्य की कामना के साथ खुशी जाहिर की। कंपोजिट विद्यालय सिरसिया के तीन छात्रों संजय आर्य, निधि सोनी तथा आंचल का चयन सत्र 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है इस उपलब्धि पर विद्यालय तथा क्षेत्र में खुशी जताई गई ।प्रधानाध्यापक अयोध्या प्रसाद राना ने बताया कि परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 9, 10, 11 तथा कक्षा 12 चारों वर्ष के लिए प्रतिवर्ष रुपये 12 हजार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी उन्होंने बताया की कंपोजिट विद्यालय के सहायक शिक्षक डॉक्टर दीपक केसरवानी द्वारा विगत दो वर्षों से इस परीक्षा की तैयारी कराई जा रही थी जिसके फल स्वरुप वर्ष सत्र 2022-23 में भी दो छात्र मनदीप आर्य तथा वैभव पांडे का चयन हुआ था जबकि वर्ष 2024-25 में तीन छात्रों का चयन हुआ है इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी राज किशोर द्वारा चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य छात्रो को भी लगन से शिक्षा ग्रहण करने की बात कही गई।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**श्रावस्ती।** जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने शनिवार को थाना इकौना व थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैरियर/चेकपोस्ट पर ड्यूटीरत कर्मचारियों से कुशल क्षेम जाना तथा सतर्क रहकर ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान चुनाव में पुलिस बल के ठहरने हेतु थाना इकौना क्षेत्र के चिन्हित विद्यालय सत्या द आर्यन इकौना व थाना एनएमपीटी के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण कर विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं- लाइट, पानी, शौचालय आदि के बारे में जानकारी लेते हुये प्रभारी निरीक्षक इकौना व थानाध्यक्ष एनएमपीटी को सभी तैयारियाँ पूर्ण करनें हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कस्बा इकौना स्थित मतदान केन्द्र मदारा का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने रमवापुर क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्जनपदीय बॉर्डर लालबोझी,बलुवाघाट ,बिकवाघाट,गोपालपुर पर स्थापित बैरियर/चेकपोस्ट का भ्रमण कर थानाध्यक्ष को निरन्तर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### मकान कब्जेदारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने डीएम का पक्ष माना सही

**बलरामपुर।** उतरौला नगर में एक मकान कब्जदारी के मामले में डीएम बलरामपुर के एक्शन को सुप्रीम कोर्ट ने भी सही माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में दायर याचिका को डीएम की रिपोर्ट के आधार पर खारिज कर दी है। अगली सुनवाई तिथि पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ बड़ा एक्शन हो सकता है। डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि उतरौला में एक मकान को पुलिस ने खुद को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए गलत व्यक्ति को कब्जा दिला दिया था। पीड़ित उनके पास गुहार लेकर आया था मामले में डीएम ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यायिक जांच कराई। जांच में उतरौला सर्कल की पुलिस को अलग कर दिया गया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि पुलिस ने गलत व्यक्ति को कब्जा दिलाया था। डीएम ने पीड़ित को कब्जा दिला दिया। कब्जे के बाद दूसरा पक्ष डीएम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चला गया और यह बात भी छुपाई कि मामले में एक वाद हाई कोर्ट लखनऊ में विचाराधीन है। डीएम ने सुप्रीम कोर्ट में मामले की पैरवी अपने मातहत मजिस्ट्रेट से कराई। डीएम की पैरवी को सही मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए यह भी कहा कि जब मामला किसी न्यायालय में विचाराधीन था तो पुलिस ने किस अधिकार से मकान पर कब्जा कराया।

**तैयारी**

## एसएसबी कैम्प पटना खरगौरा में सम्पन्न हुई इंडो-नेपाल समन्वय बैठक

# सीमा पर निगरानी के लिए नेपाल के अधिकारियों से मांगा सहयोग



बैठक में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा व नेपाल के अधिकारी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के पटना खरगौरा स्थित 62- एसएसबी बटालियन कार्यालय में जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया, एसएसबी कमाण्डेंट आर के राजेश्वरी नेपाल देश के सीडीओ बांके श्रवण के. पोखरियाल, सीडीओ डांग रामबन्धु सुबेधी, एसपी डांग राम बहादुर के सी, एसपी बांके की उपस्थिति में इण्डो-नेपाल समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। नेपाल साइड से बांके व डांग तथा जनपद श्रावस्ती के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, एसएसबी, वन, कस्टम सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रगान किया गया, तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए नेपाल साइड के अधिकारियों से पूर्व की भांति सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में मौजूद नेपाल साइड के समकक्ष अधिकारियों से चुनाव को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा की। श्रावस्ती की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा (भारत-नेपाल) लगभग 62 किमी है, भारत से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर थाना मल्हीपुर एवं थाना सिरसिया क्षेत्र के अन्तर्गत आते है। नेपाल के सीमावर्ती मार्ग एवं स्थानों पर चेक पोस्ट/बैरियर पड़ोसी नेपाल राष्ट्र द्वारा लगाया जाना आवश्यक है। जिससे निर्वाचन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

सीमावर्ती क्षेत्रों में राजस्व, वन, पुलिस, एसएसबी की संयुक्त टीम गठित कर नियमित गश्त की कार्यवाही की जाय। मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 48 घण्टे पूर्व भारत नेपाल की सीमा को सील कर दिया जाए और तिथियों का प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नेपाल की ओर से मौजूद अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने में हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी जमुनहा संजय कुमार राय, उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, उपजिलाधिकारी अरूण कुमार, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल चौबे, जमुनहा सतीश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में नेपाल साइड से बॉके के सीडीओ श्रवण के पोखरियाल, एसपी बांके बिमल डांगी, एसपी डांग राम बहादुर के सी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शराबबंदी को लेकर बरती जाएगी सख्ती

भारत व नेपाल साइड के अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि चुनाव के समय सीमावर्ती जनपदों में शराब बन्दी को कड़ाई के साथ लागू किया जाय, जिससे नेपाली शराब व शस्त्र इत्यादि के आने पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके लिए उन्होंने नो मैन्सलैण्ड एरिया से सटे हुए क्षेत्रों में प्रिवेन्टिव एक्शन को कड़ाई से लागू करने का सुझाव दिया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आवागमन के सभी मार्गो पर संयुक्त रूप से विशेष चौकसी बरती जाय।

## अनवर सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव बने

**बहराइच, अमृत विचार।** सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. फ़हद ने जिले के युवा नेता अनवर खान वारसी को सपा युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। शहर के



मोहल्ला बख्शीपुरा निवासी अनवर खान वारसी की नियुक्ति सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव के पद पर की गई है। अनवर खान वारसी को वर्ष 1998 में पूर्व कैबिनेट मन्त्री स्व.डॉ वकार अहमद शाह सक्रिय राजनीति में लाये थे वह उनके बहुत ही भरोसे मन्द सहयोगी थे। युवाओं के बीच अपनी मजबूत पकड़ के कारण युवजन सभा के जिला अध्यक्ष पद की दावेदारी में 1500 वोटों से जीत हासिल कर 1990 में सपा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष बने पार्टी के प्रति समर्पण को देखते उनके कार्यो से प्रभावित होकर प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें वर्ष 2014 में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी वह 2022 तक प्रदेश सचिव के पद पर अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहें।

# नोडल अधिकारियों ने तैयारियों का ब्यौरा प्रेक्षक के सामने रखा

संवाददाता, बहराइच



बैठक को संबोधित करते प्रेक्षक और मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक केएसएसवी सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन की उपस्थिति में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बाउण्ड्रीवाल, रैम्प, फर्नीचर, खिड़कियों-दरवाज़ों, भवन की स्थिति, मतदान केन्द्र तक पहुँच मार्ग की व्यवस्था चाक-चौबन्द रखने के निर्देश दिया।

प्रेक्षक राय ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में 65 प्रतिशत के लक्ष्य के साथ जिले में स्वीप कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशा भी यही है मतदान में शत-प्रतिशत मतदाता सम्मिलित हों। प्रेक्षक ने सुझाव दिया कि कार्मिकों क्वालिटी बेस्ड प्रशिक्षण प्रदान किया जाय ताकि वे अपने कार्य में पूरी तरह से दक्ष हो जाएं। पुलिस प्रेक्षक सुब्बारेड्डी ने कहा कि जनपद की सीमा अन्तर्राष्ट्रीय (नेपाल) सीमा होने के कारण संवेदनशील अधिक है, ऐसी स्थिति में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा बल का दायित्व अधिक है। उन्होंने अन्तर्जनपदीय चेक पोस्टों पर सर्तकता बनाये रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला द्वारा बताया गया कि निष्पक्ष चुनाव हेतु पर्देदार महिलाओं की पहचान हेतु प्रत्येक मतदेय स्थलों पर महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। जनपदीय सीमाओं पर स्थित पर चेक पोस्टों पर सर्तकता बरती जा रही है। 08 मई को जनपद में सीआरपीएफ व पीएसी जनपद में पहुंच जाएगी। व्यय प्रेक्षक मुरूगन ने निर्वाचन के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर की गयी तैयारियों पर सन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए टीम वर्क बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर सतर्कता बनाये रखनी होगी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण की जा रही है। मतदान में न्यूनतम 65 प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, पीडी डीआरडीए राम कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### चुनाव के लिए 14167 मतदान कार्मिक हुए नियुक्त



द्वितीय रेंडमाइजेशन को संबोधित जिला निर्वाचन अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में 13 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन शनिवार को प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी, प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राजकुमार, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर सिद्धार्थ मोदियानी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को 06, 07 व 08 मई को दो पालियों में केडीसी में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 159 माइक्रोआबर्जवर का भी रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद में मतदान प्रकिया को सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 14167 मतदान कार्मिक नियुक्त किये गये है जिसमें पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम व तृतीय 3500-3500 एवं 3667 मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में नियुक्त किये गये है।

## एक नजर

### एक मई से राजस्व कोर्ट के समय में बदलाव

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए 01 मई से 30 जून तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों के कार्यालय अवधि में परिवर्तन कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 मई से 30 जून तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों का कार्य समय प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक नियत किया गया है। कार्यालयों के समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

### प्रत्याशियों के साथ बैठक कल

**बहराइच।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में किये जाने वाले व्यय एवं व्यय लेखांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में 29 अप्रैल को सायं पांच बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक मे प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### हादसा होने से बाल बाल बचे तीन वाहन

**जरवलरोड, बहराइच।** जरवल रोड थाना अंतर्गत जरवल रोड गोंडा मार्ग तूफानी चौराहे के निकट बलेनो कार में पति-पत्नी 1 वर्षीय बच्चे के साथ गोंडा की ओर जा रहे थे। तभी अचानक मार्ग पर बलेनो कार गाड़ी घूम कर डिवाइडर से टकरा गई पीछे से आ रहा गिट्टी लदा डंपर कार में टक्कर मार दी कर का दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त ग्रस्त हो गया ट्रक चालक की सूझबूझ से ब्रेक लगाकर बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया। घटना को देखकर सैकड़ो लोग चौराहे के निकट एकत्र हो गए।

# सड़क हादसों में ग्रामीण समेत दो की मौत, पांच लोग घायल

## पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बहराइच



घायल का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में ग्रामीण समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि संविदा शिक्षिका समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुंशीपुरवा निवासी छबीले (45) पुत्र भगवानदीन के रिश्तेदारी में शुक्रवार को विवाह कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए छबीले बाइक से कोतवाली देहात के केशवापुर गांव गए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह वापस बाइक से अपने घर आ रहे थे। देर रात को बाइक सवार एक पुलिया से टकरा कर खड्ड में चले गए। पूरी रात वह खड्ड में पड़े रहे। शनिवार सुबह लोगों ने खोजबीन शुरू की तो छबीले खड्ड में मृत पड़े मिले। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

पयागपुर थाना क्षेत्र के कंजेभरिया गांव निवासी लल्लन सिंह (60) पुत्र दया नारायन दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनका इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। वृद्ध के भतीजे की मौत उसी दिन हो गई थी। कोतवाली देहात के जेल रोड पर सीएनआई चर्च के सामने ई रिक्शा में आमने -सामने टक्कर हो गई। हादसे में सिदार्थनगर जिले में तैनात संविदा शिक्षिका रजनी और कैसरगंज आईटीआई में तैनात शिक्षक घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी मीना कुमारी पत्नी कीर्तन कुमार को पैदल जाते समय खुटेहना के पास तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला घायल हो गई। बौंडी थाना क्षेत्र के डोकरी गांव निवासी ई रिक्शा चालक अशोक पुत्र सागर घायल और एक अन्य घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है

### निर्वाचन व्यय लेखा की जांच के लिए तिथि निर्धारित

**बहराइच ।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों की जांच के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि व्यय लेखा जांच हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 मई को प्रथम, 06 मई को द्वितीय एवं 10 मई को तृतीय एवं अन्तिम जांच की जायेगी। डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथियों में कोषागार में उपस्थित होकर अपने-अपने निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कराने का कष्ट करें।

# प्रवेश के साथ दीक्षा कोर्स पूरा करें शिक्षक

पयागपुर, बहराइच



ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पयागपुर में शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में सभी शिक्षक कक्षा एक में विद्या प्रवेश कार्यक्रम के साथ ही दीक्षा कोर्स समय से पूर्ण करें। साथ ही कक्षा का संचालन करते हुये कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की सहायता से उन्हें भी शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रायः देखने में आता है कि शिक्षक द्वारा शिक्षक संदर्शिका के अनुसार कक्षा शिक्षण नहीं किया जा रहा है, और न ही शिक्षक डायरी भरी जा रही है। बैठक को एआरपी पवन कुमार शुक्ल, राजेश कुमार मिश्र, पवन शुक्ला, दिलीप कुमार त्रिपाठी, यादवेंद्र प्रताप चौधरी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षक नवल पाठक, के के पाण्डेय, वृजेश तिवारी, गोपाल जी शुक्ला अतुल कुमार त्रिपाठी शिव श्याम मिश्रा अभिषेक तिवारी सुनील कुमार तिवारी देवकीनंदन त्रिपाठी रवींद्रनाथ, पूर्णिमा देवी, विभा सरकार, आरती मिश्रा, रागिनी मिश्रा, निहारिका पाठक, तनुजा सोनी, मीरा यादव मीरा रानी गीता पांडे करुणा सिंह मीनू सिंह सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# किशोरी समेत तीन लोगों ने विषाक्त खाकर दी जान

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में किशोरी समेत तीन लोगों ने जहर खाकर जान दे दी। एक मृतक सीतापुर जिले का निवासी है। पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के अधमुड़िया गांव निवासी आशिया बेगम (26) पत्नी मकबूल का शुक्रवार रात को विवाद हुआ। आशिया के पिता ने बताया कि पुत्री की पिटाई दामाद ने की। जिससे परेशान होकर आशिया ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। पति राजकोट में नौकरी करता है। हरदी थाना क्षेत्र के पण्डितपुरवा गांव निवासी शिवानी (16) पुत्री राम समुझ ने कंडैल का बीज खा लिया। जिससे उसकी शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता राम समुझ ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने इलाज के लिए बहराइच आया था। डॉक्टर ने पथरी होने की बात कहते हुए ऑपरेशन करवाने की सलाह दी थी। इसी बात से परेशान पुत्री ने जान दे दी। उधर सीतापुर जिले के रेउसा थाना क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी सुशील पांडेय (28) पुत्र राम नरेश पांडेय ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर सुशील को सीएचसी रेउसा से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच,अमृत विचार।** अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय रंजीत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा पर स्थापित 33 केवी मेन बेस का अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा से पोषित सभी 33 केवी पोषकों नानपारा, नानपारा तहसील, मोतीपुर, महसी, रायबोझा, नेपालगंज, मटेरा, बन्जारनटांडा, नवाबगंज एंव बाबागंज से पोषित क्षेत्र की विद्युत प्रातः 09:30 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच पर स्थापित 33 केवी मेन बस का अनुरक्षण कार्य किया जाना है जिसके कारण 28 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 03:15 बजे से सांय 05:30 बजे तक 220 केवी विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच से पोषित सभी 33 केवी पोषकों महसी एवं तेजवापुर से पोषित क्षेत्र की विद्युत अपूर्ति बाधित रहेगी।

## सार-संक्षेप

### युवा सम्मेलन में शामिल होंगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री



भाजपा की बैठक में जानकारी देते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से युवा सम्मेलन का आयोजन 29 अप्रैल को किया जायेगा। जिसमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जिले के युवाओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए शनिवार को कार्यालय में बैठक हुई। शहर में स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में शनिवार को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय ने की। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से 29 अप्रैल को युवा सम्मेलन का आयोजन महसी के बहोरीपुर में किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी होंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड के समर्थन में मुख्यमंत्री युवा सम्मेलन करेंगे। जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह और युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित ने युवा सम्मेलन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं के सम्मिलित होने के लिए मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया। बैठक में सभी जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष के अलावा सौरभ मिश्रा, ज्ञानेन्द्रधर द्विवेदी, सुधाकर सिंह, परमार्थसेन चौधरी, कुंदन लोधी, शिवांकर शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव,ओम शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**जरवल, बहराइच,अमृत विचार।** विकासखंड जरवल के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमापुर जरवल में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलआपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से विद्यालय में स्वच्छता क्लब का गठन किया गया। बच्चों से शपथ ग्रहण करवाया गया। विद्यालय में बच्चों से निबंध, ड्राइंग प्रतियोगिता भी करवाया गया और बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया जिसमें ट्रेनर दीपिका शुक्ला ने बच्चों को जल जनित बीमारियों के बारे में और मल जनित बीमारियों के बारे में बताया। खाना खाने से पहले शौच से आने के बाद बीस सेकेंड साबुन से हाथ धोना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सूचीबद्ध एजेंसी में. फैल्कान मुंबई की तरफ से कोऑर्डिनेटर राम प्रकाश, डीपीसी शाहिद अली उर्फ मामू, सहायक डीपीसी श्याम गोपाल तिवारी, सुनील यादव, जय वर्मा, दीपक तिवारी, कैमरामैन आदित्य शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




छात्रों को शपथ दिलाते पदाधिकारी।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या का आरोप

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा के नहसुतिया गांव निवासी एक विवाहिता की ससुराल के लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी। मायके के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर के मजरा बरूहा निवासी छब्बेलाल ने कोतवाली नानपारा पुलिस को तहरीर दी। उसका कहना है कि उसने अपनी बहन फूल कुमारी (25) का विवाह कोतवाली नानपारा के नहसुतिया गांव निवासी विशेश्वर के साथ 3 वर्ष पूर्व किया था। विवाह के समय हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था, इसके बावजूद ससुराल के लोग दो वर्ष से बाइक और नगदी के लिए बहन को प्रताड़ित कर रहे थे शुक्रवार शाम को बहन की ससुराल के लोगों ने गला दबाकर हत्या कर दी इसके बाद लाश को फंदे से लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। महिला के भाई की सूचना पर कोतवाली की पुलिस पहुंची। कोतवाल आरके सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

### आग लगने से गेहूं और गन्ने की फसल जली

**मोतीपुर, बहराइच।** मिहीपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 बोटनपुरवा के मोहल्ला चमारनपुरवा निवासी बृजलाल गौतम के खेत में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते ढाई बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। पड़ोस में स्थित रिंकू राजपूत का एक बीघा खेत का भूसा तथा अवधेश कुमार का 3 बीघा गन्ना की फसल भी आज की चपेट में आकर जल गई है। जब तक लोग खेत पहुंचते तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। जिसके कारण अग्निकांड की सूचना तहसील कर्मचारियों की भी नहीं दी गई।

### किसान डिग्री कॉलेज को मिला तीसरा स्थान

**बहराइच।** किसान पीजी कालेज बहराइच के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रों शेख़ शाद, अब्दुला,आसिफ, प्रादीप, और इम्तियाज ने डॉ आनंद श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश निर्देशन में शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस सतत् विकास में जीव विज्ञान की भूमिका पर एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर में चल रहा था। डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि डिग्री कॉलेज को तृतीय स्थान मिला है।

# 210 शीशी नेपाली शराब बरामद

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार।** नेपाल से भारतीय क्षेत्र में चुनाव के दौरान मतदाताओं में खपाने के लिए ला रहे शराब को एसएसबी ने बरामद किया है। सात पेटी में 210 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई है। जिसे पुलिस ने सीज कर दिया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया है।

भारत नेपाल सीमा पर लोकसभा चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा की जा रही है। इसके बाद भी लोग भी तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह के निर्देशन में जवान व पुलिस टीम संयुक्त गशत कर रही थी। भारत नेपाल सीमा पर पुलिस टीम के उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, एसआई राहुल कुशवाहा, महिला सिपाही रोशनी वर्मा, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, प्रवीण कुमार और एसएसबी के एएसआई सुजीत कुमार दास, शैलेंद्र कुमार, नरेश नेहरा, विवेक कुमार, पुष्कर झाकर और ओम प्रकाश की टीम शुक्रवार रात को नगर पंचायत में संयुक्त जांच कर रही थी। नगर पंचायत रूपईडीहा में पानी टंकी के पास एक साइकिल सवार को रोक कर जांच की तो उसके पास छह पेटी में 180 शीशी नेपाली कर्णाली शराब और एक पेटी में 30 शीशी नेपाली सौंफी बरामद की।

बरामद शराब को सीज कर दिया गया है। शराब तस्कर भगवानपुर करिंगा गांव निवासी राम समुझ सोनकर उर्फ दुल्ला पुत्र राजित राम के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## सरयू नदी में डूबकर बालक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के चौकसाहार गांव निवासी एक बालक की सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौकसाहार झुंडी गांव निवासी अजय कुमार (10) पुत्र अयोध्या उर्फ प्रमोद शुक्रवार को नित्य क्रिया के लिए गया था। सरयू नदी के तट पर नित्य क्रिया के दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह नदी में डूब गया। कुछ देर बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की तो तट पर उसके चप्पल बरामद हुए। गांव के लोगों ने तलाश शुरू कर दी। तलाशी के दौरान नदी से बालक का शव बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि बालक की नदी में डूबकर मौत हुई है। वह शौच के लिए गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कार में लेकर जा रहे 3.30 लाख नकदी को एसएसटी टीम ने पकड़ा

**बहराइच,अमृत विचार।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर गठित एसएसटी टीम ने रिसिया मोड़ पुलिस चौकी के निकट आसाम रोड हाइवे पर चेकिंग के दौरान स्विफ्ट कार से 3.30 लाख रुपये बरामद किया। कार सवार कारोबारी बरामद रकम का ब्यौरा नहीं दे सके। जिस पर एसएसटी टीम ने धनराशि जब्त कर ली है।

रिसिया थाना क्षेत्र के आसाम रोड पर रिसिया मोड़ पुलिस चौकी के पास शुक्रवार शाम सात बजे एसएसटी मजिस्ट्रेट के साथ रिसिया पुलिस चेकिंग कर रही थी। रिसिया पुलिस चौकी पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, रिसिया मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी कन्हैया दीक्षित की मौजूदगी में एसएसटी टीम की चेकिंग के दौरान नानपारा की तरफ से स्विफ्ट कार आ रही थी। जिसे रोक कर पुलिस ने तलाशी। जांच के दौरान कार में दो लोग मौजूद मिले। जिनमें चालक देवरिया जिले के बरहज थाने व मुकाम, वार्ड नम्बर 17 निवासी दिलीप पाण्डेय पुत्र शिव प्रकाश, वशिष्ट यादव पुत्र दुर्जन यादव सवार मिले। जिनके पास से कुल तीन लाख तीस हजार रुपये बरामद हुए। यह लोग बरामद धन का कोई ब्यौरा नहीं दे सके। नतीजतन धनराशि जब्त की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नकदी जब्त की गई है। कागजात दिखाने पर वापस कर दिया जाएगा।

### नहीं हुई अखिलेश, मुलायम को अपशब्द कहने वाले की गिरफ्तारी

बहराइच, अमृत विचार। सपा जिलाध्यक्ष के फोन पर अज्ञात ने फोन कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव के साथ जिलाध्यक्ष को अपशब्द कहते हुए धमकी दी गई थी। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दी गई। केस दर्ज होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता राम हर्ष यादव को अप्रैल के पहले सप्ताह में मोबाइल पर जानमाल की धमकी मिली थी। सपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता राम हर्ष यादव चार अप्रैल की शाम जिला कार्यालय मे बैठे थे। लगभग शाम 4:16 बजे उनके मोबाइल पर आई काल रिसीव करने पर दूसरी ओर से जानमाल की धमकी दी गई। उन्होंने इस मामले में जिस नम्बर से काल आई थी, उस नम्बर को नामजद कर धमकी की धाराओं में उसी दिन केस दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नही कर सकी है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करे।

## सौंदर्यीकरण

10 लाख की लागत से नगर पालिका पार्क को दी गई सुरम्यता

# विक्टोरिया लाइट से जगमग हुआ नगर पालिका का पार्क

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर में स्थित नगर पालिका के पार्क को दूल्हे की तरह सजा दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन की ओर से कराए गए कार्य में विभिन्न निर्माण कार्य उसकी सुंदरता को बढ़ा रहे हैं। पार्क बनने से शहर के लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी।

नगर पालिका परिषद बहराइच के सामने नगर पालिका का पार्क स्थित है। इस पार्क का निर्माण काफी समय से नहीं हो रहा था। जिसके चलते नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी ने ईओ प्रमिता सिंह से वार्ता कर उसके निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाया। नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन की ओर से हरी झंडी मिलने पर एक माह पूर्व कार्य शुरू कराया गया था। नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि सफाई के बाद बेहतर कार्य नगर पालिका में करवाया गया है। नगर पालिका पार्क को हैरिटेज लाइट/विक्टोरिया से चारों तरफ़ अच्छादित किया गया है। रात्रि में पार्क की सुंदरता देखते ही बनती है। पार्क की सुंदरता और निर्माण पर 10 लाख रूपये का खर्च आया है। जिसमें डॉल्फिन फाउंटेन, हिरण की मूर्ति, हरी घास के साथ पौधरोपण भी कराया गया है। पार्क पूरी तरह से सुंदर दिख रहा है। रात में इसकी सुरम्यता और बेहतर हो रही है।



नगर पालिका पार्क में लगा फौवारा और जल रही लाइट। अमृत विचार

### इंटरलॉकिंग का भी हुआ कार्य



नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित पार्क में इंटर लॉकिंग का कार्य कराया गया है। इससे शहर के लोगों को सुबह और शाम टहलने में काफी लाभ मिलेगा। शरीर स्वस्थ रहेगा।

-सुधा देवी ,अध्यक्ष

### पूरा पार्क हुआ जगमग



लखनऊ से पार्क में लाइट लगाने के लिए मंगवाया गया था। विक्टोरिया लाइट पूरे पार्क परिसर में लगा है। लाइट जलते ही पार्क की सुंदरता देखते बन रही है। फौवारा और अच्छा है। शहर वासियों को इसका लाभ मिलेगा।

-प्रमिता सिंह, ईओ

# चलती सफारी में अचानक लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के भवनियापुर रामगढी गांव में एक सफारी वाहन में चलाते समय आग लग गई। चालक ने कूदकर जान बचाई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई।नानपारा कोतवाली क्षेत्र के भवनियापुर रामगढ़ी में शनिवार को दोपहर में चलती सफारी में अचानक आग लग गई। वाहन में आग देख चालक ने कूद कर बचाई जान। चलती गाड़ी में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दुर्गापुर गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र अयूब अंसारी अपने निजी काम से नानपारा शंकरपुर की ओर जा रहे थे। वह भावनियापुर रामगढ़ी पहुंचे थे, कि इंजन से धुंआ उठता दिखाई दिया। वह कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटे उठने लगी। किसी तरह खुद को कूदकर बाहर निकाला और सूचना दमकल कर्मियों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू। प्राभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना मे कोई हताहत नहीं हुआ है। चालक अकेले थे, वह निजी काम से शंकरपुर जा रहे थे। वाहन को रास्ते से हटवा दिया गया है। आवागमन सामान्य है।



सफारी वाहन में लगी आग।

# मनुष्य प्रकृति का भाग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे।

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्व युद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।"

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, "मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।"

सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सी.बी.जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउ' 'में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।" यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत् के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।" यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत् को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार हिन्दुत्व में हैं।

# सूरतः नोटा का गला घोंटा

> 4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भाजपा शासित प्रदेश और प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के सूरत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गया और अति उत्साही निर्वाचन अधिकारी ने विजय का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज किया गया कि उस पर प्रस्तावकों के हस्ताक्षर प्रथम दृष्ट्या गलत हैं। यानी निर्वाचन अधिकारी हस्तलेख विशेषज्ञ भी बन गए। स्पष्टतया यह प्रकरण चण्डीगढ़ मेयर चुनाव का द्वितीय और संशोधित संस्करण है, जिस पर सुप्रीमकोर्ट करारा न्यायिक तमाचा मार चुकी है। अगर यह मान भी लिया जाए कि नामांकन निरस्तीकरण सही है और बाकी सारे प्रत्याशियों की नाम वापसी के पीछे कोई दबाव नहीं है, सब को इकट्ठा ब्रह्म ज्ञान हो गया कि आओ नामांकन वापस ले लें, यह सूरत के हित में है, तो भी विजय प्रमाण पत्र जारी करना तो 100 प्रतिशत गलत है। इसके दो प्रबल कारण हैं। प्रथम तो यह कि देश भर के निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत करने की तो तिथि निर्धारित है।

4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है? दूसरा कारण यह कि कोई प्रतिद्वन्द्वी मैदान में न होते हुए भी मतदान जरूरी था। अब नोटा भी एक विकल्प होता है। इस पर सुप्रीमकोर्ट की मोहर है कि नोटा भी मतदाता का अधिकार है। ऐसे में क्या यह सम्भव नहीं था कि सूरत के सारे वोट नोटा पर पड़ते और कमल पर एक भी उंगली न पड़ती। तर्क तो यह है ही। तब क्या भाजपा प्रत्याशी विजयी माना जाता? अथवा थोड़े वोट कमल को मिलते किंतु नोटा के वोटों की संख्या ज्यादा होती? तब क्या होता? नोटा पर अभी कानून बहुत स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में काफी कुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता, किंतु यहां तो निर्वाचन अधिकारी ने गजब ही कर दिया। मतदान का समय ही नहीं दिया। नोटा और इस रूप में उस जनता के अधिकारों का गला घोंट दिया गया, जो नोटा का विकल्प चुनती। मोदी है तो मुमकिन है।

सुप्रीमकोर्ट में नोटा को लेकर एक जनहित याचिका पड़ गई है, जिसमें सूरत का प्रकरण भी संदर्भित है। अदालत ने याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग से नोटा विषयक कानून की जांच कर जवाब दाखिल करने को कहा है। देखिये आगे क्या होता है। आशा है कि इस बार नोटा के बारे में कुछ धुंधलका और छटेगा तथा स्थितियां साफ होंगी। शायद सूरत पर भी कुछ आदेश हो जाए।

# दूसरे चरण में भी कम मतदान के मायने



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम सात बजे तक 60.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 95 सीटों पर 67.6 प्रतिशत मतदान हुआ था आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया।

वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं। इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है। कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई, केरल में दोहरे अंकों में गिरावट देखी गई, जिनमें से सबसे बड़ी गिरावट वडकारा में 18.24 प्रतिशत थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, राजस्थान के अजमेर जिले में 14.89 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों ने इस गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण किया, जिससे पूरे मंडल में चुनावी व्यस्तता में व्यापक कमी की पुष्टि हुई। किसी भी राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि नहीं दिखी है, जो कि चुनाव के इस चरण में मतदाताओं की कम भागीदारी की एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति को उजागर करता है। इन राज्यों में भी कम वोटिंग फेज-2 में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान हुआ और कम मतदान का सिलसिला इस चरण में भी जारी रहा। ऐसे 11 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक उत्तर प्रदेश में मतदान सबसे कम रहा, इसके बाद बिहार का स्थान रहा। दोनों राज्यों में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इसके विपरीत, त्रिपुरा और मणिपुर में मतदान प्रतिशत सबसे अधिक-75 प्रतिशत से अधिक रहा। पहले चरण में भी दोनों राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक मतदान हुआ। चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं। पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है। वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है।

मतदान प्रतिशत में आई बड़ी गिरावट को लेकर राजनीतिक जानकारों का एक तर्क ये भी है कि भाजपा द्वारा दिए स्लोगन 'अबकी बार 400 पार' और 'तीसरी बार मोदी सरकार' जैसे नारों ने देशभर में ऐसा सेनेरियों बनाया है कि मानों भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इससे मतदाताओं के मन में ऐसा भाव पैदा हुआ कि जब एक पार्टी को जीतना ही है तो मतदान करें या न करें, क्या फर्क पड़ेगा। इसकी दूसरी वजह विपक्षी दलों द्वारा चुनाव प्रचार में उत्साह की कमी को भी माना जा रहा है।

# डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान चारों मनोस्थितियों से हम वाकिफ हैं, लेकिन इनकी परिभाषा को एक बार फिर से जान लेने में कोई हर्ज नहीं है। डर किसी ख़तरे या ख़तरे को समझने या पहचानने की प्रतिक्रिया स्वरूप एक अप्रिय मौलिक भावना है। इसके ठीक विपरीत लोभ किसी प्रिय या अभिलषित की प्राप्ति की संभावना में एक चहेती मौलिक भावना है। ये दोनों भावनाएं मूलतः पाशविक हैं और विकास की शुरुआत से ही आ जाती हैं। कर्तव्य बोध मानव के विकास और फलतः सामाजिक होने पर आता है। यह सामान्य रूप से कुछ कार्य करने की प्रतिबद्धता का बोध है जो किन्हीं खास परिस्थितियों में अपेक्षित है। कर्तव्य बोध डर और लोभ दोनों का नियामक हो सकता है। निचले स्तर के पशुओं में यह भावना शायद ही पायी जाती है। ज्ञान वस्तुस्थिति को सतही और गंभीर रूप में समझ सकने की स्थिति है। डर, लोभ और कर्तव्य को भी ज्ञान के चलते समझा जा सकता है और उचित प्रतिक्रिया की जा सकती है। यह मानव विकास के उच्च स्तर पर होता है। धर्म सामाजिक इंजिनीयरिंग का वह उपादान है जो डर, लोभ, कर्तव्य बोध और ज्ञान के सम्मिश्रण और बहुधा संश्लेषण से बनता है। ध्यातव्य है कि धर्म में आवश्यक रूपेण इन चारों भावनाओं का समावेश होता है। केवल डर और लोभ से धर्म नहीं बनता, अन्यथा जानवर भी धार्मिक होते। उसी तरह केवल कर्तव्य बोध या शुद्ध ज्ञान धर्म नहीं बना सकते। मानव समाज में अनेक धर्म प्रचलन में हैं। उनमें फर्क इस बात को लेकर है कि उपर्युक्त चारों तत्वों का सम्मिश्रण किस अनुपात में है।

इस विवेचना से इशारा मिलता है कि व्यक्ति के कर्मों के प्रतिदान में हर धर्म ने डर और लोभ को स्थान क्यों दिया है जब कि ज्ञान के आधार पर उन्हें स्थापित नहीं किया जा सकता। इससे यह भी पता चलता है कि कोई भी धर्म केवल इथिक्स या दर्शन क्यों नहीं है। यह भूलने की बात नहीं है कि विज्ञान को उपादेयता से कोई मतलब नहीं होता, केवल ज्ञान से मतलब होता है। लेकिन इंजिनीयरिंग को उपादेयता से भी मतलब होता है। चूंकि धर्म सोशल इंजिनीयरिंग का उपादान है, तो इसमें केवल ज्ञान ही नहीं उपादेयता पर भी ध्यान रखा गया है। केवल विज्ञान के सहारे न तो धर्म को समझा जा सकता है और न उसकी स्थापना हो सकती है।

# लोकतंत्रः सबसे बड़ी विरासत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राष्ट्रीय-जीवन की अविच्छिन्न परंपरा ने हमको सबसे बड़ी विरासत दी है, वह लोकतंत्र ही है। और इस विरासत की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र को आगे बढ़ाना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। हम शिक्षा-क्षेत्र में हैं या साहित्य के क्षेत्र में हैं, हम न्याय के क्षेत्र में हैं या उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में हैं, हम प्रशासन में हैं या राजनीति में हैं अथवा पत्रकारिता में हैं, लोकतंत्र के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ना ही होगा।

लोकतंत्र केवल राजनैतिक-प्रणाली ही नहीं है, लोकतंत्र जीवन की एक प्रणाली है, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। लोकतंत्र की यह परिभाषा सही नहीं है कि आप एक दिन वोट दे कर पांच साल तक आराम करते रहें। यदि जनता का प्रतिनिधि (चुने जाने के बाद) जनता की आवाज को दबाने की भूमिका निभा रहा है, जन विरोधी निर्णय में भागीदार है। तो जनता को अपने प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए? जनता मकानमालिक है, प्रतिनिधि किरायेदार है। किरायेदार मकान को ध्वस्त करता रहे और मकानमालिक से कहे कि पांच साल बाद दूसरा किरायेदार रख लेना। फिर दूसरा किरायेदार भी मकान को क्षति पंहुचाए और कहे कि पांच साल तक चुप रहो। यह लोकतंत्र की कुत्सित व्याख्या है। लोकतंत्र जनता को जो अधिकार देता है, वह क्षणिक नहीं है, वह सतत है, निरंतर है। अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है, रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है फिर भी हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामन्ती-मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हो, कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। ऐसा कौन सा दल है, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। जिस दिन पारदर्शिता और राष्ट्रीय निर्णयों में जन की भागीदारी हो जाएगी, उस दिन कोई भी संकल्प मुश्किल नहीं होगा। लेकिन अभी तो प्रत्येक दल सुप्रीमो का मुखापेक्षी बना हुआ है।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

> जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा।

जनसंख्या वृद्धि की समस्या आज केवल भारत की नहीं अपितु एशिया के अधिकांश देशों की प्रमुख समस्या बन गई है। जनसंख्या वृद्धि के कारण आज विश्व के सम्मुख अभाव, बेकारी, बीमारी, निर्धनता, प्राकृतिक प्रकोप, शारीरिक, मानसिक विकृतियां आदि गंभीर रूप धारण करती जा रही हैं जो मानव विकास के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के विकास के लिए भी घातक है। भारतीय समाज में अत्यधिक जनसंख्या के कारण बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे सरकारी योजनाएं कुछ ही समय तक कारगर रहती हैं उसके बाद वह असफल हो जाती हैं क्योंकि वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई जाती हैं। कुछ समय बाद जब जनसंख्या अधिक बढ़ जाती है तो वह योजना भी कारगर सिद्ध नहीं होती जिसके कारण भ्रष्टाचार, सामाजिक, आर्थिक असमानता में वृद्धि, सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास एवं विभिन्न प्रकार के संघर्षों में भी वृद्धि होने लगती है। जनसंख्या वृद्धि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक विपत्तियों का मूल कारण है जिसके कारण अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण एवं असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वर्तमान में भारत को विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे भारत में जनसंख्या विस्फोट जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक, बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, प्राकृतिक, पर्यावरण संबंधी आदि अनगिनत समस्याएं जनसंख्या वृद्धि के कारण ही उत्पन्न हो गई हैं जो मानव अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती हैं।

किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु वहां की जनसंख्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है साथ ही उस देश के आर्थिक विकास का उस देश की जनसंख्या पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस तरह जनसंख्या तथा आर्थिक विकास के बीच प्रत्यक्ष एवं परस्पर संबंध होता है। प्रत्येक देश का उत्पादन स्तर, आर्थिक विकास की दर, राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय, देश में उत्पादक क्रियाओं का संचालन, रहन-सहन का स्तर आदि सभी दशाएं उस देश की जनसंख्या के आकार, गठन एवं वितरण आदि पर निर्भर करती हैं। यद्यपि आर्थिक विकास में प्राकृतिक संसाधनों तथा पूंजी की मात्रा का भी विशिष्ट योगदान होता है परंतु यह आर्थिक विकास के निर्जीव साधन है। मानव ही वह शक्ति है जो इन संसाधनों को अपनी कार्य-कुशलता तथा बौद्धिक क्षमता द्वारा उचित दिशा में गतिशील कर इनका अनुकूलतम उपयोग करती है तथा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है इसीलिए जनसंख्या एवं आर्थिक विकास दोनों प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से एक दूसरे को प्रभावित करते हैं परंतु किसी भी राष्ट्र को अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि से होने वाली विभिन्न समस्याओं से भी निरंतर दो-चार होना पड़ता है।

यदि क्षेत्रफल की दृष्टि से देखा जाए तो भारत विश्व के सात बड़े देशों में रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 'सातवें' स्थान पर है और जनसंख्या की दृष्टि से 'प्रथम' स्थान पर है। भारत की जनसंख्या चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' ने इसके आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यू. एन. ने पिछले साल इन आंकड़ों का दावा किया था। भारत की आबादी वर्तमान में 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है।

भारत एक विकासशील देश है और भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या केवल आर्थिक विकास में ही बाधक नहीं है बल्कि देश की अनेक समस्याओं का भी मूल कारण है। भारत के पास अभी भी समय है कि वह जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु विभिन्न उपायों का सख्ती से पालन करें और भारत के नागरिकों में जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा। समय के सदुपयोग के साथ मनोरंजन भी होगा जिससे लोगों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सही रहेगा और धन की भी बचत होगी। यह कदम पर्यावरण के साथ-साथ देश के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जरूरी है बौद्धिक संपदा की रक्षा



तपन कुमार
एमजेपीआरयू, बरेली

डिजिटल युग में, फोटोग्राफी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस स्मार्टफोन के प्रसार ने व्यक्तियों के लिए छवियों को कैप्चर करना और साझा करना आसान बना दिया है। हालांकि, इस पहुंच ने फोटोग्राफरों की बौद्धिक संपदा का दोहन भी किया है। बहुत से लोग उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों के लिए इंटरनेट ब्राउज़ करते हैं, उन्हें डाउनलोड करते हैं, और मूल रचनाकारों की अनुमति या मुआवजे के बिना उनका उपयोग करते हैं।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के व्यक्तिगत फोटोग्राफरों और समग्र रूप से क्षेत्र दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हैं। जब व्यक्ति बिना अनुमति या उचित एट्रिब्यूशन के तस्वीरों का उपयोग करते हैं, तो वे मूल रचनाकारों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। चोरी का यह कार्य न केवल फोटोग्राफर के काम की मान्यता और मूल्य को कम करता है, बल्कि अपने शिल्प से आजीविका कमाने की उनकी क्षमता को भी कम करता है। इसके अलावा, उचित एट्रिब्यूशन की अनुपस्थिति फोटोग्राफरों को उनके कलात्मक प्रयासों के लिए मान्यता से वंचित करती है और उनके पेशेवर विकास में बाधा डालती है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि तस्वीरों के अनधिकृत उपयोग सहित बौद्धिक संपदा की चोरी अवैध है और कानून के तहत दंडनीय है। रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके काम के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए कई देशों में कॉपीराइट कानून मौजूद हैं। ये कानून फोटोग्राफरों को अपनी तस्वीरों को पुनः पेश करने, वितरित करने, प्रदर्शित करने और लाइसेंस देने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों का कोई भी अनधिकृत उपयोग या शोषण कॉपीराइट उल्लंघन के बराबर है।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आम जनता में फोटोग्राफरों के अधिकारों और उनके काम का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तियों को यह समझने की आवश्यकता है कि तस्वीरें लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और बिना अनुमति के किसी और के काम का उपयोग करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

फोटोग्राफर स्वयं अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे अपने स्वामित्व का दावा करने और अनधिकृत उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए वाटरमार्क, मेटाडेटा और डिजिटल अधिकार प्रबंधन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फोटोग्राफरों को अपने कानूनी संरक्षण को मजबूत करने और स्वामित्व का एक स्पष्ट रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए प्रासंगिक कॉपीराइट अधिकारियों के साथ अपने काम को पंजीकृत करने पर विचार करना चाहिए।

# हर चुनाव में मतदाता नए चेहरे पर जताते हैं विश्वास

गोरखनाथ मिश्र,संतकबीरनगर



**अमृत विचार।** पिछले छः दशकों में संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की सियासी पहचान जातीय और लोकल बनाम बाहरी के मुद्दे पर घूमती रही है। यहां के नेता विकास की बात कहकर वोट तो मांगते हैं लेकिन गुणा गणित जातीय मुद्दे ही तय करते हैं। यहां के मतदाताओं में भी विकास के मुद्दे नहीं बल्कि बिरादरियों के ध्रुवीकरण से ही चुनाव परिणाम तय होते हैं। किसी भी राजनैतिक दल के प्रत्याशी को यहां की जनता ने लगातार दूसरी बार जीत की माला नहीं पहनाई। अपवाद स्वरूप भालचंद्र यादव और कुशल तिवारी यहां से लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन उन्होंने भी दल बदल कर भाग्य आजमाया था। यहां की सियासत के प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा यह भी है कि यहां पार्टियां और उम्मीदवार बाहरी बनाम लोकल की हवा बनाते हैं। अबकी बार भी सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद इस जिले के निवासी हैं तो भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद गोरखपुर जिले के निवासी हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर अभी से ही बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को हवा दी जा रही है। यहां की जनता ने बताया कि लोकल सांसद न होने के कारण यहां अभी तक रोडवेज डिपो, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कालेज, केंद्रीय विद्यालय, औद्योगिक स्थापना जैसी आवश्यक सुविधाएं जनता के लिए उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। दो बड़ी नदियों के बीच स्थित संतकबीरनगर के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र की बड़ी आबादी हर साल बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर है। लेकिन ये मुद्दे चुनाव के दौरान कुंद होकर रह जाते हैं। मतदाता भी बिरादरियों के गुणा गणित और नेताओं के लब्बो लुआब में फंसकर जातीय ध्रुवीकरण का शिकार होकर रह जाती है। हर पांच साल बाद सांसद तो चुने जाते हैं, लेकिन वे अपने किए गए वादे भूलकर भौतिक एशो-आराम में फंसकर रह जाते हैं।

### विवाद में कटा था टिकट

महान सूफी संत संत कबीरदास के नाम पर बने इस जनपद की प्रमुख पहचान भी कबीर निर्वाण स्थली 'मगहर' से ही होती है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से वर्ष 2014 में भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया था। जिला योजना समिति की बैठक के दौरान सांसद और मेंहदावल क्षेत्र के तत्कालीन विधायक के बीच हुए विवाद और जूताकांड के बाद भाजपा ने वर्ष 2019 के चुनाव में शरद त्रिपाठी का टिकट काटकर प्रवीण निषाद को प्रत्याशी घोषित किया और प्रचण्ड मोदी लहर में प्रवीण निषाद यहां से सांसद चुने गए थे। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर पहली बार 2009 में हुए चुनाव में बसपा के भीष्मशंकर तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल किया। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है।

### 27 साल पूर्व हुआ था जनपद का सृजन

लोकसभा सीट संतकबीरनगर पहले बस्ती जिले का हिस्सा था। लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती द्वारा संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। उससे पूर्व यह लोकसभा क्षेत्र खलीलाबाद के नाम से जाना जाता था।

### लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

62 लोकसभा सीट संतकबीरनगर में कुल 19 लाख 44 हजार 454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 87 हजार 227 है तो पुरुष वोटरों की संख्या 10 लाख 57 हजार 144 है। एक अनुमान के मुताबिक जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राहमण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

### तीन जनपदों के लोग मिलकर चुनते हैं सांसद

लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर में तीन जनपदों के पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को तीन जनपदों में जाकर मतदाताओं की मनुहार करनी पड़ती है। इस लोकसभा क्षेत्र में संतकबीरनगर जिले कि खलीलाबाद, धनघटा और मेंहदावल के साथ ही गोरखपुर जिले की खजनी और अम्बेडकरनगर जिले की आलापुर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

### अब तक हुए लोकसभा चुनाव व विजेताओं की सूची

- आजादी के बाद वर्ष 1957 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में यहां से कपिल देव राय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुने गए थे। उसके बाद 1962 में श्री राम राय भारतीय खिलाड़ी जनसंघ, वर्ष
- 1967 में मेजर रणजीत सिंह भारतीय जनसंघ, वर्ष 1971 में कृष्ण चंद पांडेय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वर्ष
- 1977 में बृज भूषण तिवारी जनता पार्टी, वर्ष
- 1980 में कृष्ण चंद पांडेय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वर्ष
- 1984 में चंद्रशेखर त्रिपाठी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वर्ष
- 1989 में राम प्रसाद चौधरी जनता दल, वर्ष
- 1991 में अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल बीजेपी, वर्ष
- 1996 में सुरेंद्र यादव जनता दल, वर्ष
- 1998 में इंद्रजीत मिश्र बीजेपी, वर्ष
- 1999 में भालचंद्र यादव समाजवादी पार्टी, वर्ष
- 2004 में भालचंद यादव ने बहुजन समाज पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़कर दुबारा सांसद चुने गए। इसके बाद वर्ष
- 2007 में बसपा के टिकट पर भीष्म शंकर तिवारी ने जीत साहिल किया।
- 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र का श्रृजन होने के बाद वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में भीष्म शंकर तिवारी ने बसपा के ही टिकट पर दुबारा जीत हासिल किया। वर्ष
- 2014 में हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वर्गीय शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा के ही इं. प्रवीण निषाद ने मोदी लहर में संतकबीरनगर लोकसभा सीट पर जीत का सिलसिला बरकरार रखा।

# सोशल मीडिया का व्यय भी चुनाव खर्च में होगा शामिल : जिला निर्वाचन अधिकारी

## सभी संबंधितों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया है कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रचार के सभी व्ययों में सोशल मीडिया के विज्ञापनों के व्यय भी सम्मिलित होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित प्रभारी/नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार के लिए बल्क एसएमएस और वॉइस कॉल आदि के द्वारा किए गए प्रचार पर होने वाले व्यय के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों को समस्त राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और मीडिया सहित सभी संबंधितों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसमें सहयोगपरक मीडिया विकीपीडिया, ब्लॉग व माइक्रोब्लॉग मीडिया ट्विटर, यूट्यूब, फेसबुक, वर्चुअल गेम-वर्ल्डस जैसे एप्स आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार पर निर्वाचन प्रचार से संबंधित विधिक उपबंध सोशल मीडिया पर उसी तरह से लागू होते हैं जैसे वे किसी अन्य मीडिया का इस्तेमाल करके किए जाने वाले निर्वाचन प्रचार के किसी अन्य रूप पर लागू होते हैं।



महेंद्र सिंह तंवर, निर्वाचन अधिकारी।

### मास्टर ट्रेनरों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवी पैट, वीयू, सीयू के तकनीकी जानकारी और चुनाव संचालन आदि के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी कार्मिक संत कुमार भी उपस्थित रहे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोक सभा निर्वाचन में लगे मतदान कार्मिकों को जनपद स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद स्तर पर बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी, एसआरजी, संकुल प्रभारी और डायट प्रवक्ता को ईवीएम संचालन समेत पूरी चुनाव प्रक्रिया का तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार डॉक्टर प्रभात कुमार द्विवेदी ने मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दिया। जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा ने ईवीएम संचालन की जानकारी देते हुए कनेक्शन करने और आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सभी मास्टर ट्रेनर्स से प्रस्तुती करण कराया गया कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने के लिए कितने लोग उपयुक्त हैं। मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण अधिशासी अभियंता नलकूप लालचंद के द्वारा दिया गया। मौजूद मास्टर ट्रेनरों को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर ईवीएम संचालन और मतदान प्रक्रिया से भली-भांति अवगत हो लें। क्योंकि इनके द्वारा प्रशिक्षित किए गए मतदान कार्मिकों द्वारा अंतिम रूप से मतदान कराया जाएगा। जितने अच्छे ढंग से मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होंगे उतने ही अच्छे तरीके से वे प्रशिक्षण दे पाएंगे। क्या समस्याएं आती हैं और उसका समाधान क्या है। अगर इसको पूरी तरह से समझ लेंगे तो उचित प्रकार से प्रशिक्षण दे पाएंगे। इस अवसर पर डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम अजांव के पास शनिवार की दोपहर घर से मडपौना चौराहे पर जा रहे 22 वर्षीय युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर बाजार पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाक्षेत्र के ग्राम मंझरिया निवासी रामपत चौहान का 22 वर्षीय पुत्र रोहित चौहान किसी काम से घर से मडपौना चौराहे के लिए पैदल ही जा रहा था। सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। घटना के बाद युवक बेहोश हो गया। सूचना के बाद पहुंचे परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचे। मौजूद डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ में चयनित दोनों बच्चों को किया सम्मानित

मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** एमपी एजुकेशन सेंटर शेरपुर मगहर में प्रधानाध्यापिका सायमा खानम के नेतृत्व में शनिवार को एक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 5वीं के छात्र अयान आलम व जैनुल आब्दीन जिन्हें लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कालेज में फुटबाल खेल के लिये कक्षा 6 में चयनित होने पर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रबन्धक आफाक खान ने विद्यालय के छात्रों का चयन स्पोर्ट कालेज लखनऊ में होने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये बच्चे अन्य बच्चों के लिए मिसाल हैं। सफलता के लिये लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं सिर्फ शहरों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी छिपी हुई हैं।

जरूरत है उन्हें परखकर तराशने की। बच्चों ने नगर ही नहीं जिले और बस्ती मंडल का नाम भी रोशन किया है। प्रधानाचार्या सायमा खानम ने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेल भी जरूरी होता है।

इस मौके पर प्रबन्धक आफाक खान, प्रधानाध्यापिका सायमा खानम, सदरे आलम, मौलाना नदीम, सय्यद जोया, फहमी खानम, अफरोज खान, तनवीर उर्फ कक्कू अंसारी, मुसीर अहमद अंसारी, हाजी अब्दुल रशीद अंसारी आदि ने भी बच्चों की सफ़लता पर उन्हें दुआओं के साथ मुबारकबाद दिया है।

## अंजली ने 99.10 परसेंटाइल अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**मेहदावल, संतकबीरनगर।** मेहदावल क्षेत्र की छात्रा ने जे ई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का मान बढ़ाया है। 99.10 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त करने वाली छात्रा गोरखपुर के मोमेंटम क्लासेज में पढाई करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया है। जनपद के मेहदावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनकसिया निवासी छात्रा अंजली ने जेई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए जनपद और क्षेत्र का नाम रोशन किया और आल इंडिया जनरल ईडब्ल्यूएस रैंक में 2151वां स्थान प्राप्त किया। छात्रा अंजली सिंह के पिता ने बताया कि अंजली का साफ्टवेयर इंजीनियर बनने लक्ष्य लक्ष्य है। आगे जेई एडवांस पास कर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने का सपना है। छात्रा की मां सीमा सिंह ने बताया कि बेटी बचपन से ही मन लगाकर पढाई करती रही है। उसी का परिणाम है कि बेटी ने यह सफलता हासिल किया है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरू जनों को दिया है।



## सदर निर्वाचन क्षेत्र का व्यय प्रेक्षक ने किया भ्रमण



**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एसएसटी बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शहर के हुज़ूरपुर रोड पर निरीक्षण के लिए व्यय प्रेक्षक ने कटी चौराहा बस स्टैण्ड के निकट एफएसटी तथा रानीपुर थाना के निकट एसएसटी की गतिविधियों का जायज़ा लिया। टीम प्रमुख नीरज कुमार वर्मा व अमर सिंह से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने गोण्डा रोड पर दोनक्का चौराहा स्थित एसएसटी, बाबागंज चौराहा पर एफएसटी, आसाम चौराहा पर एसएसटी तथा रत्नापुर के निकट अशरफा चौराहा पर एफएसटी की गतिविधियों का जायज़ा लिया। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## गांवों में हाथियों के हमले रोकेंगे गजमित्र

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत चिार।** कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में जंगली हाथियों के आबादी की ओर बढ़ते कदम को रोकने के लिए न्यूज़ संस्था ने नए गजमित्रोँ की टीम का गठन का काम पूरा कर लिया है। संस्था द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प के दौरान नए गजमित्रों को संसाधनों से लैस किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि जँगली हाथियों से प्रभावित प्रत्येक गांवों से 10 गजमित्रों का चयन किया गया। नए और पुराने गांव को मिलाकर 105 गजमित्रोँ को उपकरण बांटे गए।10 गजमित्रों के ग्रुप पर तीन टार्च दिया गया है जो तेज बिम्ब रोशनी के साथ हाथियों को भगाने में मददगार साबित होंगे।पाँच पाँच के अलग अलग ग्रुप में टीम शिफ्ट वाइज काम करेगी। प्रत्येक गजमित्र अपने सुविधा अनुसार टार्च का आदान प्रदान कर सकता है।

## गब्बर के मकान का मूल्यांकन करने पहुंची टीम लौटी

**बहराइच, अमृत विचार।** जेल में बंद जिला पंचायत सदस्य शहर के रायपुर राजा में माफिया देवेंद्र सिंह गब्बर के मकान का मूल्यांकन करने के लिए शनिवार को अधिकारियों की टीम पहुंची। हालांकि चौहद्दी सही न मिलने के चलते टीम वापस लौट गई।

कोतवाली देहात के रायपुर राजा में पयागपुर के जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर की पत्नी के नाम मकान स्थित है। पुलिस ने इस मकान की मूल्यांकन की मांग जिला मजिस्ट्रेट से की थी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सिटी मजिस्ट्रेट को मूल्यांकन करवाने के निर्देश दिए दिए। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह, तहसीलदार अभय राज पांडेय, अधिशाषी अभियंता विनियमित क्षेत्र समेत पांच सदस्यीय टीम पहुंची। इसके अलावा लेखपाल महेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी अशोक सिंह, एसएसआई कोतवाली देहात विनय पांडेय, उप निरीक्षक राम चंद्र यादव भी पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में राजस्व और नगर पालिका की टीम ने माफिया की पत्नी के नाम बने मकान की चौहद्दी जांची। लेकिन अभिलेख कुछ सही नहीं मिला।

## कबूतरबाज की तलाश में नानपारा पहुंची हरियाणा पुलिस

**बहराइच, अमृत विचार।** हरियाणा के कैथल जिले के सिविल लाइन थाने में कैलरम निवासी ईश्वर सिंह पुत्र दाना राम ने गुहला थाने के रामथली गांव निवासी राजवेन्द्र सिंह को नामजद कर अमानत में ख्यानत, धोखाधड़ी व इमीग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। इसी 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर वहां कोर्ट में पेश किया गया। उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी को 25 अप्रैल को आर्थिक अपराध शाखा कैथल के सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह ने उसे कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूंछताछ में राजवेन्द्र ने एक आरोपी नानपारा कोतवाली के बढ़ैया कलां का कबूला था, तो हरियाणा पुलिस राजवेन्द्र को साथ लेकर शहर पहुंची। शहर स्थित मेडिकल कालेज में राजवेन्द्र का परीक्षण करा नानपारा पहुंची टीम ने यहां की पुलिस के सहयोग से बढ़ैया कलां में दबिश दी। पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति यहां का वाशिंदा नही है। शातिर ने अपने साथियों को ही गलत पता दे रखा था। हरियाणा पुलिस अपने प्रांत चली गई है।

## बाइक में बोलेरो ने मारी टक्कर, दो गंभीर

**बहराइच, अमृत विचार।** दरगाह थाने के बहराइच बलरामपुर हाईवे के सासापारा के पास शुक्रवार देर रात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार नानपारा के नील कोठी निवासी 23 वर्षीय रिंकू पुत्र राम फेरन, रामगांव थाने के राजापुर निवासी 22 वर्षीय पवन पुत्र राम नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक आसपड़ोस के लोग दौड़े। तब तक चुनाव प्रचार से वापस आ रहा काफिला घायलों को तड़पता छोड़ चला गया। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस मंगाकर घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा।


## वर्ग पहेली-53

**बाएं से दाएं**

3. 1. मात्रा, परिणाम 2. तौल।
5. लानत, फटकार, धिक्कार।
6. 1. चरित्रहीन पुत्र, नालायक बेटा, बुरे चाल-चलन वाला पुत्र 2. कुल को कलंकित करने वाला पुत्र।
7. 1. एक प्रकार का पौधा जिसके चौड़े पत्तों पर कांटे होते हैं, थूहर 2. एक प्रकार का नेपाली बाजा 3. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।
11. खेत नापने की एक इकाई, ज़मीन के माप बिस्वांसी का बीसवां हिस्सा।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्र होना।
2. 1. कील के आधार पर घूमने वाला गोलाकार टुकड़ा, चकरघिन्नी 2. लकड़ी का एक खिलौना, चकई, फिरकी।
4. 1. जोतने का काम करवाना 2. ऐसा काम करना जिससे घोडे
8. 1. शोध-छात्र 2. शोध या अनुसंधान कार्य में लगा हुआ कोई व्यक्ति, (रिसर्चर)।
9. 1. भीतरी, आंतरिक 2. अंतर्मन का।
10. 1. फंसाने का फंदा, पाश 2. रस्सी का वह फंदा जिसमें गला फंसाने से दम घुटता है और आदमी मर जाता है 3. उक्त प्रकार से दिया जाने वाला प्राणदंड 4. कोई ऐसा संकटपूर्ण बंधन जिसमें प्राण जाने का भय हो या प्राण निकलने का-सा कष्ट हो 5. आफ़त, मुसीबत। (मु.) -चढ़ाना: (किसी को) मार देना, ख़तरे में झोंकना।



### वर्ग पहेली -52 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 हा | ■ | 2 भू | ■ | ■ | 3 अ |
| 4 क | ला | वं | त | ■ | ■ | हि |
| ला | ■ | ■ | का | ■ | ■ | ना |
| मे | ■ | ■ | 5 ली | 6 क | ■ | थ |
| पा | ■ | 7 व | न | च | र | ■ |
| क | ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 8 पु | रा | त | न | पं | थी |

### सुडोकू-132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |


### सुडोकू -131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 28 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.21 तक तत्पश्चात पंचमी।

**आज का पंचांग**



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 29 अप्रैल 04.49 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नए अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

**वृष** — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिए। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिए। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**सिंह** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

**कन्या** — आज कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको संतान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

**तुला** — आज वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नई योजना बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें।

**धनु** — आज आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर** — आज नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिए आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिए।

**कुंभ** — आज राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुए काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES: सिंबा — सुबह: 11.18; रुस्तम — रात: 09.11

SONY MAX: नमस्ते लंदन — सुबह: 09.37; हिंदी मीडियम — शाम: 05.59

SONY PIX: द मास्क — सुबह: 10.56; 2012 — शाम: 06.19

ZEE CINEMA: सीक्रेट सुपरस्टार — दोपहर: 12.05; मिशन रानीगंज — शाम: 06.00

colors CINEPLEX: डुप्लीकेट — सुबह: 10.49; दोस्ताना — रात: 08.35

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर शाम :05.59 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर !टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

पत्नी:- आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति:- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

## एक नजर

### माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण तीन व चार को

सुलतानपुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण अंकुर कौशिक द्वारा अवगत कराया गया कि लोकसभा चुनाव में नियुक्त समस्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण तीन व चार मई को दो पालियों में कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 1 बजे तक एवं अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### संतोष बने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी



सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने डॉ गुंडाल विजय कुमार मुख्य सलाहकार की सहमति से संतोष कुमार पांडेय सुलतानपुर को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। पत्रकार संतोष कुमार पांडेय हिंदी प्रचार प्रसार हेतु समर्पित हैं। संतोष के मीडिया प्रभारी बनने पर पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, पवन मिश्र, श्रीकृष्ण पांडेय, नवनीत मिश्र, अंकित राय, नीरज तिवारी आदि ने खुशी जताई है।

### निशा सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



सुलतानपुर, अमृत विचार : केएनआईपीएसएस के हिन्दी विभाग की प्रो प्रतिमा सिंह के निर्देशन में डॉ बच्चन सिंह की आलोचनात्मक दृष्टि : एक अध्ययन विषय पर निशा सिंह ने अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इन्हें डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

## जयसिंहपुर और चांदा कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जयसिंहपुर और चांदा कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। जयसिंहपुर में हुए हादसे में दूसरा बाइक सवार गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। हादसो से परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हसरमपुर धरसौली निवासी सत्यम पाल उर्फ अनुपम (21) पुत्र सियाराम पाल बाइक से शुक्रवार की रात डड़वा गांव रिश्तेदारी जा रहा था। कोतवाली के ही मुइली के पास पहुंचा था कि सामने से बाइक से आ रहे सर्वेश निवासी अतरदशा थाना मोतिगरपुर से टक्कर हो गई। दुर्घटना में घायल दोनों बाइक सवारों को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में सत्यम पाल की मौत हो गई, सर्वेश को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सत्यम के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत



सूरज की फाइल फोटो।

चांदा, सुलतानपुर : थाना क्षेत्र के शफीपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। चांदा थाने के शफीपुर निवासी जय सिंह ने बताया कि उनका भाई विजय सिंह उर्फ सूरज (30) पुत्र राम नरायन सिंह शुक्रवार की शाम बेकारी अड्डा (शफीपुर) बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सूरज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा गए, जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन शनिवार की सुबह करीब तीन बजे जगदीशपुर पहुंचते ही सूरज की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू की है।

### चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था सत्यम

मृतक सत्यम चार भाई और एक बहन में तीसरे नंबर पर था। बहन की शादी हो चुकी है। जबकि, बड़ा भाई अरविंद, गोविंद और छोटा भाई परवींद्र अभी पढ़ाई कर रहा है। युवक की मौत से गांव में मातम छाया है। पिता ने बताया कि सत्यम की अभी शादी नहीं हुई थी।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के मुजेश के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैंतीस वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए शव को सुरक्षित रखवा दिया है।

घटना थाना क्षेत्र के मुजेश के पास की है। जहां पर शुक्रवार की रात एक पैदल जा रहे युवक को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिये कूरेभार अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# 78 क्विंटल राशन बेचने वाले कोटेदार पर केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचारः जिले में राशन की कालाबाजारी कम होने का नाम नहीं ले रही है। लंभुआ के गोपाल रायपुर गांव में एक उचित दर विक्रेता की ओर से 78 क्विंटल राशन की कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिकारियों की जांच रिपोर्ट पर डीएम के आदेश पर उचितदर विक्रेता के खिलाफ राशन की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विकास खण्ड लम्भुआ की ग्राम पंचायत गोपाल रायपुर में कार्डधारकों को रोस्टर पर राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की गई थी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी माला कुमारी, पूर्ति निरीक्षक नन्हें सिंह, नायब तहसीलदार लम्भुआ की संयुक्त टीम ने कोटेदार अनीता के राशन की दुकान की जांच किया। जांच के दौरान स्टाक में केवल साढ़े छह क्विंटल राशन मिला। 24.50 क्विंटल गेहूं व 53.92 क्विंटल चावल व 24 किलोग्राम चीनी की कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया। जांच टीम की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। पूर्ति निरीक्षक नन्हें सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर कोटेदार अनीता के खिलाफ राशन की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# पेड़ से टकराई कार, आठ घायल

- एयर बैग खुलने से बची सभी की जान, रामलला के दर्शन को जा रहा था बिहार का परिवार

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। आठ कार सवार श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना होते ही कार का एयरबैग खुल जाने से सभी की जान की बच गई है। पुलिस ने राहत बचाव कार्य किया है।

बिहार प्रांत का एक परिवार कार से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहा था। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थाना क्षेत्र के पुरखीपुर चौराहे के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। ऐसे में कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई। टक्कर से कार के जहां परखच्चे उड़ गए, वहीं उस पर सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में इलाज के लिए लाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों एयर बैग खुल जाने से लोगों की जान बच गई है।



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार।

### ये लोग हुए घायल

अमरीत (27) पुत्र चंद्रशेखर पटेल निवासी डोमरीपड़ाव, रामनगर वाराणसी, कृष्ण कुमारी (35) पत्नी रविंद्र कुमार, आस्था (25) पुत्री रविंद्र कुमार निवासी आजाद नगर समस्तीपुर बिहार, सरिता वर्मा (45) पत्नी राम प्रकाश वर्मा विकलेश कुमार (37) पुत्र राम प्रकाश निवासी अर्जून टोला चेरिया वरियार बेगूसराय, बिहार, कवी उर्फ अनामिका (39) पत्नी अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार (40) पुत्र अरुण कुमार, जिग्याशु पुत्र अभिषेक कुमार निवासी पिपरी हरसाली मधुबनी बिहार घायल हुए है।

## नीम के पेड़ से लटका मिला प्रौढ़ का शव

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के मधुवन निवासी राम जश निषाद (55) पुत्र जुगई शनिवार सुबह पांच बजे शौच करने जंगल की ओर गया था। एक घंटे बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सुबह करीब साढ़े छह बजे लोगों को रामजश का शव घर से दो सौ मीटर दूर जंगल में नीम के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता दिखाई पड़ा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कोउभेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी राम रती, पुत्र नंदलाल, गोविंद, पिंटू, रिंकू, रामनरेश, अंकित व एक पुत्री को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष ने बताया परिजनों के मुताबिक मृतक अवसादग्रस्त था।

# आग लगने से 11 घर जलकर राख



करौंदीकला में आग से जला मकान और जले हुए घर के पास बैठी गमगीन महिला। अमृत विचार

- लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर मदद का दिया आश्वासन

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के सकरदे गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से 11 घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नकदी समेत हजारों का सामान मोटर साइकिल जल गया।

ग्राम पंचायत सकरदे में शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से भारत निषाद, ओमप्रकाश, राम भवन, शीला, रोहित, गणेश, राहुल, विकास का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। जबकि शिवकुमार निषाद, मनफूल और राजमणि के घर में आग लगने से मोटर साइकिल सहित गृहस्थी का सारा सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष व प्रधान दमकल व ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में सफल रहे। सुबह लेखपाल ने नुकसान का आकलन करते हुए मदद का आश्वासन दिया है।

# फंदे से लटकता मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत निवासी एक किशोर का शव दूसरे गांव में कमरे के अंदर रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पंचायतनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर संगत निवासी नितिन निषाद (14) पुत्र स्व. मनोज निषाद गोसाईगंज स्थित आरओ प्लांट पर कार्य करता था। शुक्रवार दोपहर दो बजे वह घर से निकला था। शाम को वह आरओ प्लांट पर कार्य करने वाले एक साथी के यहां फतेहपुर संगत के अंधियारी बगिया पुरवे में बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। रात को वहां आर्केस्ट्रा पार्टी भी थी। शनिवार सुबह उसका शव अंधियारी बगिया स्थित मंगरु निषाद के घर के अंदर छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। पशुओं के लिए भूसा लाने गई एक महिला को घटना की जानकारी हुई तो वहां भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी गई। मृतक की मां रीता देवी व चचेरे भाई अवधेश कुमार ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव उठाने से मना कर दिया। उनका कहना था कि पहले आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

थानाध्यक्ष के समझाने के बाद परिजन मान गए। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एमडीएम में घपले पर हेडमास्टर निलंबित

संवाददाता, सुलतानपुर

**कार्रवाई**

- भदैंया विकासखंड के जूनियर हाईस्कूल बालमपुर का मामला
- सात की जगह 35 से 44 बच्चों का खारिज होता था एमडीएम भोजन

अमृत विचारः भदैंया के बालमपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने एमडीएम में घपला, सहायक अध्यापिका से दुर्व्यवहार सहित कई गंभीर आरोप की पुष्टि होने पर निलंबित कर दिया है। उनको लंभुआ बीईओ कार्यालय से संबद्ध कर मामले की जांच का आदेश दिया है।

भदैंया विकासखंड के बालमपुर जूनियर हाईस्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने एमडीएम में घपला व अध्यापिका से दुर्व्यवहार सहित कई गंभीर आरोपों में निलंबित कर दिया है। वह अपनी सेवा काल में दूसरी बार निलंबित हुए है। चर्चित प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी भदैंया के उच्च प्राथमिक विद्यालय बालमपुर में कार्यरत है। जो अपनी कार्यशैली से विवादों में रहते है। स्कूल की सहायक अध्यापिका की शिकायत पर मामले की जांच बीईओ भदैंया उदयराज मौर्या करने 15 अप्रैल को निरीक्षण को स्कूल पहुंचे तो स्कूल गेट अंदर से बंद मिला। विद्यालय में एमडीएम के बर्तन टूटे पाए गये, कुल 7 छात्र मिले, जबकि इससे पहले हर दिन 35 से 44 का एमडीएम खारिज किया मिला। स्कूल परिसर मे गंदगी व झाड़िया मिली, शौचालय गंदा व निष्प्रयोज्य मिला। अन्य गंभीर आरोपों की पुष्टि पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने बीईओ भदैया की जांच रिपोर्ट पर प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को निलंबित कर लंभुआ बीईओ कार्यालय से संबद्ध किया है। तथा बीईओ लंभुआ अजय सिंह को मामले की जांच का निर्देश दिया है।

### टीईटी परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रकरण में हुए थे निलंबित

प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को पूर्व में टीईटी परीक्षा में परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रकरण में तत्कालीन बीएसए कौस्तुभ सिंह ने निलंबित किया था। स्कूल चलो अभियान में भदैंया बीआरसी पर वह छात्रा की दुपट्टा की झंडी बनाकर रैली निकाली थी। बालमपुर में तैनात सहायक शिक्षिका संगीता सरोज के साथ अभद्र व्यवहार व एमडीएम में घपला सहित विभिन्न आरोपों में राजकुमार तिवारी को बीएसए ने दूसरी बार निलंबित कर दिया।

## सार-संक्षेप



कादीपुर में एक सभा को संबोधित करती सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

### एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना हो रहा साकारः मेनका

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को कादीपुर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा पीएम मोदी के विकास, सुशासन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बल पर एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। आज अंतिम पायदान का गरीब व्यक्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में होने के कारण मजबूत और खुशहाल हुआ है।

### इलाज के दौरान चार साल की बच्ची की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के हैहनाखुर्द गांव निवासी अभिषेक तिवारी की चार वर्षीय पुत्री अक्षिता की घर पर सुबह तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले गए। जहां तबीयत खराब होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह अक्षिता स्नान करने के बाद घर पर नमकीन खा रही थी। गले में नमकीन अटक जाने से तबीयत बिगड़ गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

### कादीपुर विधायक की माता का निधन



प्रेमा देवी की फाइल फोटो।

अखण्डनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर विधायक राजेश गौतम की माता प्रेमा देवी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को निधन हो गया। विधायक ने पिता पूर्व मंत्री स्व. जयराज गौतम की समाधि के पास मां का अंतिम संस्कार किया। दोस्तपुर स्थित पहाड़पुर बस्ती में विधायक के पैतृक गांव में बड़ी संख्या में जमा हुए क्षेत्रीय लोगों ने श्रद्धांजिल अर्पित किया। सुबह मेनका गांधी के साथ नुक्कड़ सभा में शामिल थे विधायक तब मां के निधन की मिली थी सूचना। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ पहुंचकर मां का शव लेकर पैतृक गांव पहुंचे।

### मेडिकल बस कैंप में 70 मरीजों का इलाज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैम्प का निशुल्क आयोजन मोतिगरपुर के कैथवारा में आयोजित किया गया। गुरुवार को स्व. देवेश सिंह की स्मृति में लोटस टीएमटी कम्पनी द्वारा मेडिकल बस कैम्प का उद्घाटन आरएसएस विभाग प्रचारक श्री प्रकाश व विहिप नेता अधिवक्ता नागेंद्र प्रताप सिंह ने किया। मेडिकल बस कैम्प में कैथवारा, दियरा, छेदुवारी, काछा भिटौरा, गोंदलपुर, मैरी रंजीत, मलवा सहित कई गांव के करीब 70 से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया। इस दौरान डा. मिलन बेरा व नवीन गर्ग की टीम द्वारा 35 मरीजों को चश्मा दिया गया, 6 मरीजों का ईसीजी, 5 मरीजों का एक्सरे, 6 मरीजों का यूरिन टेस्ट, 10 लोगों का दांत साफ कर दवा वितरित किया गया व कई लोगों की ब्लड जांच हुई।

# अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे विजय बाबू

- तृतीय पुण्यतिथि पर क्षेत्र की विभूतियों का किया गया सम्मान

लंभुआ, सुलतानपुर



लंभुआ में विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

अमृत विचारः पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वित्त एवं लेखा संघ उत्तर प्रदेश स्व विजय प्रकाश श्रीवास्तव की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के पांच विभूतियों को माल्यार्पण करके एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने विजय प्रकाश श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला न्यायाधीश आरपी शुक्ला ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह विभागीय सेवा में रहते हुए सामाजिक सेवा से भी सरोकार बनाए रखा। उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता व मिलनसार व्यक्तित्व ही सभी को जोड़े रखा है। विजय प्रकाश स्मारक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भारत गांधी श्रीवास्तव लल्लन ने बताया कि पिताजी की तृतीय पुण्य स्मरण दिवस के मौके पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या के नेत्र सर्जन डॉ. पंकज बरनवाल व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नरेंद्रपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार वर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन्हीं के साथ उत्कृष्ट काव्य लेखन के क्षेत्र में दीपिका चौरसिया, शिक्षण कार्य में अजय पांडेय, समाज सेवा के क्षेत्र में शिव शंकर को भी सम्मानित किया गया।

## तीन बच्चों को छात्रवृत्ति परीक्षा में मिली सफलता

सुलतानपुर, अमृत विचारः कूरेभार के ग्राम सभा महिलो आशापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता अर्जित की हैं। जिला स्तर पर आदित्य गुप्ता ने 32वीं, श्वेता आर्य ने 34वीं और आदर्श कुमार ने 40 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक किरन वर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इन छात्रों को इंटर तक की पढ़ाई के लिए 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्राप्त होंगे। छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने में विद्यालय की सहायक अध्यापक रागिनी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# कादीपुर में सड़क किनारे सजती है चिकमंडी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः हाईवे के किनारे खुले में मांस मछली की दुकानें लगने की शिकायत को देखते हुए नगर पंचायत ने अलग चिकमंडी बना दी। इसके बाद भी कुछ दुकानदार हाईवे के किनारे से अपनी दुकानें नहीं हटा रहे हैं। जबकि इन दुकानदारों के पास कोई लाइसेंस भी नहीं है।

कस्बे में लंबे समय से जनता की शिकायत रहती थी कि लोग मुख्य मार्ग के किनारे आबादी व स्कूल के निकट खुले में मुर्गा बकरा काटने वाले अपनी दुकान लगाते हैं, उन्हें कहीं एकांत में जगह दी जाए। इस शिकायत को दूर करने के लिए चेयरमैन आनंद जायसवाल ने पुरानी बाजार में नाले के पास सरकारी जमीन में कुछ दुकानें बनवाकर केवल मांस मछली बेचने वालों को आवंटित करने का निर्णय लिया। चार दुकानदारों को छोड़कर बाकी लोग उसी मंडी में चले गए, लेकिन शिशु मंदिर मोड़ के निकट तथा चांदा रोड पर कांशीराम आवास के निकट के कुल चार दुकानें अभी भी मुख्य मार्ग के किनारे ही लग रही हैं। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से यह बताया गया कि सभी दुकानदारों से कहा गया है कि वे नवनिर्मित दुकान आवंटित करा कर मुख्य मार्ग के किनारे से हट जाएं।

**समीक्षा बैठक** एडीएम वित्त की अध्यक्षता में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक, तीन केंद्रों के प्रबंधकों को पड़ी फटकार

# तीन केंद्रों पर अभी भी नहीं शुरू की गई गेहूं की खरीद

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एस. सुधाकरन की अध्यक्षता व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी तथा क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबन्धकों के साथ गेहूं खरीद कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में गेहूं क्रय किये जाने हेतु 83 गेहूं क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया गया है, जिसमें विपणन विभाग के 23 केंद्र, पीसीएफ के 43, नैफेड के 06 पीसीयू के 06, भारतीय खाद्य निगम के 03 तथा मण्डी समिति का 01 क्रय केन्द्र शामिल है। एडीएम ने बताया कि का गेहूं खरीद लक्ष्य 76,000 एमटी निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 26 अप्रैल तक 2080.269 एमटी गेहूं की खरीद की गयी है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया गया कि नैफेड के 02 क्रय केन्द्र कमरांवा एवं नरायनपारा तथा पीसीयू के 01 क्रय केन्द्र बभनगवां पर अभी गेहूं की खरीद प्रारम्भ ही नहीं हुई हैं। उन्होंने उक्त खराब प्रगति के दृष्टिगत जिला प्रबन्धक नैफेड एवं जिला प्रबन्धक पीसीयू को कड़ी फटकार लगायी गयी तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं अब तक गेहूं खरीद न किये जाने के दृष्टिगत क्यों न उक्त गेहूं क्रय केन्द्र निरस्त कर दिये जाने की नोटिस जारी की गयी है। जिला प्रबन्धक नैफेड एवं पीसीयू को सख्त निर्देश दिये गये कि नोटिस जारी की गयी है। जिला प्रबंधक नैफेड एवं पीसीयू को सख्त निर्देश दिये गये कि हरसंभव प्रयास कर 02 दिन के भीतर किसानों से खरीद कराना सुनिश्चित करें। उक्त क्रय केंद्रों पर खरीद में प्रगति न होने की स्थिति में उक्त क्रय केन्द्रों को निरस्त करने की कार्रवाई कर दी जायेगी।



कलेक्ट्रेट में क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करते एडीएम एफआर।

उन्होंने अवगत कराया कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर उनके क्षेत्र में कैंप लगाकर उनसे सीधे गेहूं की खरीद सुनिश्चित करें, सभी केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए सुनिश्चित करें कि कोई बिचौलिया व्यापारी किसी भी दशा में किसानों से कम मूल्य पर गेहूं खरीद न करने पाये।

# वाराणसी मेमू को रुकवाने की मांग

- मेमू रुकने से पखरौली व भदैंया के लागों को मिलेगी राहत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर से वाराणसी तक चलने वाली मेमू ट्रेन का पखरौली व भदैंया रेलवे स्टेशन पर ठहराव न होने से स्थानीय लोगों व शिव भक्तों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। भदैंया क्षेत्र के निवासियों ने मेमू ट्रेन का ठहराव पखरौली व भदैंया रेलवे स्टेशन पर कराये जाने की मांग अधिकारियों, रेल प्रशासन व सांसद से की है।

10 महीने पहले पांच जून से बाबा भोलेनाथ की नगरी बनारस जाने वाले शिव भक्तों को सुलतानपुर से नई मेमू ट्रेन की सौगात मिली थी। उतरेटिया लखनऊ से सुलतानपुर की मेमू ट्रेन को रात आठ बजे आने के बाद अब वाराणसी तक चलाया जा रहा है। मेमू ट्रेन सुलतानपुर से चलकर पखरौली और भदैंया, स्टेशन से गुजरती तो है लेकिन रुकती नहीं है। मेमू का ठहराव लंभुआ फिर कोइरीपुर में होता है जबकि इन स्टेशनों पर शटल भी रुकती है। भदैंया क्षेत्र के स्थानीय लोग मेमू ट्रेन चलने से खुश तो है लेकिन पखरौली, भदैंया व महारानी पश्चिम स्टेशन पर ठहराव न होने से इसका लाभ नहीं मिल रहा है जिससे यात्री निराश हैं।

### क्या कहते हैं लोग

मेमू ट्रेन को ठहराव के लिए हनुमानगंज के सर्वेश बरनवाल का का कहना है कि लंभुआ में पहले ही शटल एक्सप्रेस का ठहराव है। वहीं पर मेमू ट्रेन का भी ठहराव किया गया है। रात में चलने वाली मेमू यदि पखरौली व भदैंया मे रोकी जाये तो लोगों को बनारस जाने की सहूलियत भी मिलेगी और राजस्व भी बढ़ेगा। अभियाखुर्द के अरुण पांडेय हर महीने पूर्णमासी को गंगा स्नान करने वाराणसी जाते हैं। वह कहते हैं कि पखरौली व भदैंया स्टेशन से सौ से अधिक लोग गंगा स्नान व बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने जाते हैं। रात को यदि मेमू ट्रेन इन स्टेशनों पर ठहराव हो तो लोगों को सुविधा मिलेगी। प्रताप पांडेय का कहना है कि मेमू ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए ही चलती है, इसको हर स्टेशन पर रुकना चाहिए। भूपेश मिश्र ने इसकी जानकारी को सांसद मेनका गांधी को देकर मेमू ट्रेन को पखरौली व भदैंया स्टेशन पर रोकने की मांग की है।

## एक नजर

### बगीचे में आग लगने से कई पेड़ जलकर नष्ट

**गोरखपुर।** गोला तहसील अन्तर्गत ग्राम सभा खिरकिटा दीगर उर्फ मटियारिया में बीते शुक्रवार को सागौन के जंगल में आग लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। गोला थानांतर्गत ग्राम सभा खिरकिटा दीगर के उत्तर दिशा में करीब दो एकड़ में सागौन, आम और कटहल आदि का पेड़ का बगीचा रामकमल शर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा और अखिलेश कुमार शर्मा पुत्रगण सत्यदेव शर्मा तथा राजेश कुमार शर्मा, बृजेश कुमार शर्मा और अमरेश कुमार भट्ट का है। बगीचे में 26 अप्रैल को अचानक दोपहर में आग लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### बाग में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** थानाक्षेत्र चिल्हियां अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनी में युवक का शव संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ग्राम पंचायत जमुनी के एक बाग में लगभग 20 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका दिखा। ग्रामीणों की सूचना पर थाना चिल्हियां की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। फोरेंसिक ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की पहचान दीपू पुत्र रमेश निवासी ग्राम जोगीबारी के रूप में हुई। दीपू बचपन से ही अपनी नानी के यहां ग्राम जमुनी में रह रहा था। थानाध्यक्ष चिल्हियां ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पुलिस ने जिलाबदर अपराधी को घर से किया गिरफ्तार

**टड़ियावां, हरदोई।** कोतवाली पुलिस ने एक जिला बदर को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम देबिया फत्तेपुर निवासी प्रदीप कुमार को डीएम ने जिला बदर कर दिया गया था।

# नीट-जेईई के साथ सिविल सर्विस की तैयारी की जा सकती है या नहीं...

## आईएएस से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में जनपद से प्रदेश एवं जिले में टॉपर समेत मेधावी 105 छात्रों को सम्मानित किया गया।







कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह एवं आईएएस से मिलिए कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र देते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह एवं आईएएस से मिलिए कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ मेधावी छात्रों ने संवाद किया। डीएम, सीडीओ से उनकी सफलता के बारे में पूछा। यह भी पूछा कि नीट, जेईई एडवांस के साथ सिविल सर्विस की तैयारी की जा सकती है या नहीं, सिविल सर्विस की तैयारी के लिए विज्ञान वर्ग या साहित्य वर्ग किसको चुना जाए, आईएएस बनने के लिए विषय का चुनाव, तनाव दूर करने के उपाय, हाईस्कूल के साथ ही सिविल सर्विस की तैयारी की जाये या नहीं आदि प्रश्न किया गया। छात्राओं द्वारा बताया गया कि 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अभिभावकों का शादी करने का दबाव बढ़ जाता है जिसके निराकरण के बारे में पूछा। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेधावी बच्चों को भविष्य में प्रोत्साहित करने के लिए हर किसी को बेहतर प्रयास करने चाहिए। संचालन जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई के प्रवक्ता सच्चिदानंद शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, पचमोहनी के करूणाकांत, इनरीग्रांट के विश्व प्रकाश सिंह, परसाजमाल के अभिषेक कुमार समेत माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव, जिला मंत्री हृदय नारायन मिश्र, प्रधानाचार्य विनय अनमोल, तनवीर अहमद खान, वीके चौधरी, विक्रम यादव, राम केवल विश्वकर्मा, डीआईओएस दफ्तर के उमाशंकर, आदि उपस्थित थे।

### सम्मानित होने वालों में प्रदेश और जिले के टॉप

हाईस्कूल के मेधावी उजाला, खुशी पांडेय, मो. खालिक, शांभवी द्विवेदी, हिमा यादव, मांसवी मिश्रा, अर्चिता, आलोक कुमार, देवेश त्रिपाठी, अंशिका नियार, सत्यम यादव, आशीष गुप्ता, अनमोल प्रताप सिंह, फराहत जैबी, सुमित कुमार द्विवेदी, दिव्या भारती, शिवम गुप्ता, शिव कुमार, श्रेया श्रीवास्तव, उत्कर्ष त्रिपाठी, मंतसा फातिका, साक्षी श्रीवास्तव, ममता मौर्या, इंटरमीडिएट में चार्ली गुप्ता, पलक सिंह, निधि, अंशिका चौधरी, अपराजिता, अर्पिता द्विवेदी, अफजुलरहमान, श्रेयाजल, रतन श्रीवास्तव, भव्या सिंह, महिमा चौधरी, शाक्य पटेल, विकास यादव, स्तुति त्रिपाठी, पलक श्रीवास्तव, प्रभुनाथ यादव, अन्नया, इंदु, गौरव, सलमान खान, अनम प्रवीन शामिल थे।

# 25 मई को पहले मतदान फिर करें जलपान

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिलाओं की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने शनिवार को लोहिया कला भवन से महिलाओं की पिंक (स्कूटी) रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।





पिंक स्कूटी रैली में शामिल महिलाएं, पुलिसकर्मी व हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि महिलाओं का लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा अधिक था। अधिकांश महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। आप सभी अपने स्कूल एवं अपने क्षेत्र के आस-पास के लोगों को 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान फिर जलपान करने का आहवान करें। सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी है, रैली के माध्यम से गांव गांव व जन-जन तक मतदान करने का संदेश पहुंचे। हमें पूर्ण विश्वास है कि मतदान दिवस 25 मई को सभी महिला/पुरूष एवं युवा मतदाता शत प्रतिशत मतदान करके इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी देकर जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाएंगे। इस मतदाता जागरूकता रैली में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, पुलिस विभाग की महिला कान्सटेबल आरक्षी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं स्कूल की शिक्षिकायें शामिल थी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# कूड़े के ढेर में लगी आग, धुएं व दुर्गंध से लोग रहे परेशान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर के बीचो बीच जमुआर नदी पर कूड़े के दुर्गंध से लोगों का सांस ले पाना पहले ही मुश्किल था। गर्मी के दिनों में अब कूड़े में आग लगने से धुएं से शहर के पुरानी नौगढ़ तक लोगों का दम घुटने लगा है। शनिवार को कूड़े में आग लगने से धुएं औ दुर्गंध से लोग बेचैन हो उठे। आग बुझाने में जुटी फायर ब्रिगेड का पानी कम पड़ गया और दोबारा पानी भरने जाना पड़ा। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि नगर पालिका की ओर से शहर के उत्तर दिशा में स्थित जमुआर नदी के पास शहर का कूड़ा गिराया जा रहा है। इससे सुबह और शाम बैठने वाले दुर्गंध से परेशान रहते थे। शनिवार को कूड़े के ढेर में आग लग गई और तेजी से धुआं उठने लगा। चंकि यह बर्डपुर और ककरहवा मार्ग पर स्थिति है। इसलिए हजारों की संख्या में इस हाईवे से वाहन गुजरते हैं। आग लगने के बाद धुएं का गुबार और लपटें उठने लगीं। गुजरने वाले वाहनों को निकलने में कठिनाई होने लगी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने के लिए पहुंची। लेकिन बुझाते-बुझाते पानी खत्म हो गया। दोबारा पानी लेकर पहुंची तो घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने कूड़ा कहीं अन्य जगह एकत्र किए जाने की मांग की है।

# समय पर अपलोड किया जाए डाटा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं विशेष संचारी रोग, क्षय रोग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी, पीएचसी पर सभी प्रकार की निःशुल्क जांचो का वाल पेन्टिंग कराने एवं टीकाकरण का शेड्यूल एवं दवाओं की उपलब्धता के बारे में सूची चस्पा कराने का निर्देश दिया। अनटाइड फन्ड से आवश्यक सामग्री क्रय करने का निर्देश दिया। वीएचएनडी सत्र पर पोषाहार/दवा के बारे में स्टैण्डी लगाकर लोगों को जानकारी देने का निर्देश दिया। ई-कवच पोर्टल पर आशा, बीपीएम, बीसीपीएम द्वारा डाटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की। समस्त डाटा समय से व सही डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी कराने तथा सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत-प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त एमओआईसी को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय-समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से प्रेषित करे। डीसीपीएम द्वारा उपकेन्द्रों का डाटा फीडिंग सही न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। लोटन एमओआईसी को मीटिंग में उपस्थित न होने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया।

## तमंचा बनाते हुए एक अभियुक्त को दबोचा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलांस और थाना त्रिलोकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मौके से पांच देशी तमंचा निर्मित व छह देशी तमंचा अर्द्धनिर्मित तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किया गया। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर चन्दन ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि ग्राम बहादुर के सिवान में बाग में एक व्यक्ति असलहा बनाकर बेचता है। बताये गए स्थान पर घेराबंदी कर मौके से एक ग्रामीण को पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम सलीम निवासी जबजौवा थाना डुमरियागंज बताया।

# लोको पायलटों के लिए रेलवे बोर्ड को लिखा पत्र

गोरखपुर

**अमृत विचार।** एनएफआईआर के केंद्रीय महामंत्री डॉ एम राघवैया ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर मांग की है कि किसी लोको पायलट द्वारा अपनी ट्रेन के साथ खतरे का सिग्नल पार करने तथा रेल को कोई क्षति न होने पर नौकरी से निष्कासन जैसा कदम न उठाया जाए।

यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने दी है। पत्र में ताजा उदाहरण में मुंबई मंडल में एक मोटरमैन के द्वारा खतरे का सिग्नल सिर्फ 3 मीटर तक पार करने के बाद नौकरी जाने के डर से मोटरमैन द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना हुई। घटना के उपरांत पूरे मोटरमैन संवर्ग में निराशा का माहौल है।

बहुत से मोटरमैन स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देने को विवश हैं। लगातार बढ़ रही गाड़ियां, स्टाफ की कमी, मेंटेनेंस का अभाव, भौगोलिक परिस्थितियों के कारण भी लोको पायलट खतरे का सिग्नल पार कर जाता है। जिसमें रेलवे की कोई क्षति भी नहीं होती है लेकिन लोको पायलट को नौकरी से निष्कासित कर दिया जाता है। जिससे पूरे लोको पायलट संवर्ग में अत्यंत निराशा का माहौल है।

## सार-संक्षेप




नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल।

### नाला सफाई कार्य का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए गोरखपुर शहर के सभी नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। नगर निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर समुचित सफाई के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने डोमिनगढ़ नाला पर चल रहे कार्य का औचक निरीक्षण किया। मौके पर जोनल अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी अखिलेष श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि नाले का तल्लीझाड़ सफाई कराया जाये। साथ ही नाले में जो कलवर्ट बने है उसका भी विशेष सफाई कराया जाये। नाला सफाई से निकले सिल्ट, कूड़े को तत्काल मौके से हटवाया जाय। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जेडएसओ, सफाई निरीक्षक एवं कार्यवाहक सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि सभी नालो के प्रथम चक्र का सफाई 15 मई तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये। यदि नाला सफाई कार्य में कहीं कोई शिकायत हो या किसी नाले का सफाई कार्य न हो पाया हो तो इसकी शिकायत नगर निगम स्थित कन्ट्रोल रूम न0 1533 एवं 8810709390 में दर्ज कराये, ताकि समय से उसका निस्तारण कराया जा सके।

### गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त की लाखों की संपत्ति कुर्क

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भवानीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत शिक्षा माफिया की 16 लाख 80 हजार की संपत्ति कुर्क कर ली है। डुमरियागंज थाने पर दर्ज गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमे के अभियुक्त श्यामजी वर्मा निवासी रमवापुर उर्फ नेबूआ थाना डुमरियागंज की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की की गई है। अभियुक्त द्वारा समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त रहते हुए गैंग के आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ के लिए महर्षि दयानन्द एजुकेशनल ग्रुप नाम से कोचिंग सेन्टर व फ्रेंचाइजी संचालित करते हुए पाया गया है। अनाधिकृत रूप से इंस्टीट्यूट खोलकर कूटरचित अभिलेखो के आधार पर कम्प्यूटर डिग्री तैयार कराने में केस दर्ज किया गया है।

### मजदूरी करने से मना करने पर पीटने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां में मजदूरी करने से मना करने पर दबंग ने युवक को पीट दिया। युवक के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी गोलू ने बताया कि मजदूरी करने से मना करने पर गांव निवासी शिव सागर ने उसे लाठी से पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर गांव वाले आ गए तो विपक्षी धमकी देता हुआ चला गया। मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भाजपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला : शमीम अहमद

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** देश प्रदेश में हो रहा गरीबों, मजलूमों, दलितों पर अत्याचार केवल बसपा की सरकार में बहन मायावती ही रोक सकती हैं। भाजपा सरकार में अपराधियों का बोल-बाला है।

कहा कि मंहगाई चरम पर है, जनता आशा भारी निगाह से बसपा की तरफ देख रहीं है। उक्त बातें बसपा जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने बांसी विधानसभा जनसम्पर्क के दौरान कहीं। उन्होंने कहा की बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव में 2004 का इतिहास दोहरायेंगी। 2024 लोक सभा चुनाव में बसपा कार्यकर्ता पूरी ताकत से अपने-अपने बूथों पर तन, मन और धन से लगे हुए है। भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक, दलितों, पिछड़ों सर्व समाज के गरीबों पर दबंगों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है और सरकार बेबस होकर देख रही है। मंहगाई चरम पर है। गरीब-गरीब हो रहा है और अडानी व अम्बानी के हाथों देश को बेचा जा रहा है। सर्व धर्म व जाति के गरीबों की सुरक्षा केवल बसपा की सरकार में है। आने वाले दिन 2024 बसपा का है। बसपा को मजबूत करने के लिए बूथों पर कार्यकर्ता काम करें। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से चन्द्र बहाल गौतम, मोहम्मद कैफ, रामनरेश गौतम, रघुनाथ प्रसाद, सतीश चंद्र, रामायण, आनन्द, राम किशुन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन बढ़ाया

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी ग्रीष्मकाल पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09037/09038 सूरत-भागलपुर-पालधी ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सूरत से 27 अप्रैल को तथा भागलपुर से 29 अप्रैल को एक फेरे के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान के 17 एवं एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे। इस गाड़ी में लगायें जा रहे शयनयान श्रेणी के कोच को अनारक्षित (सामान्य श्रेणी) कोच के रूप में उपयोग किया जायेगा।

इसके अलावा 09039/09040 उधना-जयनगर-उज्जैन ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन उधना से 27 अप्रैल को तथा जयनगर से 29 अप्रैल को एक फेरे के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान के 20 एवं एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इस गाड़ी में लगायें जा रहे शयनयान श्रेणी के कोच को अनारक्षित कोच के रूप में उपयोग किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### रेलवे प्रशासन ने गाड़ियों का निरस्त किया संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित गाड़ियों का संचालन निरस्त किया जायेगा। गोरखपुर से 28 अप्रैल को चलने वाली 05142 गोरखपुर-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 29 अप्रैल को चलने वाली 05141 सीवान-नकहा जंगल अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 28 अप्रैल को चलने वाली 05040 गोरखपुर-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नरकटियागंज से 28 अप्रैल को चलने वाली 05039 नरकटियागंज-नकहा जंगल अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### विभिन्न मार्गों से चलाई जाएंगी विशेष गाड़ियां



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निन्नलिखित अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन निम्न मार्गों से इस प्रकार किया जा रहा है। 04052 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को (12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़- टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते चलाई जा रही हैं। 04038 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को (12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 20.15 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद- अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बेगूसराय-खगड़िया-सहरसा के रास्ते चलाई जा रही हैं। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये गये हैं।

# शैक्षणिक व अनुसंधान क्रियाकलाप बढ़ाने को हुआ करार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के बीच शनिवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान हुआ। एमओयू पर हस्ताक्षर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलसचिव प्रो. एनएस हरिनारायण मूर्थि ने किया।



शैक्षणिक व अनुसंधान क्रियाकलाप बढ़ाने को लेकर समझौते के दौरान मौजूद विश्वविद्यालयों के शिक्षक। अमृत विचार

इस एमओयू के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी आदि शामिल है। दोनों संस्थानों की तरफ से इन विषयों पर अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान के साथ ही वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने, कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, संस्थानों का लक्ष्य शैक्षिक साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेयी ने संस्थानों के बीच एमओयू का स्वागत किया और इसे फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और साझा उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रकाश मणि त्रिपाठी ने एमओयू का स्वागत करने के साथ अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

# धूप व गर्मी से स्कूली बच्चे परेशान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आसमान से आग बरस रही है। इसके साथ चलने वाली पछुआ हवा शरीर को झुलसा दे रही है। घर हो या फिर बाहर कहीं भी सुकून नहीं है। इस तपन से शरीर तमतमा जा रही है, स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक कड़ी धूप में उन्हें लाने और ले जाने में तपस्या कर रहे हैं। अभिभावक पीठ पर बच्चों का बैग और आगे बच्चे को लेकर उसे धूप से बचाने में अपनी शरीर झुलसा रहे हैं।

विद्यालयों के खुलने और बंद होने का टाइम तो बदल गया, लेकिन कड़ी दोपहरी में 12:30 स्कूल छूट रहा है, जो किसी आफत से कम नहीं है। शनिवार की पड़ताल में विद्यालयों की जो तस्वीर सामने आई, उसे देखने के बाद बस यही कह सकते हैं कि बच्चे और अभिभावक पढ़ाई के लिए कड़ी तपस्या कर रहे हैं। जिले में तापमान का कहर जारी है, पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। शनिवार दोपहर में पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। यो तो गर्मी से तो हर कोई बेहाल है, लेकिन स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक इसकी मार से अधिक परेशान हैं।



छाता लेकर स्कूल से बच्चे को लेने पहुंची महिला। अमृत विचार

> तापमान शुक्रवार दोपहर में 43.2 दर्ज किया गया। मौसम का पूर्वानुमान है कि अभी गर्मी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। अभी गर्मी और सताएगी। इसलिए बचाव बेहद जरूरी है। बहुत आवश्यक न हो तो बाहर न निकलें।
>
> -डॉ. अतुल कुमार सिंह, मौसम वैज्ञानिक, मौसम विज्ञान केंद्र



# 'झारखंड झुकेगा नहीं' कमल भी खिलने से रुकेगा नहीं

**कब कहां मतदान**

13 मई– सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी।
20 मई – हजारीबाग, कोडरमा, चतरा।
25 मई – रांची, जमशेदपुर, धनबाद, गिरीडीह।
01 जून– राजमहल, दुमका और गोड्डा।

### सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा 14 में 12 सीटें जीतने का पिछला इतिहास दोहरा सकती, लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो कई सीटें गंवा सकती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** झारखंड में प्राकृतिक संसाधन और खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, फिर भी इसे बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी ढांचे के विकास की कमी जैसे सवालों से जूझना पड़ता है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है, इस कारण यहां की कुल 14 लोकसभा सीटों में पांच एसटी वर्ग और एक सीट एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव यहां चार चरणों में हुआ था। इस बार भी राज्य में जमीनी जटिलताएं देखते हुए चार चरणों में 13 मई से पहली जून तक वोट डाले जाएंगे। पिछले एक दशक में भाजपा की लोकसभा चुनाव की सफलता छोड़ दें, तो यहां कोई भी राजनीतिक दल राजनीति में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाया है। 2019 के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 12 सीटें जीती थीं।

लेकिन 2019 में ही विधानसभा चुनाव कांग्रेस, आरजेडी और झामुमो गठबंधन जीत गया था। इस तथ्य के साथ ही हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना ने 2024 के लोकसभा चुनाव को और जटिल तथा अप्रत्याशित बना दिया है। राज्य में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में है। इक्का-दुक्का सीटों पर भाकपा, माकपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवार तीसरा कोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

**2019 का दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 11 | 76,23,987 |
| कांग्रेस | 01 | 23,38,466 |
| झामुमो | 01 | 17,22,635 |
| आजसू | 01 | 6,48,277 |

**2014 में किसे कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 12 | 52,07,439 |
| जेएमएम | 02 | 12,05,031 |
| कांग्रेस | 00 | 17,24,740 |
| आजसू | 00 | 4,81,667 |

**वोट शेयर – 2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 51% |
| कांग्रेस | 15.6% |
| झामुमो | 11.5% |
| आजसू | 4.3% |

**वोट शेयर – 2014**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40.1% |
| कांग्रेस | 13.5 % |
| झामुमो | 9.3% |
| आजसू | 3.7% |

**12** सीटें पिछली बार राज्य में एनडीए ने जीती थीं



### कल्पना सोरेन चुनाव जीतकर संभालेंगी राज्य की कमान?

- झारखंड में होने वाले गांडेय विधान सभा सीट के उप चुनाव में झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने गांडेय सीट के उपचुनाव में प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में गांडेय विधानसभा के चुनाव में झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद ने जीते थे। लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों में उन्होंने चार माह पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### भाजपा ने इस बार खेला है ओबीसी कार्ड

- इस बार भाजपा ने राज्य में ओबीसी वोटर को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश की है। माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने अगड़े वोटों पर अपनी स्वभाविक हिस्सेदारी मान कर पिछड़ों को लुभाने के प्रयास किया है। यही वजह है कि सामान्य सीटों पर भी ओबीसी प्रत्याशी को प्राथमिकता दी है।

### धनबाद में भी नए प्रत्याशियों में संघर्ष

- धनबाद लोकसभा सीट पर भी दोनों नए चेहरे टकराएंगे। यहां कांग्रेस की अनुपमा सिंह और भाजपा के ढुल्लू महतो के बीच संघर्ष है। इस सीट पर भाजपा ने अपने सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और मजदूर नेता राजेन्द्र सिंह की बहू और विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को उतारा है।



### अर्जुन मुंडा के सामने फिर कालीचरण

खूंटी लोकसभा सीट पर रोचक चुनावी जंग हो रही है। यहां भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में यह सीट 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीती थी। उनको एक बार फिर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के भाई कालीचरण मुंडा कांग्रेस से टक्कर देंगे।

### हजारीबाग और चतरा सीट पर नए चेहरों के बीच मुकाबला

- हजारीबाग सीट जिसका प्रतिनिधित्व कभी पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और बाद में उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने किया। इस बार भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा की जगह स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है। जयंत सिन्हा ने 2019 में कांग्रेस के गोपाल साहू को 4.79 लाख वोटों के अंतर से हराकर ये सीट जीती थी। यहां कांग्रेस ने जय प्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। इसी तरह चतरा सीट से भाजपा ने सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार बनाया है। वह पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

### चंपई सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे मोहंती

- जमशेदपुर में भाजपा ने विद्युत वरन महतो को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में चंपई सोरेन को तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। इस बार झामुमो ने यहां से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को मुकाबले में उतारा है। भाजपा ने लोहरदगा सीट से सांसद सुदर्शन भगत की जगह राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा के लिए उनका कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है।



## दुमका से आठ बार के सांसद शिबू सोरेन इस बार मैदान में नहीं

- लोकसभा चुनाव से दो माह पहले झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो नेता चंपई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। लोकसभा चुनाव का मोर्चा पार्टी के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाल रखा है। उनकी ही अगुवाई में 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन दलों की रैली हुई थी। हालांकि उनकी भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होकर दुमका सीट से चुनाव लड़ रही है। दुमका शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट रही है। वे आठ बार यहां से सांसद रहे हैं। इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सीता सोरेन का मुकाबला करने के लिए झामुमो ने अपने वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नलिन सोरेन को दुमका में उतारा है।
- झामुमो ने 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा देकर हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनावी अभियान छेड़ दिया है। झामुमो नेता सभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों की जमीनें हड़पी हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण की योजनाएं लेकर आए हैं। इसके साथ ही वह मोदी सरकार की उलब्धियां गिनाते हैं।
- फिलहाल राज्य में चुनावी अभियान अभी 13 मई को मतदान वाली सीटें छोड़कर बाकी जगह बहुत गति नहीं पकड़ पाया है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए हेमंत सोरेन बड़ा मुद्दा बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता को समझा पाने में सफल हो भी जाती है तो उसकी चुनावी संभावनाओं पर कोई बड़ा फर्क नहीं आने वाला है। पार्टी 14 में 12 सीटें जीतने का पुराना इतिहास दोहरा सकती है। लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो भाजपा कई सीटें गंवा भी सकती है।



### रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय कांग्रेस से देंगी टक्कर

- रांची सीट पर भाजपा ने एक बार फिर सांसद संजय सेठ पर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय को 2,82,780 मतों से हराया था। कांग्रेस ने इस बार रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को मैदान में उतारा है।

### भाजपा 13, कांग्रेस सात और झामुमो लड़ रहा है पांच सीटों पर चुनाव

झारखंड में भाजपा 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के साथ हुई सीट शेयरिंग के अनुसार 14 में 13 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी, जबकि आजसू एक ही सीट पर प्रत्याशी उतारेगी। उधर, झामुमो –कांग्रेस–आरजेडी और माले गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे के मुताबिक 14 सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक–एक सीट पर माले तथा आरजेडी के उम्मीदवार उतरेंगे।

# एमपी में गर्मी से हुई कम वोटिंग निकालेगी किसकी गर्मी !

**वोटर की उदासीनता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी पहले चरण की तरह मतदाताओं ने कम उत्साह दिखाया। पहले चरण में 7.48 प्रतिशत कम वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद में 58.35% वोट पड़े जो 2019 की तुलना में 9.33% कम रहे। इस नौ प्रतिशत से कम वोटिंग में 11 प्रतिशत महिलाएं वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचीं।

महिलाओं के बूथ पर कम संख्या में पहुंचने का यह आंकड़ा भाजपा के लिए परेशान करने वाला है। विधानसभा चुनावों में महिलाओं के बढ़-चढ़कर मतदान करने से भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में जिन सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है, वहां भाजपा जीत का अंतर घटने का अनुमान लगा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रही है।



अगले चरण में शिवराज, ज्योतिरादित्य व दिग्विजय की किस्मत का फैसला।

**40** डिग्री से ऊपर पारा को निर्वाचन आयोग मान रहा लोगों के घर से बाहर नहीं आने की बड़ी वजह

**9%** कम मतदान में 11 प्रतिशत महिलाओं के वोट डालने के लिए नहीं पहुंचने के कारण भाजपा की बढ़ी परेशानी

एमपी में कम वोटिंग का कारण जहां राजनीतिक दल मतदाताओं की उदासीनता बता रहे हैं, वहीं निर्वाचन आयोग गर्मी के कारण मतदान कम होने की बात कह रहा है। विशेषज्ञ मतदान कम होने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना कि राजनीतिक दलों की चुनावी मशीनरी वोटरों को घर से निकाल नहीं सकी जिससे मतदाता की उदासीनता नहीं टूटी।

निर्वाचन आयोग की मतदान गर्मी होने की बात बेवजह भी नहीं है। 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान सबसे ज्यादा तापमान रीवा में 42.2 डिग्री था। यहां सबसे कम वोटिंग हुई। रीवा में 48.67 फीसदी मत पड़े। हालांकि सतना में भी पारा 42.2 डिग्री था। लेकिन यहां 61.87 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसका कारण यहां कांटे का त्रिकोणीय संघर्ष माना गया। खजुराहो में 42 डिग्री तापमान के बीच 56.44% वोट पड़े। यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी का पर्चा रद होने से विपक्ष के मतदाताओं की उदासीनता कम मतदान की वजह हो सकती है। दमोह में 41.2 डिग्री गर्मी में 56.18 मतदाता बूथ पर पहुंचे। टीकमगढ़ में 39 डिग्री पारा रहा। यहां 59.79 वोटिंग हुई, जबकि होशंगाबाद में 40.1 तापमान के बीच 67.16 मतदान हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में एमपी में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत मतदान होशंगाबाद और सबसे कम 49.44 प्रतिशत रीवा सीट पर हुआ।

### खजुराहो और रीवा में सबसे कम मतदान

- पिछले चुनाव से इस बार खजुराहो में सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट आई। 2019 के मुकाबले इस बार 11.87 फीसदी कम वोटिंग हुई। रीवा में 11.74 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इसके बाद दमोह में पिछली बार की अपेक्षा करीब 10 फीसदी कम मतदान हुआ।

### कांग्रेस ने उत्साह नहीं दिखाया, भाजपा ने विपक्ष की शून्यता का लाभ उठाया

मध्य प्रदेश में पहले चरण में कांग्रेस ने कोई उत्साह नहीं दिखाया, दूसरे चरण में भाजपा ने भी रुचि कम दिखाई। इससे मतदान में जोश नहीं आया। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार से सवाल जवाब कर सके। जब ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा ने विपक्ष की शून्यता जैसी स्थिति में चुनाव लड़ा।

### तीसरे चरण में ज्योतिरादित्य दिग्विजय के साथ शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

अब भाजपा सामने चुनौती है तीसरा चरण, जिसमें ग्वालियर चंबल के साथ मध्य की नौ सीटों पर मतदान होना है। गुना, मुरैना, भिंड और ग्वालियर सीटों के विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और सागर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। ये सभी प्रमुख सीटें हैं और कई हाईप्रोफाइल हैं। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है तो राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह हैं। भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मुकाबले दिलचस्प तो विदिशा में चार बार के मुख्यमंत्री रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।



**हम भी मैदान में** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभालकर किया रोड शो।

## चुनाव लोकसभा का, बिसात विधान सभा की बिछी

**चंडीगढ़।** कहा जाता है कि राजनीति में आज का दुश्मन कल दोस्त और आज का दोस्त कल दुश्मन हो सकता है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी और जजपा मिलकर हरियाणा की सरकार चला रही हैं। लेकिन अब जजपा के बोल बदल गए हैं। जजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और राज्य में अपना अस्तित्व बचाने में जुटी है। यही वजह है कि उसके नेता बीजेपी को लेकर काफी हमलावर है। बीजेपी के खिलाफ मौन रहने वाले जजपा के नेता अब उसे जमकर कोस रहे हैं और विरोध भी कर रहे हैं। जजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है और बाकी पांच उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी करेगी। ऐसे में जजपा अब खुद को बीजेपी से पूरी तरह अलग कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जजपा का असली लक्ष्य इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जजपा अभी से ही उसके लिए माहौल बना रही है।





**हम नहीं कम** सीपीएम की नेता वृंदा करात ने कोलकता में रोड शो करके माकपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट। इस दौरान उन्होंने लाल झंडे के लिए मतदान का आह्वान किया।

# भाजपा– कांग्रेस की लड़ाई को बसपा बना रही त्रिकोणीय

**जांजगीर- चांपा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छत्तीसगढ़ की जांचगीर- चांपा लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने को बेकरार नजर आ रही है, जबकि इस संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों को जीतने वाली कांग्रेस हर हाल में इस सीट पर कब्जा करने को आतुर दिख रही है। प्रदेश की सत्ता में पूर्ण बहुमत से काबिज हुई भाजपा को इस क्षेत्र के मतदाताओं ने नकार दिया था इस वजह से भी कांग्रेस को लगता है कि मतदाता लोकसभा चुनाव में भी उसके साथ होंगे। हालांकि कांग्रेस नेताओं को बसपा से ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्हें लगता है कि बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगी इससे कांग्रेस को यह सीट आसानी से मिल जाएगी। बसपा ने इस इस पर जीत तो कभी दर्ज नहीं की लेकिन पार्टी एक लाख से ज्यादा वोट हर चुनाव में पाती है।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में जीत दर्ज की थी, जबकि 1991 के चुनाव में पार्टी हार गई थी। 1996 के चुनाव में भाजपा को फिर जीत मिली लेकिन 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने नकार दिया। 2004 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने अपनाया। 2009, 2014 और 2019 में भी भाजपा का कब्जा इस सीट पर हुआ लेकिन विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को आठ विधानसभा सीटों पर हराकर जोर का झटका दिया है। इससे पार्टी के रणनीतिकार परेशान हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं विधानसभा चुनाव की तरह ही मतदाता इस बार भी कांग्रेस के साथ न चले जाएं। इस बार भाजपा ने कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पर दांव लगाया है। बसपा के महावत के रूप में डॉ. रोहित डहरिया मैदान में हैं।



### 42 फीसद से अधिक हैं पिछड़ी जाति के मतदाता

- इस क्षेत्र में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात फीसद हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 11.6 प्रतिशत तो मुस्लिम एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0.18 प्रतिशत और जैन धर्म के मतदाताओं की संख्या 0.06 प्रतिशत हैं।

### बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रही कांग्रेस

- कांग्रेस ने इस सीट पर बेरोजगारी, महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि उन्हें मुफ्त में अनाज देकर न सिर्फ बेरोजगार बनाया जा रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों के साथ ही अनाज की बढ़ी कीमतों को भी कांग्रेस भुना रही है। जबकि भाजपा लगातार मोदी की गारंटी के बारे में बताकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से वोट मांग रही है।



# कांग्रेस के सामने भाजपा के किले को भेदने की चुनौती

## विधानसभा उप चुनावः लखनऊ पूर्वी — दोनों ही नए चेहरे होने से हो सकता है कड़ा मुकाबला

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा लखनऊ पूर्व सीट पर करीब तीन दशक से भगवा परचम लहरा रहा है। तमाम प्रयास के बाद भी विरोधी दल भाजपा की इस सीट को फतह करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में इस बार भी उपचुनाव में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए जीत दर्ज कर पाना बेहद कठिन चुनौती होगी। फिलहाल भाजपा ने ओपी श्रीवास्तव और कांग्रेस ने मुकेश चौहान जैसे नए चेहरों पर विधानसभा उप चुनाव में दांव लगाया है। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी पहली बार किसी बड़े चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। विधान सभा लखनऊ पूर्व में भाजपा ने 1991 से जीत का सिलसिला जारी रखा है और 2022 चुनाव में 59.40 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। 32.7 प्रतिशत वोट हासिल कर सपा दूसरे नंबर पर रही थी। इससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी को 24.71 प्रतिशत वोट मिले थे। बीते आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए सपा और कांग्रेस को बड़ा उलटफेर करना होगा।


लखनऊ पूर्वी सीट पर बीजेपी के भगवती शुक्ला ने साल 1991 में पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद से बीजेपी यहां से कभी नहीं हारी। साल 2014 के विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के आशुतोष टंडन ने सपा प्रत्याशी जूही सिंह को 26,495 वोटों से हराया था। साल 2017 के चुनाव में भी आशुतोष टंडन ने सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 79,230 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। साल 2022 में फिर सपा प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 68,731 वोटों से हराया। आशुतोष टंडन के निधन के बाद होने वाले उपचुनाव में बीजेपी ने ओपी श्रीवास्तव, जबकि कांग्रेस ने इस्माईलगंज प्रथम से दो बार के पार्षद मुकेश सिंह चौहान को टिकट दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी लगातार सपा का समर्थन हासिल होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन सपा की तरफ से अब तक तस्वीर साफ नहीं की गई है। नामांकन के दौरान भी सपा और गठबंधन के अन्य दलों के कोई नेता दिखाई नहीं दिए।

- लखनऊ की इस विधान सभा सीट को विरोधी दल 1991 से जीतने में रहे हैं असफल


ओपी श्रीवास्तव


मुकेश चौहान

### विधान सभा चुनाव 2022 में किसको मिले कितने वोट




### पिछले चुनाव में कांग्रेस को मिले थे 1.74 प्रतिशत वोट

लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के लिए बीजेपी से लड़ना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज तिवारी को महज 1.74 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 59.40 प्रतिशत वोट मिला था। ऐसे में कांग्रेस को सपा और अन्य दल का कितना समर्थन मिलता है। यह जीत और हार तय करेगी। ऐसा होने के बाद गठबंधन और बीजेपी के बीच टक्कर संभव है। क्योंकि दोनो की प्रत्याशी नए चेहरे है और जनता किसे चुनती है यह तो 20 मई की वोटिंग तय करेगी।

### 2012 में केवल पूर्वी सीट पर ही जीत हासिल की थी

परिसीमन के बाद 2012 के चुनाव में महोना सीट को खत्म करके बीकेटी व लखनऊ उत्तर नई सीट बनी थी। जिसके चलते लखनऊ पूर्व विधान सभा के क्षेत्र का भी परिवर्तन हुआ था। सपा में अखिलेश यादव की सक्रिय राजनीति की शुरुआत का यह पहला चुनाव था। ऐसे में प्रदेश में सपा का जोर तो था, लेकिन अटल का गढ़ रहे लखनऊ में भाजपा का दबदबा बना रहने के कयास लग रहे थे। वर्ष 2007 में आठ में से शहर की चार सीटों पर जीती भाजपा के लिए कहा जा रहा था कि 2012 में भी पार्टी को बहुत नुकसान नहीं होगा, लेकिन हुआ उल्टा। 2012 में नौ में से सात सीटों पर सपा ने जीत दर्ज कराई। सिर्फ लखनऊ पूर्व सीट पर भाजपा से वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र और कैंट से कांग्रेस से रीता बहुगुणा जोशी ने जीत दर्ज कराई। वहीं, लखनऊ पश्चिम, मध्य की परंपरागत सीट भी भाजपा ने खो दी।

# काव्य गोष्ठी के बहाने स्मृति को किया प्रस्तुत

अमेठी/गौरीगंज

**अमृत विचारः** शनिवार की देर शाम नगरपालिका के माधवपुर वार्ड में काव्य गोष्ठी के बहाने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की चुनावी सभा कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में भाजपा ज्वाइन करने वाले विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई मुकेश प्रताप सिंह और विधायक के समर्थकों ने किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह कार्यक्रम में पूरे समय मौजूद रहे और अपने समर्थकों के साथ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक जुट होकर मतदान का संदेश दिया।

भाजपा कार्यालय की ओर से शनिवार को माधवपुर में शाम सात बजे से काव्य गोष्ठी में स्मृति ईरानी के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर काव्य गोष्ठी जैसा कुछ भी नहीं दिखा।कवि दूर दूर तक नहीं नजर आए। कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह के समर्थक प्रधान,बीडीसी और नगर के अन्य नागरिक मौजूद रहे। राकेश प्रताप सिंह ने एक एक करके सबसे स्मृति ईरानी का स्वागत कराकर अपने जनाधार की ताकत दिखाई।

स्मृति ईरानी कार्यक्रम में लगभग 8.15 बजे पहुंची। उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक जंगबहादुर सिंह , अमरनाथ पासी,नवनीत मिश्र, जगदेव मौर्य, केशव सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी परिवार पर बोला हमला

स्मृति ईरानी ने यहां भी कांग्रेस और गांधी परिवार को निशाने पर लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए कमल का बटन दबाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की ।कवि बुद्ध सेन शर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को प्रगति शील किसान रणांजय सिंह,मो सुल्तान सिद्दीकी, राकेश मटियारी आदि ने संबोधित किया।

# नेहरू और इंदिरा की बराबरी कर सकते हैं मोदी

- लगातार तीसरी बार एक ही सीट से जीत का बना सकते हैं रिकॉर्ड
- सबकी नजर एक बार फिर वाराणसी लोक सभा सीट पर
- 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 4,79,505 मतों के अंतर से जीता था चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ



**अमृत विचारः** दुनिया के सभी छोटे-बड़े देशों की नजर एक बार फिर भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास दोहराने के लिए वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में दावेदार हैं इस बार पीएम मोदी के निशाने पर तीन रिकॉर्ड हैं। पहला रिकॉर्ड है वाराणसी सीट से जीत की हैट्रिक। इससे पहले दो सांसद ही यहां से जीत की हैट्रिक लगा सके हैं। इसके अलावा मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह यूपी के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। बतौर प्रधानमंत्री नेहरू फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकॉर्ड बनाया था।

वाराणसी शहर को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, 'दीपों का शहर, भगवान शिव की नगरी, 'ज्ञान नगरी' जैसे कई नामों से संबोधित किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की धरती कहे जाने वाले वाराणसी संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें रोहनियां, वाराणसी नॉर्थ, वाराणसी साउथ, वाराणसी कैंट और सेवापुरी सीट शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर बीजेपी गठबंधन को जीत मिली थी, 4 सीट बीजेपी के खाते में गई थी तो एक सीट अपना दल (एस) के पास गई थी। वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी के चुनाव लड़ने की वजह से देश की टॉप सीट है।

2019 के संसदीय चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से नरेंद्र मोदी बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, मोदी के सामने समाजवादी पार्टी की ओर से शालिनी यादव मैदान में थीं तो कांग्रेस ने अजय राय को मैदान में उतारा। चुनाव एकतरफा रहा था और पीएम मोदी ने 479,505 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी को चुनाव में 674,664 वोट मिले थे जबकि शालिनी यादव को 195,159 वोट आए तो वहीं अजय राय को 152,548 वोट मिले। वाराणसी सीट पर कुल 1,060,829 वोट पड़े थे।

इससे पहले 2014 के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने यहीं से चुनाव लड़ा था। वाराणसी सीट पर इस चुनाव में मोदी को 581, 022 वोट मिले थे जबकि उनके सामने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल मैदान में थे, केजरीवाल को 209,238 वोट मिले थे, मोदी ने यह चुनाव 371,784 मतों के अंतर से जीत लिया और इस जीत के बाद देश के प्रधानमंत्री भी बने। 2009 के चुनाव में बीजेपी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को जीत मिली थी। उन्होंने बसपा के उम्मीदवार और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को कड़े मुकाबले में 17,211 मतों से हराया था। चुनाव में अजय राय सपा के टिकट पर मैदान में थे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

### जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी

1971 के चुनाव के बाद और अगले चुनाव से पहले देश ने आपातकाल का दौर देखा। आपातकाल खत्म हुआ तो 1977 में फिर से चुनाव हुए। जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी। वाराणसी सीट भी पार्टी ने गंवा दी। यहां कांग्रेस के राजा राम को भारतीय लोक दल के चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से करारी हार झेलनी पड़ी। 1980 के लोकसभा चुनाव एक बार फिर कांग्रेस ने वाराणसी सीट पर वापसी की। यहां कांग्रेस की तरफ से उतरे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने पार्टी को जीत दिलाई। उन्होंने जनता पार्टी (सेक्युलर) के प्रत्याशी राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की।

### मुख्तार अंसारी ने भी लड़ा था चुनाव

28 मार्च को बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके सियासत की भी चर्चा इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में है. पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी ने भी 2009 लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर वाराणसी से चुनाव लड़ा था। 2009 चुनावी परिणाम में मुरली मनोहर जोशी ने 17211 वोट से मुख्तार अंसारी को हराकर जीत हासिल की थी। ऐसे में कहा जाता है की इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए बीजेपी को काफी जोर लगाना पड़ा था।

### सपा-बसपा का नहीं खुला खाता

- बनारस शहर संस्कृतियों के संगम के लिए जाना जाता है। देशभर की संस्कृतियां काशी में रच-बसी हैं। अलग सोच और अलग अंदाज में जीने वाले बनारसियों ने सबसे ज्यादा लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा कांग्रेस और भाजपा का साथ दिया है। यहां से सात-सात बार भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। बनारस यूपी की उन लोकसभा सीटों में एक है, जहां सपा या बसपा ने कभी जीत हासिल नहीं की।


### ये भी हैं मैदान में


2024 में वाराणसी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एक बार फिर नरेंद्र मोदी के सामने चुनावी मैदान में है तो वहीं बसपा की और से सैयद नियाज अली अपना जोर अजमा रहे हैं। यहां मतदान सातवें चरण में होगा।


अजय राय


सैयद नियाज अली

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| नरेंद्र मोदी | 6,74,664 |
| शालिनी यादव | 1,95,159 |
| अजय राय | 1,52,548 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 |
| एएपी | अरविंद केजरीवाल | 209,238 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 |
| बसपा | विजय प्रकाश जयसवाल | 60,579 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रघुनाथ सिंह/त्रिभुवन नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957व 62 | रघुनाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सत्य नारायण सिंह | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |
| 1971 | राजाराम शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | चन्द्रशेखर | जनता पार्टी |
| 1980 | कमलापति त्रिपाठी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | श्यामलाल यादव | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | अनिल शास्त्री | जनता दल |
| 1991 | श्रीश चंद्र दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व 99 | शंकर प्रसाद जयसवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेश कुमार मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |


**2014 नोटा** 2,051 | **2019 नोटा** 4,037

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | मुरली मनोहर जोशी | 203,122 |
| बसपा | मुख्तार अंसारी | 185,911 |
| सपा | अजय राय | 123,874 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 66,386 |

**2024**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 19,62,948 |
| पुरुष | - | 10,65,485 |
| महिला | - | 8,97,328 |
| अन्य | - | 174 |




### अपनी ढपली अपना राग


पहले की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थीं। अब देश में कोई भी पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान भी सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं। -योगी आदित्यनाथ


राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब वोट मांगने के लिए राम मंदिर का दौरा कर रहे हैं, जो भगवान को धोखा देने के अलावा व कुछ नहीं है। -स्मृति ईरानी


जो-जो काम समाजवादी पार्टी ने शुरू किए थे, उन सभी कामों को भाजपा ने बंद करा दिया। आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। -अखिलेश यादव


सरकार ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देकर जो सम्मान दिया है, उसके बाद अब किसानों की बारी है। ऐसा वोट डालिए कि लखनऊ व दिल्ली में सबको पता चल जाए। -चारू चौधरी

# चार बार के चैंपियन के सामने प्रशिक्षु राजनीतिक खिलाड़ी का दांव

## चुनावी अखाड़े में दोनों खिलाड़ियों पर मतदाताओं की नजर

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** गोंडा जिले के राजनीतिक पितामह कहे जाने वाले कुंवर आनंद सिंह का बेटा भी अब धोबी पछाड़ में चैंपियन बन चुका है। राजनीतिक दांवपेंच की बारीकी परख रखने वाले पिता की बराबरी कर चुके भाजपा के दिग्गज खिलाड़ी कीर्तिवर्धन सिंह चार बार के चैंपियन रह चुके हैं और पांचवीं बार मैदान मारने को लेकर चुनावी दंगल के हर दांव की परख रखते हैं। उनके सामने विरासत की राजनीति की निकली कोपल को दिग्गज खिलाड़ी का सामना करना पड़ा रहा है। इस प्रशिक्षु खिलाड़ी के पास कितने कारगर दांव हैं और अभी कितना सीखना है यह लड़ने वाले दिन पता चलेगा। लेकिन पीछे से शाबाशी देने वाले उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

जी हां हम बात कर रहे हैं 59-लोकसभा क्षेत्र गोंडा की। देश की 73 साल की राजनीति में गोंडा सीट पर 40 साल तक सिर्फ एक ही परिवार का बर्चस्व रहा है। मनकापुर कोट की खोक से जन्मी राजनीति को सीखने, जीने व उसी में सम्मिलित होने की कला राज परिवार में है। 1971 में जब कुंवर आनंद सिंह के राजमहल पर आकर इंदिरा गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए आनंद सिंह की पीठ थपथपाई थी। तो आनंद सिंह ने भी इंदिरा गांधी की बात का मान रखा और गोंडा लोकसभा सीट जीत कर उनकी झोली में डाल दिया।

राष्ट्रीय आपात के कारण यह सीट 1977 में उनके हाथ से खिसक गई, लेकिन जिस राजनीति का जन्म किसी राजघराने से होता था उसी दांव को चलकर आनंद सिंह ने 1980 में दोबारा वह सीट जीत ली। इतना ही नहीं वह लगातार तीन कार्यकाल तक सांसद रहे और उनकी दखल राष्ट्रीय राजनीति में होने लगी। इसका असर यह रहा कि विधानसभा चुनावों में जिन पर उनका बरदहस्त होता था वह सीट जीत जाता था। 1989 में उन्हें राजनीतिक पितामह की संज्ञा दी जाने लगी। उसी राजनीति की कोख से उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह का उदय हुआ। अपने पिता की राह पर चलते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने दो बार सपा तो दो बार भाजपा से चुनावी जंग जीत चुके हैं। सपा में रहकर भाजपा को हराया और भाजपा में रहकर सपा को मात दी। ऐसे में शह मात दोनों के पैंतरे उनके पास हैं और इन्हीं पैंतरों तथा पिता से सीखी पैंतरे को साथ लेकर वह पांचवीं बार चुनावी अखाड़े में हैं। उनके सामने राजनीति के पितामह बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा जिसने राजनीति में अभी अभी कदम रखा है और बिना प्रशिक्षण लिए ही चार बार के पहलवान के सामने लड़ने को भेज दिया गया है। राजनीतिक घराने से होने के नाते थोड़ी बहुत राजनीति की जानकार को स्वयं अखाड़े में मुकाबला करना है। घर वाले व चाहने वाले अखाड़े के बाहर रखकर शाबाश कहकर उत्साह तो अवश्य बढ़ा सकते हैं लेकिन लड़ाई तो खिलाड़ी को ही लड़नी होगी। इसके पहले श्रेया वर्मा न तो विधायक रहीं और न सांसद। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं वह भी देश के सबसे बड़े सीट के लिए।



### सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा ने रामजस कालेज से किया है ग्रेजुएट

सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के खांटी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से की है। इसके बाद अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा जब कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री थे उनके साथ रहकर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से अर्थशास्त्र से बीए आनर्स किया। युवा महिला नेता होने के साथ वह अपने पिता राकेश वर्मा के 2022 के चुनाव में कमान संभाल चुकी हैं।

### कीर्तिवर्धन सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से की है एमएससी

कीर्तिवर्धन सिंह भी उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी व एमएससी की परीक्षा पास की है। वह चार बार सांसद रह चुके हैं। 1998 व 2004 में सपा से सांसद रह चुके हैं। 2014 व 2019 में भाजपा से भी वह दो बार सांसद रह चुके हैं। वह 2014 में अनुमान समिति, बाद में विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन संबंधी स्थाई समिति के सदस्य रहे हैं। रक्षा मंत्रालय सलाहकार समिति का सदस्य भी उन्हें बनाया गया था।

### सपा और भाजपा के उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

पांचवें चरण में होने वाले गोंडा लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन भाजपा उम्मीदवार ने दो तथा सपा उम्मीदवार ने चार सेटों में परचे भी खरीद लिए हैं। नामांकन व जांच के बाद दोनों अधिकृति प्रत्याशी घोषित होते ही टकराव के लिए मैदान में दिखेंगे।

# चुनावी चक्कर

- **सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो :**

वाराणसी में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाताओं को जागरूक करने, स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने के लिए नमामि गंगे काशी क्षेत्र के वेदपाठी बटुकों ने लोगों को जागरूक किया। वे हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। सदस्यों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'। 'हम सबने यह ठाना है, शत-प्रतिशत मतदान कराना है'। 'सब मिलकर मतदान करेंगे स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करेंगे'। 'लोकतंत्र का यह आधार , वोट कोई न हो बेकार' आदि स्लोगन और नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक ने कहा कि हमारे पास मतदान के रूप में सुअवसर है। भारत में समृद्धिशाली, आत्मनिर्भर व राष्ट्र को समर्पित सरकार बनाने का, आइए हम एक ऐसी सरकार का चयन करें जो राष्ट्रीय सुरक्षा को बल देने वाली हो। जो बिजली-सड़क-पानी की अच्छी व्यवस्था देने वाली हो। जिस पर माताओं बहनों को विश्वास हो सके। जो किसानों की चिंता कर सके , गरीबों की सुध ले सके। कहा कि हमें ऐसी सरकार चुननी है जो हमारी राष्ट्रीय, सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत का सम्मान करने व उसे आगे बढ़ाने वाली हो एवं जिसका नेतृत्व सक्षम, कर्मठ एवं इमानदार हो। मतदान करना सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। सभी को लोकतंत्र के इस पर्व का भागीदार बनना चाहिए। कितना भी जरूरी समय क्यों न हो . मतदान के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान काशी क्षेत्र के संयोजक, महर्षि योगी विद्यालय के वेदपाठी बटुक व क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

# मैकगुर्क की पारी ने दिल्ली को दिलाई जीत

## मुंबई इंडियंस को 10 रनों से हराया, जैक ने खेली 84 रनों की पारी, अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 15 गेंद में बनाया अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े । जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवें स्थान पर है।

दिल्ली को ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें ल्यूक वुड को 18वें ओवर में जड़े पांच चौके और एक छक्का शामिल था ।





बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ पंत से बात करते मैकगुर्क। मुंबई को 10 रनों से हराने के बाद जीत की खुशी मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

मुंबई की शुरूआत दिल्ली की तरह आक्रामक नहीं रही। ईशान किशन ने दूसरे ओवर में खलील अहमद को तीन चौके जड़कर हाथ खोलने शुरू किये थे लेकिन चौथे ओवर में ही मुंबई को रोहित शर्मा के विकेट के रूप में करारा झटका लगा । आठ गेंद में आठ रन बनाकर रोहित को खलील ने शाई होप के हाथों लपकवाया । अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाये लेकिन ईशान (14 गेंद में 20 रन) इसी ओवर में अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। खलील के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ने वाले सूर्य अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 13 गेंद में 26 रन बनाकर लिजाड विलियम्स को कैच देकर लौटे।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जरूर कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन जब टीम को उनसे कप्तानी पारी की जरूरत थी, वह क्रीज पर जमने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम ने 13वें ओवर में मुंबई को दोहरे झटके देकर उसकी उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया। पहले हार्दिक (24 गेंद में 46 रन, चार चौके , तीन छक्के) ने प्वाइंट पर मुकेश को कैच दिया और फिर निहाल वढेरा ने विकेट के पीछे पंत को कैच थमाया। इस समय मुंबई को 43 गेंद में 118 रन की जरूरत थी और उसके पांच विकेट की बाकी थे। तिलक वर्मा ने अकेले किला लड़ाते हुए 32 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में रन आउट हुए। दिल्ली के लिये रसिख ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश को भी तीन और खलील को दो विकेट मिले ।

**114** रन दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल ने पहले विकेट के लिए बनाए महज 44 गेंद में।

**दिल्ली 257/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0/5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 6 | 0/1 |

गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

**मुंबई 247/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का होप बो खलील | 8 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 4 | 2 | 1/0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| मोहम्मद नबी का होप बो सलाम | 7 | 4 | 0/1 |
| पीयूष चावला का होप बो मुकेश | 10 | 4 | 1/1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 9 | 3 | 0/1 |

गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद — शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 09 | 385 |
| केएल राहुल (लखनऊ) | 09 | 378 |

## खेल डायरी

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी। वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं।

### शीर्ष एथलीटों से कम नहीं भारतीय एथलीट

बेंगलुरु। भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का विश्वास बढ़ा है और वे खुद को शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर माहेश्वरी

नई दिल्ली। भारत की माहेश्वरी चौहान दोहा में शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता में शनिवार को 25 के दो शानदार दौर के बाद शीर्ष पर है। शीर्ष छह निशानेबाज रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। अभी एक और दौर का क्वालीफिकेशन बाकी है। इस आयोजन से भारतीय निशानेबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का दो कोटा हासिल करने का मौका है।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते आर्यन और जितेश

अस्ताना (कजाकिस्तान)। आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीतकर पहले दिन भारत को जीत से शुरुआत कराई। आर्यन ने दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू को और जितेश ने चीनी ताइपे के चेन यू चेन को 5-0 के समान अंतर से हराया। अन्य मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63 .5 किग्रा) बाद में रिंग में उतरेंगे। जदुमणि सिंह एम (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63 .5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में अपना अभियान शुरू करेंगे। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। प्रीति ने पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की कर ली है।

### आदर्श और मानसी बने ट्रायथलॉन चैंपियन

नई दिल्ली। भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन में क्रमश: पुरुष और महिला चैंपियन बने। कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे।

### भारतीय स्पिनर नहीं करा रहे स्पिन : मुरलीधरन

चेन्नई। श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं। टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है। मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई, एजेंसी

एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।



इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

# यानिक सिनर और इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन प्री-क्वार्टर में पहुंचे



मैड्रिड। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और इगा स्वियातेक शनिवार को अपने-अपने मैच जीतकर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस के अगले दौर में पहुंचे। महिला एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक ने सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर आसानी से अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पोलैंड की यह खिलाड़ी सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने स्लोआने स्टीफंस को 6-1, 6-3 से हराकर अमेरिका की खिलाड़ी की सात मैचों के अजेय क्रम को रोक दिया। पुरुष वर्ग में सिनर ने इटली के हमवतन लोरेंजो सोनेगो को 6-0, 6-3 ये हराया। लोरेंजो के खिलाफ सिनर की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो ने दूसरे दौर में सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। इस मुकाबले से पहले क्ले कोर्ट पर पिछले 11 में से 10 मैच जीतने वाले सितसिपास रैंकिंग में 118वें स्थान पर काबिज मोंटेइरो की चुनौती पार नहीं पा सके।

# लखनऊ पर राजस्थान की रॉयल जीत

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में राजस्थान रायल्स के खिलाफ सुस्त क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हार के साथ चुकाना पड़ा जब संजू सैमसन (71 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (52) के बीच शतकीय भागीदारी की बदौलत राजस्थान ने नवाबों को उनके घर में पीट कर प्लेआफ के लिये अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर राजस्थान रायल्स (आरआर) ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये नौ मुकाबलों में उसकी यह आठवीं जीत थी जबकि लखनऊ को उसने दूसरी बार पटखनी दी है वहीं इस हार के साथ लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदों को हल्का झटका लगा है। कप्तान केएल राहुल (76) और दीपक हुड्डा (50) के बीच 115 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इस शतकीय भागीदारी पर सैमसन और जुरेल की शतकीय भागीदारी ने पानी फेरते हुये जीत का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते ही प्राप्त कर लिया। राजस्थान अच्छी शुरुआत के बाद लगातार दो विकेट गंवा कर कुछ देर के लिये संकट में दिखने लगी थी जब जॉस बटलर (34) और यशस्वी (24) के विकेट छठवें और सातवें ओवर के बीच लगातार दो गेंदो पर लखनऊ ने झटक लिये थे वहीं अनुभवी अमित मिश्रा ने इन फार्म बल्लेबाज रियान पराग (14) का विकेट लेकर लखनऊ को मुकाबले में बराबरी पर खड़ा कर दिया था। इसके बाद सैमसन ने जुरेल के साथ मिलकर बेखौफ अंदाज से लखनऊ के गेंदबाजों का सामना किया। इस बीच जुरेल को लखनऊ के क्षेत्ररक्षकों ने दो जीवनदान दिये जो उन्हे बहुत महंगे पड़े।



रियान पराग का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते अमित मिश्रा। ● एजेंसी



इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत निराशाजनक हुयी जब उनके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (8) और मार्कस स्टॉयनिस (0) पहले दो ओवर के खेल में ही सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। इस नाजुक मोड़ पर केएल राहुल को दीपक हुड्डा का साथ मिला और दोनो ने अगले दस ओवरों में 11 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बटोर कर टीम को सम्मानजनक स्थिति में खड़ा कर लिया। एलएसजी के लिये निकोलस पूरन (11) का बल्ला आज नहीं चला। वह संदीप शर्मा का दूसरा शिकार बने। केएल राहुल की शानदार पारी का अंत आवेश खान ने किया जब आफ स्टंप से बाहर फेकी गयी उनकी शार्ट पिच गेंद को मारने के प्रयास में राहुल डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े ट्रेंट बोल्ट को कैच थमा बैठे। आयुष बडोनी (18) और कृणाल पांड्या (15) रन बना कर नाबाद लौटे।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

**लखनऊ 196/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो बोल्ट | 8 | 3 | 2/0 |
| लोकेश राहुल का बोल्ट बो आवेश | 76 | 48 | 8/2 |
| मार्कस स्टोइनिस बो संदीप | 0 | 4 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का पोवेल बो अश्विन | 50 | 31 | 7/0 |
| निकोल्स पूरन का बोल्ट बो संदीप | 11 | 11 | 1/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 18 | 13 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 1/0 |

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-41-1, संदीप 4-0-31-2, आवेश 4-0-42-1, अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**राजस्थान 199/3** — 19 ओवर, अतिरिक्त : 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का बिश्नोई बो स्टोइनिस | 24 | 18 | 3/1 |
| जोस बटलर बो यश | 34 | 18 | 4/1 |
| संजू सैमसन नाबाद | 71 | 33 | 7/4 |
| रियान पराग का बडोनी बो मिश्रा | 14 | 11 | 0/1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 52 | 34 | 5/2 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-32-0, मोहसिन 4-0-52-0, यश 4-0-50-1, स्टोइनिस 1-0-3-1, कृणाल 4-0-24-0, मिश्रा 2-0-20-1, बिश्नोई 1-0-16-0

# हम्पी, हरिका और वैशाली करेंगी फिडे महिला ग्रां प्री में नेतृत्व

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली की तिकड़ी 2024-2025 फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। इसमें भाग लेने वाली सभी 14 खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग शर्तों को पूरा करने के बाद महिला ग्रां प्री में अपने स्थान अर्जित किये हैं। शेष छह खिलाड़ियों को प्रत्येक छह टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा नामांकित किया जाएगा।

इस आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में क्लासिकल टाइम फॉर्मेट की तीन महिला विश्व चैंपियन तान झांग्ये (2017-2018), एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक (2008-2010) और मारिया मुजिकचुक (2015-2016) के साथ पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन हम्पी, कैटरीना लैग्नो और अन्ना मुजिकुक भी शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन जू वेनजुन ग्रां प्री सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह महिला विश्व रैपिड और महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2018 उप विजेता सरसादत खदेमलशरीह को मिली है। वह अप्रैल 2024 फिडे रेटिंग सूची के अनुसार क्वालिफिकेशन हासिल करने की कतार में अगली खिलाड़ी थीं। अक्टूबर 2023 में, फिडे ने महिला ग्रां प्री नियमों में बदलाव की घोषणा की।



**बराबरी की टक्कर** — पिछला मैच जीतने के बाद गुजरात को मात देना चाहेगा बेंगलुरु, लगातार दो मैच में हार चुकी है चेन्नई

# आरसीबी के खिलाफ गुजरात की निगाह सुधार पर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट), उमेश यादव (7 विकेट), संदीप वारियर (5 विकेट) ने काफी रन लुटाए हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स ) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।



## सनराइजर्स से जीतने को बेताब है सीएसके

चेन्नई। लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिए सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

